वर्ष 14, अंक 143
गैरसैंण
रविवार
24 सितम्बर 2023
पृष्ठ 8

# जयन्त

निर्भीक-निष्पक्ष-जनसरोकार

खबर बड़ी होती है, अखबार नहीं
दैनिक जयन्त
www.dainikjayantnews.com

कोटद्वार एवं गैरसैंण से प्रकाशित डाक पंजीयन यू.ए./पी.ए.ओ.07-2020-23 फोन नं0 01382-222383, मो0 नं0 8445596074, 7060517714, 9412081969 e-mail : dainikjayant@rediffmail.com, nagendra.uniyal@gmail.com मूल्य-2 रुपये

# काशी में पीएम मोदी ने किया स्टेडियम का शिलान्यास

## वाराणसी में पीएम मोदी: रैली में लोकतंत्र के प्रखर पुरुष राजनारायण को किया प्रणाम

**वाराणसी, एजेंसी।** अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी के एक दिवसीय दौरे पर पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक बार फिर काशीवासियों से अपना नाता मजबूत किया। हर –हर महादेव के उद्घघोष और भोजपुरी में अपने भाषण की शुरुआत कर उन्होंने सभी का दिल छू लिया। गंजारी में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम के शिलान्यास समारोह में पीएम मोदी ने जनसभा के मंच से कहा कि हर विकास के लिए मेरी काशी अपना आशीर्वाद लिए मेरे साथ खड़ी रहती है। प्रधानमंत्री ने स्टेडियम के स्थान का जिक्र करते हुए कहा कि यह स्थान माता विंध्यवासिनी के धाम और काशी नगरी को जोड़ने का एक पड़ाव है। यहां से कुछ दूर पर भारतीय लोकतंत्र के प्रखर पुरुष और पूर्व केंद्रीय मंत्री राजनारायण का गांव मोतीकोट है। पीएम ने गंजारी की जनसभा के मंच से राजनारायण और उनकी जन्मभूमि को प्रणाम किया।

पीएम मोदी द्वारा लोकतंत्र के प्रखर पुरुष राजनारायण को याद करने के पीछे का सियासी मतलब निकाला जा रहा है। दरअसल, भारतीय राजनीति में जिद और जुनून की अनूठी मिसाल का नाम है राजनारायण। 31 दिसंबर 1986 को अंतिम सांस लेने वाले लोकबंधु राजनारायण में अक्खड़ बनारसी झलकता था। राजनारायण ने ही पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को उन्हीं के इलाके रायबरेली में चुनौती दी थी।

मामला कोर्ट में पहुंचा और इंदिरा गांधी की जीत को हाईकोर्ट ने रद्द करते हुए छह साल तक उनके चुनाव लड़ने पर भी पाबंदी लगा दी थी। इसी के बाद देश को इमरजेंसी झेलना पड़ा था। लोकबंधु राजनारायण को याद कर एक तरह से पीएम मोदी ने इशारों में कांग्रेस को इमरजेंसी की याद भी दिला दी।

राजनारायण को याद कर पीएम मोदी ने विपक्ष को भी संदेश देने की कोशिश की। एक तरफ जब कांग्रेस के नेतृत्व में विपक्षी दलों के गठबंधन इंडिया के नेताओं की ओर से लगातार मोदी सरकार पर संविधान और लोकतंत्र को लेकर हमले किए जा रहे हैं। पीएम मोदी का राजनारायण को अचानक वाराणसी आकर याद करना, उन हमलों का जवाब भी माना जा रहा है।

सफेद कुर्ता पायजामा और काले रंग की सदरी में गंजारी पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने काशी की परंपरा के अनुरूप हर हर महादेव... और नमः पार्वती पतये... के उदघोष के साथ अपने भाषण की शुरुआत की। इसके बाद उन्होंने भोजपुरी में कहा, आज फिर बनारस आवे क मौका मिलल हौ, जौन आनंद बनारस में मिलेला ओकर व्याख्या असंभव हौ...। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम के लिए कहा कि यह बस ईंट और कंक्रीट का मैदान नहीं, बल्कि भविष्य के भारत का भव्य प्रतीक बनेगा।

### वाराणसी स्टेडियम: भगवान शिव की प्रेरणा, अर्धचंद्राकार छत, त्रिशूल की तरह फ्लड लाइट्स

**वाराणसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी में लगभग 451 करोड़ रुपए की लागत वाले अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम का शिलान्यास किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के अलावा पूर्व क्रिकेटर सुनील गावस्कर, सचिन तेंदुलकर, कपिल देव, गुंडप्पा विश्वनाथ, बीसीसीआई अध्यक्ष रोजर बिन्नी, सचिव जय शाह और राजीव शुक्ला समेत भारतीय क्रिकेट की कई जानी मानी हस्तियां मौजूद रहीं। यह स्टेडियम प्रदेश का तीसरा अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम है, जबकि बीसीसीआई का यह पहला स्टेडियम है।

वाराणसी के गांजरी, राजातालाब में बनने वाला आधुनिक अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम लगभग 450 करोड़ रुपए की लागत से 30 एकड़ से अधिक क्षेत्र में विकसित किया जाएगा। इस स्टेडियम की विषयगत वास्तुकला की प्रेरणा भगवान शिव से ली गई है, जिसमें अर्धचंद्राकार छत के कवर, त्रिशूल के आकार की फ्लड–लाइट, घाट की सीढियों पर आधारित बैठने की व्यवस्था, बिलपत्र के आकार की धातु की चादरों के डिजाइन विकसित किए गए हैं। इस स्टेडियम की क्षमता 30 हजार दर्शकों की होगी।



# प्रधानमंत्री आज नौ वंदे भारत एक्सप्रेस को दिखाएंगे हरी झंडी

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रविवार को दोपहर 12:30 बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से नौ वंदे भारत ट्रेनों को हरी झंडी दिखाएंगे। ये नई वंदे भारत ट्रेनें देश में कनेक्टिविटी में सुधार करने और रेल यात्रियों को विश्वस्तरीय सुविधाएं प्रदान करने के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विजन को साकार करने की दिशा में एक कदम हैं।

ये नौ ट्रेनें 11 राज्यों राजस्थान, तमिलनाडु, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, बिहार, पश्चिम बंगाल, केरल, ओडिशा, झारखंड और गुजरात में कनेक्टिविटी को बढ़ावा देंगी। ये वंदे भारत ट्रेनें अपने संचालन के रूटों पर सबसे तेज गति से दौड़ेंगी और यात्रियों के समय में काफी बचत करेंगी। रूट पर मौजूदा सबसे तेज ट्रेन की तुलना में राउरकेला-भुवनेश्वर-पुरी वंदे भारत एक्सप्रेस और कासरगोड-तिरुवनंतपुरम वंदे भारत एक्सप्रेस लगभग तीन घंटे जल्दी सफर तय करेंगी, हैदराबाद-बेंगलुरु वंदे भारत एक्सप्रेस 2.5 घंटे से अधिक समय की बचत करेगी, तिरुनेलवेली-मदुरै-चेन्नई वंदे भारत एक्सप्रेस 2 घंटे से अधिक समय की बचत करेगी, रांची-हावड़ा वंदे भारत एक्सप्रेस, पटना-हावड़ा वंदे भारत एक्सप्रेस और जामनगर-अहमदाबाद वंदे भारत एक्सप्रेस लगभग एक घंटे के समय की बचत करेंगी तथा उदयपुर-जयपुर वंदे भारत एक्सप्रेस लगभग आंधे घंटे जल्दी सफर तय करेंगी।

देश के महत्वपूर्ण धार्मिक स्थलों की कनेक्टिविटी में सुधार करने के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विजन के अनुरूप, राउरकेला-भुवनेश्वर-पुरी वंदे भारत एक्सप्रेस और तिरुनेलवेली-मदुरै-चेन्नई वंदे भारत एक्सप्रेस पुरी एवं मदुरै के महत्वपूर्ण धार्मिक शहरों को जोड़ेगी। इसके अलावा, विजयवाड़ा-चेन्नई वंदे भारत एक्सप्रेस रेनिगुंटा रूट से संचालित होगी और तिरुपति तीर्थस्थल केंद्र तक कनेक्टिविटी प्रदान करेगी। इन वंदे भारत ट्रेनों की शुरुआत से देश में रेल सेवा के एक नए मानक की शुरुआत होगी। विश्व स्तरीय सुविधाओं और कवच तकनीक सहित उन्नत सुरक्षा सुविधाओं से सुसज्जित ये ट्रेनें आम लोगों, पेशेवरों, व्यापारियों, छात्रों और पर्यटकों को यात्रा के आधुनिक, त्वरित और आरामदायक साधन प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम होंगी।

### इन नई ट्रेनों को दिखाई जाएगी हरी झंडी

- उदयपुर-जयपुर वंदे भारत एक्सप्रेस
- तिरुनेलवेली-मदुरै-चेन्नई वंदे भारत एक्सप्रेस
- हैदराबाद-बेंगलुरु वंदे भारत एक्सप्रेस
- विजयवाड़ा-चेन्नई (रेनिगुंटा के रास्ते) वंदे भारत एक्सप्रेस
- पटना-हावड़ा वंदे भारत एक्सप्रेस
- कासरगोड-तिरुवनंतपुरम वंदे भारत एक्सेप्रेस
- राउरकेला-भुवनेश्वर-पुरी वंदे भारत एक्सप्रेस
- रांची-हावड़ा वंदे भारत एक्सप्रेस
- जामनगर-अहमदाबाद वंदे भारत एक्सप्रेस

- ये नौ नई वंदे भारत ट्रेनें 11 राज्यों में कनेक्टिविटी को बढ़ावा देंगी
- वंदे भारत ट्रेनों से पुरी, मदुरै और तिरुपति जैसे महत्वपूर्ण धार्मिक स्थलों को मिलेगी कनेक्टिविटी मिलेगी

# विस अध्यक्ष ने पार्वती दास को दिलाई विधायक की शपथ

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**देहरादून :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को विधानसभा में बागेश्वर विधानसभा से निर्वाचित प्रत्याशी श्रीमती पार्वती दास के शपथ ग्रहण समारोह में प्रतिभाग किया। विधानसभा अध्यक्ष श्रीमती ऋतु खंडूड़ी भूषण ने श्रीमती पार्वती दास को विधायक पद की शपथ दिलाई।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने विधानसभा की नव निर्वाचित सदस्य श्रीमती पार्वती दास को शुभकामनाएं दी और बागेश्वर की जनता का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि बागेश्वर के इतिहास में पहली बार बागेश्वर की जनता ने महिला प्रत्याशी को अपना विधायक चुना है। बागेश्वर के विकास के लिए स्व. श्री चंदनराम दास द्वारा जिन कार्यों को आगे बढ़ाया गया था, अब इन कार्यों को श्रीमती पार्वती दास तेजी से आगे बढ़ाएंगी।

इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल, सौरभ बहुगुणा, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट उपस्थित थे।



विस अध्यक्ष श्रीमती ऋतु खंडूड़ी भूषण श्रीमती पार्वती दास विधायक की शपथ दिलाते हुए।

# मुख्यमंत्री के नेतृत्व में सरकार का एक डेलिगेशन कल जाएगा ब्रिटेन दौरे पर

## बड़े बिजनेस हाउसेस से बैठक कर ग्लोबल इन्वेस्टर समिट के लिए किया जाएगा आमंत्रित

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**देहरादून :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार का एक डेलिगेशन आगामी 25 सितंबर से 28 सितंबर तक ब्रिटेन दौरे पर रहेगा। राज्य सरकार का डेलिगेशन लंदन और बर्मिंघम में बड़े बिजनेस हाउसेस से बैठक कर उन्हें आगामी दिसंबर में होने वाले ग्लोबल इन्वेस्टर समिट के लिए आमंत्रित करेगा। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में लंदन और बर्मिंघम दौरे पर टूरिज्म, आईटी, एजूकेशन, हेल्थकेयर, फूड प्रोसेसिंग के अलावा ऑटोमोबिल इन्डस्ट्री के उद्योग घरानों के साथ बैठकें की जाएंगी।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में 26 सितंबर को लंदन में आयोजित होने वाले रोड शो के दौरान डेलिगेशन रोपवे के क्षेत्र में अग्रणी पोमा ग्रुप के साथ बैठक करेंगे। बैठक में पोमा ग्रुप के साथ प्रदेश में इको फ्रेंडली मोबिलिटी के सम्बंध में चर्चा की जाएगी। इसी दिन लंदन में अन्य उद्योग घरानों के साथ बैठक की जाएगी एवं विश्वस्तरीय निवेशकों को उत्तराखंड ग्लोबल इन्वेस्टर मीट के लिए आमंत्रित किया जाएगा। ब्रिटेन भ्रमण के दौरान डेलिगेशन द्वारा लंदन के प्रमुख हस्तियों से भी भेंट की जाएगी। डेलिगेशन द्वारा 27 सितंबर को बर्मिंघम में डब्ल्यूएमजी वार्बिक मेनिफेक्चरिंग ग्रुप के साथ बैठक की जाएगी। इसके साथ ही टीवीएस नॉर्टन ग्रुप के साथ उत्तराखंड में निवेश की संभावनाओं पर चर्चा की जाएगी। इस दौरे पर ब्रिटेन के टूरिज्म सेक्टर से जुड़ी बड़े घरानों से भी बैठक आयोजित की जाएगी। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि उत्तराखंड में आयोजित होने वाले ग्लोबल इन्वेस्टर समिट को लेकर प्रदेश सरकार ने तैयारियां पूरी कर दी हैं। राज्य सरकार दुनिया भर के इन्वेस्टर्स को उत्तराखंड में आमंत्रित करने के लिए व्यापक स्तर पर कार्य कर रही है। उत्तराखंड के प्रति दुनिया भर के बड़े निवेशकों का ध्यान आकर्षित करने के लिए राज्य सरकार द्वारा देश के बड़े शहरों के अलावा विदेश में भी निवेशकों से विचार विमर्श शुरू कर दिया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखण्ड में राज्य की आर्थिकी को सुदृढ़ करने के लिये सशक्त उत्तराखण्ड मिशन लांच किया गया है, जिसके तहत अगले 5 वर्षों में राज्य की एसजीडीपी को दोगुना करने का लक्ष्य रखा गया है। राज्य द्वारा इस लक्ष्य की प्राप्ति की कड़ी के रूप में उत्तराखण्ड ग्लोबल इनवेस्टर्स समिट-2023 का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड में वर्तमान में लगभग 6000 एकड़ का लैण्ड बैंक विभिन्न सैक्टर के उद्योगों की स्थापना हेतु उपलब्ध है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में रेल, रोड एवं एयर कनेक्टिविटी में लगातार सुधार हुआ है। देहरादून एयरपोर्ट से विभिन्न शहरों के लिये सीधी वायु सेवा उपलब्ध हो गई है। देहरादून एवं पंतनगर एयरपोर्ट का विस्तार भी किया जा रहा है। रेलवे नेटवर्क के विकास एवं उन्नयन के तहत ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेललाईन निर्माण का कार्य प्रगति पर है। राज्य में चार धाम यात्रा को सुगम बनाने के लिये ऑल वेदर रोड का निर्माण कार्य भी प्रगति पर है। मुख्यमंत्री ने कहा कि काशीपुर में अरोमा पार्क, सितारगंज में प्लास्टिक पार्क, काशीपुर में इलैक्ट्रॉनिक्स मैन्यूफैक्चरिंग क्लस्टर तथा अमृतसर कोलकाता इण्डस्ट्रियल कॉरिडोर की स्थापना की दिशा में प्रभावी कदम उठाये गये हैं। राज्य में पर्यटकों एवं श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु सभी स्थलों पर नवाचार के माध्यम से सुविधाओं का विकास किया जा रहा है निर्यात् को बढ़ावा देने के लिये भी नीति निर्धारित की गई है।

# महिला आरक्षण बिल अभी लागू होना चाहिए: राहुल गांधी

**जयपुर, एजेंसी।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने जातिगत जनगणना और महिला आरक्षण को लेकर केंद्र की मोदी सरकार पर निशाना साधते हुए मांग की है कि देश में जातिगत जनगणना कराए जाने और महिलाओं के लिए लाए गए 33 प्रतिशत आरक्षण विधेयक को अभी लागू किया जाना चाहिए।

श्री राहुल गांधी शनिवार को यहां राजस्थान कांग्रेस के नये भवन के शिलान्यास के बाद आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कांग्रेस कार्यकर्ताओं को बब्बर शेर बताते हुए कहा कि ये बब्बर शेर शांति से बैठे हुए है, यह नफरत का बाजार नहीं है यह मोहब्बत की दुकान है, कोई अहंकार एवं नफरत नहीं है, मोहब्बत, इज्जत एवं प्यार है, यह फर्क है भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और कांग्रेस में और दोनों में विचारधारा की लड़ाई चल रही है। श्री राहुल गांधी ने कहा कि उन्होंने कुछ दिन पहले संसद में भाषण दिया और उसके बाद उनकी लोकसभा की सदस्यता रद्द कर दी गई क्योंकि उन्हें डर लगता है।

उन्होंने कहा कि हिन्दुस्तान के नाम को बदलने की बाते हुई जबकि संविधान में साफ लिखा है इंडिया और भारत दोनों एक ही है।

उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि इंडिया और भारत को लेकर लोगों को लड़ाने के प्रयास किए गए लेकिन अब उन्हें पता लग गया कि जनता इसे स्वीकार नहीं करेगी तो अब संसद का विशेष सत्र बुलाया और अब महिला आरक्षण की बात की गई। उन्होंने कहा कि महिला आरक्षण का हमने पूरा समर्थन किया है, इससे पहले भी समर्थन किया हैं लेकिन हमारे दो तीन सवाल है कि अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) महिलाओं के लिए आरक्षण क्यों नहीं किया गया। महिलाओं को 33 प्रतिशत सीटे आज दी जा सकती है लेकिन बहाना बनाया जा रहा है, हम चाहते है कि महिला आरक्षण आज लागू हो और इसमें ओबीसी महिलाओं को भी इसका फायदा मिले।



### जातिगत जनगणना पर भी उठाए सवाल

# जयराम के नई संसद को 'मोदी मल्टीप्लेक्स' बताने पर भडक़े नड्डा, कांग्रेस को बताया संसद विरोधी

**नई दिल्ली ,(एजेंसी)।** कांग्रेस नेता जयराम रमेश द्वारा देश की नई संसद को 'मोदी मल्टीप्लेक्स' बताने पर भडक़े भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा ने इसे देश के 140 करोड़ भारतीयों की आकांक्षाओं का अपमान करार देते हुए कांग्रेस को संसद विरोधी बताया है।रमेश ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधते हुए एक्स ( पहले ट्विटर) पर पोस्ट कर लिखा था कि बहुत जोर–शोर के साथ लॉन्च किया गया नया संसद भवन सिर्फ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उद्देश्यों को अच्छी तरह पूरा कर रहा है।

## राहुल और खरगे को पायलट ने दिलाया विश्वास, बोले

# इस बार बदलेगा 30 साल का इतिहास, बनेगी कांग्रेस सरकार

**जयपुर , एजेंसी।** पीसीसी कार्यालय के शिलान्यास समारोह में सचिन पायलट ने कहा कि राजस्थान में हर पांच साल में सरकार बदलने की परंपरा 30 साल से चली आ रही थी। इस बार मैं राहुल गांधी और खरगे को विश्वास दिलाता हूं, कि इस चुनाव में 30 साल का इतिहास बदलेगा। एक बार फिर से कांग्रेस की सरकार बनेगी। प्रदेश कांग्रेस कमेटी का कार्यालय बनने से पहले हमारी सरकार आ जाएगी।

सचिन पायलट ने कहा कि राजस्थान ही नहीं, मध्य प्रदेश समेत विधानसभा चुनाव में सभी राज्यों में कांग्रेस की सरकार बनेगी। 2024 का लोकसभा चुनाव भी हम सब को मिलकर लड़ना है और इस चुनाव में भी इंडिया गठबंधन जीतेगा। उन्होंने कहा कि नए भवन से पहले राज्य में हमारी सरकार बनेगी।

सचिन पायलट ने अपने संबोधन में कहा कि खरगे और राहुल गांधी का मैं राजस्थान में स्वागत करता हूं। आज कांग्रेस के नए कार्यालय का हमारे दोनों नेताओं ने शिलान्यास किया है। नया भवन कांग्रेस के कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा का संचार करेगा। पायलट बोले– "आज कांग्रेस का पूरा परिवार यहां है। यदि आप सबने ठान लिया तो कई बार से भी ज्यादा बहुमत से इस बार कांग्रेस की सरकार बनेगी।सचिन पायलट ने राजस्थान कांग्रेस कार्यालय के शिलान्यास समारोह में शिरकत की।



# ईडी ऑफिस रांची के पास सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाई



**रांची, एजेंसी।** रांची के एयरपोर्ट रोड स्थित प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ऑफिस के पास आज सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई है। ईडी ऑफिस के सामने बैरिकेडिंग लगाई गई है। साथ ही सुरक्षा बलों की भी तैनाती की गई है। हालांकि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन आज ईडी ऑफिस जाएंगे कि नहीं इस पर संशय बरकरार है। ईडी ने जमीन घोटाले मामले में शनिवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पूछताछ के लिए ऑफिस बुलाया गया है। मुख्यमंत्री श्री सोरेन ने ईडी के समन के खिलाफ झारखंड हाई कोर्ट की शरण ली है। उन्होंने आज 11 बजकर 7 मिनट पर याचिका दायर की है। शनिवार को ईडी ने चौथा समन भेजकर उन्हें पूछताछ के लिए हाजिर होने को कहा था, लेकिन ईडी कार्यालय जाने से पहले मुख्यमंत्री ने झारखंड हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है।

# राधा अष्टमी का न्हौण : मणिमहेश झील में 40 हजार श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी

**भरमौर, एजेंसी।** उत्तर भारत की प्रसिद्ध मणिमहेश यात्रा में राधा अष्टमी पर्व के आरंभ होते ही करीब 40 हजार श्रद्धालु डल झील में आस्था की डूबकी लगा चुके है। पिछले 24 घंटों के भीतर डल झील में पवित्र स्नान करने वालों का आंकडा अनुमानित एक लाख से पार कर गया। लिहाजा शुक्रवार को संचूई के शिव चेलों ने डल तोडऩे की परंपरा निभाने के साथ ही मणिमहेश यात्रा में राधा अष्टमी का शाही स्नान भी आरंभ हो गया है। शनिवार दोपहर 12 बजकर 18 मिनट तक राधाअष्टमी के शाही स्नान का शुभ मुहूर्त रहेगा।जानकारी के अनुसार मणिमहेश यात्रा में डल तोडऩे की परंपरा का निर्वाहन करने के लिए संचूई के शिव चेले शुक्रवार दोपहर को मणिमहेश पहुंचे। जहां पर सबसे पहले शिव चेलों ने डल झील की परिक्रमा की। तदोपरांत कार्तिक स्वामी के चेले की अनुमति के बाद शिव चेले भगवान भोले नाथ के जयकारे लगाते हुए डल झील में कूद पड़े और देखते ही देखते वह इसे आर–पार कर गए।

एचडीएममणिमहेश न्यास के सदस्य सचिव एवं एसडीएम भरमौर कुलवीर सिंह राणा ने कहा कि शाही स्नान में करीब 40 हजार भक्तों ने डल झील में पवित्र स्नान किया है। पिछले 24 घंटों में डल झील पर पहुंच स्नान करने वालों का अनुमानित आंकडा 70 हजार के करीब रहा है।



## 25 सितंबर को कोटद्वार पहुंचेगी यात्रा

**कोटद्वार** : वर्तमान में विहिप के नेतृत्व में बजरंग दल द्वारा शौर्य जागरण यात्रा आयोजित की गई है, जो चारों धामों से होते हुए 25 सितंबर को कोटद्वार पहुंच रही है। यात्रा के कोटद्वार पहुंचने पर कोटद्वार विहिप, बजरंग दल व अन्य हिंदू संगठनों द्वारा यात्रा का स्वागत करते हुए सिद्धबली मंदिर से कौड़िया तक रैली निकाली जायेगी। यह जानकारी देते हुए कोटद्वार विहिप अध्यक्ष लोकपाल सिंह रावत ने स्थानीय लोगों से स्वागत कार्यक्रम में प्रतिभाग करने की अपील की है।

## रामलीला का हुआ मंचन

**कोटद्वार** : बद्री केदार समिति की ओर से बेलाडाट में रामलीला का भव्य आयोजन किया गया। जिसमें कुंभकरण मेघनाथ वध, सुलोचना सती का पात्रों द्वारा बेहतरीन मंचन किया गया। रामलीला का उद्घाटन मुख्य अतिथि सागर ग्रिल वकर्स द्वारा किया गया। इस मौके पर लोकेश थपलियाल, सुशील चौधरी, राकेश शाह, दीपेंद्र काला, सुभाष कुकरेती, जयकृत सिंह, नवीन सुंद्रियाल, सुदीप बौंठियाल, आकाश, संदीप रावत, वीरेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

## प्रभारी अधिकारियों के भरोसे चल रहा पोखड़ा ब्लॉक

**पौड़ी** : पोखड़ा ब्लाक में प्रभारी अधिकारी के स्थान पर पूर्णकालिक अधिकारियों की तैनाती करने व न्याय पंचायत सेडियाधार की मूलभूत समस्याओं को हल करने की मांग की है। पूर्व प्रमुख ने कहा कि पोखड़ा ब्लॉक प्रभारी अधिकारियों के भरोसे चल रहा है। जिस कारण विकास कार्य प्रभावित हो रहे है। कहा कि जनहित में पूर्णकालिक अधिकारियों की तैनाती की जानी आवश्यक है। शुक्रवार को पोखड़ा ब्लाक के पूर्व प्रमुख सुरेंद्र सिंह रावत ने जिलाधिकारी को ज्ञापन दिया। इस दौरान उन्होंने कहा कि ब्लाक के चौबट्टाखाल तहसील में प्रभारी तहसीलदार के साथ ही प्रभारी खंड शिक्षाधिकारी, खंड विकास अधिकारी, उपशिक्षाधिकारी, आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी, प्रभारी उद्यान सचल दल पोखड़ा प्रभारी अधिकारियों के भरोसे चल रहे है। जिससे विकास कार्य प्रभावित हो रहे है। कहा कि इसके अलावा न्याय पंचायत सेडियाधार में मूलभूत सुविधाओं का अभाव बना हुआ है। उन्होंने पोखड़ा ब्लाक में पूर्णकालिक अधिकारियों की नियुक्ति के साथ ही न्याय पंचायत सेडियाधार में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग की है।

## मां नंदा-पाती मेले में उमड़ा आस्था का सैलाब

**पौड़ी** : राठ क्षेत्र स्थित बालीकंडारस्यु पट्टी के धुलेत गांव में 13 वर्ष बाद मां नंदा-पाती मेले का आयोजन किया गया। मेले में पट्टी के दर्जनों गांवों के ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर सहभागिता निभाई। श्रद्धालुओं ने मां नंदा की पूजा-अर्चना, रात्रि जागरण, भजन-कीर्तन, मंडाण व भंडारे का आयोजन किया। इस दौरान ग्रामीणों के रोमांच और भक्ति का अलौकिक स्वरूप देखने को मिला। ग्रामीणों ने मां नंदा से गांव, क्षेत्र व प्रदेश की खुशहाली व सुख समृद्धि की कामना की।मेले में आराध्य कुलदेवी मां नंदा की पूजा-अर्चना और ध्वज चढ़ाए जाने को लेकर भक्तों में खासा उत्साह देखा गया। बीती रात्रि को भक्तों ने जागरण कर भजन-कीर्तन गाए। भक्त रातभर मां नंदा के जयकारे लगाते रहे। मंडाण में मां नंदा सहित अन्य देवी-देवताओं का आह्वान किया गया। शनिवार को धुलेत, मणकोली गांव में मां नंदा के प्रतीक ध्वज को खड़ा किया गया। मेले का भंडारे के साथ समापन हुआ। मेले में चोडीख, चोफन्डा, फ्लदुवाड़ी, देवकोट, कूलयाणी, चपलोड़ी, बनेख, सकनियाणा, सैंजी, बुरासी, कोठला सहित कई गांवों के ग्रामीणों की भारी भीड़ उमडी रही। इस मौके पर मेला आयोजक रूप सिंह भण्डारी, मातवर सिंह, बिगारी सिंह, केदार सिंह, बलवीर सिंह, बेलम सिंह, दयाल सिंह, देवेंद्र सिंह, पूर्ण सिंह, रमेश सिंह, सते सिंह, लक्ष्मण सिंह आदि मौजूद रहे।

# डेंगू रोकथाम में लापरवाही पर डीएम नाराज, सीएमओ, नगर आयुक्त व एसीएमओ से मांगा स्पष्टीकरण

### जिलाधिकारी आशीष चौहान ने राजकीय बेस चिकित्सालय कोटद्वार में ली डेंगू नियंत्रण कार्यक्रम की समीक्षा बैठक



बेस अस्पताल में चिकित्सकों व अधिकारियों की बैठक लेते जिलाधिकारी डा.आशीष चौहान

जयन्त प्रतिनिधि

**कोटद्वार** : कोटद्वार शहर में लगातार बढ़ रहे डेंगू के बाद भी विभागीय अधिकारियों की लापरवाही कम होने का नाम नहीं ले रही। जिलाधिकारी ने बेस अस्पताल में चिकित्सकों व अधिकारियों की बैठक लेते हुए उन्हें व्यवस्थाओं में सुधार के सख्त निर्देश दिए। बैठक में यह भी सामने आया कि वार्डों में नियमित रूप से फागिंग नहीं हो रही है। डोर-टू-डोर सर्वे के भी गलत आंकड़े दिए जा रहे हैं। जिलाधिकारी ने पूरे प्रकरण में नगर आयुक्त, मुख्य चिकित्सा अधिकारी व अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी के स्पष्टीकरण तलब किए हैं। साथ ही 24 सितंबर तक डोर-टू-डोर सर्वे कार्य संपन्न करने के निर्देश भी दिए।

शनिवार को जिलाधिकारी आशीष चौहान ने बेस अस्पताल में प्रमुख अधीक्षक कक्ष में डेंगू नियंत्रण कार्यक्रम की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने डेंगू को लेकर बरती जा रही लापरवाही पर नाराजगी व्यक्त की। कहा कि डेंगू को लेकर लापरवाही किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में गली-मोहल्लों में निमित रूप से फागिंग न होने पर नगर आयुक्त का स्पष्टीकरण तलब किया गया। कहा कि डेंगू के खात्मे के लिए प्रत्येक वार्ड व गली-मोहल्ले में फागिंग होना आवश्यक है। बैठक के दौरान आशा कार्यकर्त्ताओं को डोर-टू-डोर सर्वे के लिए सौंपे गए घरों की संख्या और बैठक में स्वास्थ्य विभाग की ओर से प्रस्तुत आंकड़ों में विरोधाभास होने पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी व अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी का स्पष्टीकरण तलब किया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि डेंगू रोकथाम संबंधी कार्रवाई में किसी भी अधिकारी व कर्मचारी की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जिलाधिकारी ने क्षेत्र में नामित आठ जोनल मजिस्ट्रेटों को अपने-अपने क्षेत्र में सफाई निरीक्षक व आशा कार्यकर्त्ताओं के कार्यों पर नजर बनाए रखने के निर्देश दिए। साथ ही लापरवाही बरतने वाले कार्मिक का नाम उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए। बताया गया कि 22 सितंबर तक कोटद्वार नगर क्षेत्र में डेंगू के 111 मामले सामने आए। उन्होंने बैठक के दौरान आशा सुपरवाइजर के माध्यम से क्षेत्र में कार्य कर रही आशा कार्यकर्ताओं से फोन पर वार्ता कर उनकी उपस्थित व सक्रियता की जानकारी ली। आशा कार्यकर्ताओं की ओर से दी गई सर्वे रिपोर्ट व स्वास्थ्य विभाग की रिपोर्ट में विभिन्नता पाए जाने पर जिलाधिकारी ने तीन दिन के भीतर सही रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने नगर निगम के अधिकारियों को नगर क्षेत्र अंतर्गत वार्ड संख्या तीन, किशनपुरी, लकड़ीपड़ाव, शिब्बूनगर वार्ड-8 और रेलवे स्टेशन के आसपास नियमित रूप से फोगिंग और एंटी लार्वा स्प्रे का छिड़काव करवाने के निर्देश दिए। बैठक में उप जिलाधिकारी सोहन सिंह, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. सुमित बर्मन, डा. दिनेश कुमार, डा. सुनील शर्मा सहित अन्य जोनल मजिस्ट्रेट उपस्थित थे।

# पिछले दो दिन से ग्रास्टनगंज वार्ड नंबर एक में बनी है पेयजल किल्लत



कोटद्वार के ग्रास्टनगंज क्षेत्र में पानी की तलाश में भटकते वार्डवासी

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वार** : ग्रास्टनगंज वार्ड नंबर एक में पिछले दो दिन से पेयजल संकट बना हुआ है। वार्डवासियों को पानी के लिए इधर-उधर भटकना पड़ रहा है। शिकायत के बाद भी जिम्मेदार सिस्टम समस्या को लेकर गंभीरता नहीं दिखा रहा। वार्डवासियों ने जल्द समस्या का निराकरण नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है।

ग्रास्टनगंज वार्ड नंबर एक को पेयजल उपलब्ध करवाने के लिए सिद्धबली के समीप नलकूप बनाया गया है। लेकिन, पिछले दो दिन से यह नलकूप खराब पड़ा हुआ है। नतीजा वार्डवासी पूरे दिन पानी की तलाश में भटक रहे हैं। पेयजल किल्लत के कारण वार्डवासियों की दिनचर्या भी प्रभावित होने लगी है।

वार्डवासी राजेश थपलियाल, जयप्रकाश ध्यानी, संजय रावत, रतन सिंह भंडारी, गंगा राम देवरानी, बीएल धस्माना ने बताया कि नलकूप में लगी मोटर दशकों पुरानी है। जिससे आए दिन यह मोटर खराब हो जाती है। पुरानी मोटर को बदलकर नई मोटर लगवाने के लिए वार्डवासी कई बार अधिकारी व जनप्रतिनिधियों से गुहार लगा चुके हैं। लेकिन, हर बार पुरानी मोटर की ही मरम्मत कर खानापूर्ति की जाती है।

वार्ड में पेयजल संकट के कारण सबसे अधिक परेशानी घर में अकेले रहने वाले बुजुर्गों को हो रही है। सुबह से ही वार्डवासी खाली बर्तन लेकर इधर-उधर भटकने को मजबूर हो गए हैं। इससे उनकी दिनचर्या भी प्रभावित हो रही है।

हालांकि, जल संस्थान के अधिकारियों ने जल्द नलकूप मरम्मत का आश्वासन दिया है। लेकिन, यदि व्यवस्थाओं में सुधार नहीं हुआ तो वार्डवासी आंदोलन को मजबूर होंगे।

## शिकायतों की जांच करेगी तीन सदस्यीय टीम

जयन्त प्रतिनिधि।

**पौड़ी** : रिखणीखाल ब्लाक में तैनात ब्लाक चिकित्साधिकारी के विरुद्ध मिली शिकायतों के बाद सीएमओ ने उनसे ब्लाक आहरण अधिकारी का प्रभार हटाया दिया है।

साथ ही शिकायतों की जांच के लिए एक तीन सदस्यीय टीम भी बनाई है। ब्लाक चिकित्साधिकारी के खिलाफ यहां तैनात कार्मिकों ने सीएमओ से शिकायत की थी। पौड़ी के सीएमओ डॉ. प्रवीण कुमार ने बताया कि ब्लाक चिकित्साधिकारी के विरुद्ध संयुक्त शिकायती पत्र मिला है। जिस पर कार्रवाई करते हुए ब्लाक चिकित्साधिकारी से डीडीओ पावर को हटा दिया गया है।

यह पावर करीब एक महीने पहले ही उन्हें दी गई थी। सीएमओ के मुताबिक शिकायतों को लेकर दो एसीएमओ और एक मेडिकल अफसर की टीम भी बना दी गई है। जो इनकी जांच कर अपनी रिपोर्ट देगी। रिपोर्ट मिलने के बाद आगे की कारवाई अमल में लाई जाएगी।

# स्वस्थ रहने के लिए पारंपरिक खेती को अपनाएं : वीसी

**श्रीनगर गढ़वाल** : हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय के सेंटर फॉर फोकपरफार्मिंग आर्ट्स एंड कल्चर, चौरास परिसर में विज्ञान भारती और यूसर्क के संयुक्त तत्वावधान में संजीवनी-स्वास्थ्य आउटरीच कार्यक्रम पर एक दिवसीय व्याख्यानमाला व रक्तदान शिविर आयोजित किया गया।

इस मौके पर बतौर मुख्य अतिथि गढ़वाल विवि की कुलपति प्रो. अन्नपूर्णा नौटियाल ने भारतीय विज्ञान प्रणाली की उपयोगिता, श्रीअन्न के गुणों पर पर विस्तृत रूप से चर्चा की। प्रो. नौटियाल ने कहा कि मोटा अनाज की आज पूरे विश्व में बात हो रही है वह हमारी भूमि पर ही उत्पन्न होकर हमें स्वास्थ्यवर्धक, पौष्टिक आहर प्रदान करता था। लेकिन धीरे-धीरे हम अपनी पारम्परिक खेती को छोड़ सुपर फुड पर निर्भर हो गए हैं। जिसका प्रभाव हमारे स्वास्थ्य पर देखने को मिल रहा है और कई बीमारी हमारे शरीर में प्रवेश कर रही हैं। कहा कि हमें चाहिए की हम एक बार फिर अपनी पारंपरिक खेती को कर उसमें स्वास्थ्यवर्धक और पौष्टिक आहर को उगाएं और अपने स्वास्थ्य को निरोगी रख सकें। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि विज्ञान भारती के राष्ट्रीय सचिव प्रवीण रामदास ने वर्तमान परिदृश्य में भारतीय ज्ञान प्रणाली की प्रासंगिकता व उपयोगिता के बारे में छात्रों का बताया। व्याख्यान श्रृंखला में डा. दीगर सिंह ने डेंगू, डा. रोहित महर ने कैंसर, डा. सुरेंद्र पुरी ने ट्यूबरक्युलोसिस और डा. रविंद्र कुमार ने वेस्ट टू वेल्थ विषय पर व्याख्यान प्रस्तुत किया। इस मौके पर मेडिकल कॉलेज श्रीनगर के ब्लड बैंक के प्रभारी डा. सतीश कुमार की देखरेख में रक्तदान शिविर में 45 छात्र–छात्राओं ने रक्तदान किया। प्रो. हेमवती नंदन पाण्डेय ने अतिथियों का स्वागत किया तथा मंच का संचालन संयोजिका डा. मनीषा निगम ने किया। कार्यक्रम में प्रति कुलपति प्रो. आरसी भट्ट, प्रो. डीआर पुरोहित, डा. डीके राणा, डा. राम साहू, डा. गौरव जोशी, डा. विवेक शर्मा, डा. भूपिंदर मित्तल, डा. आशीष बहुगुणा, डा. भास्करन, डा. शुभ्रा काला, डा. हिमशिखा, डा. सरला सकलानी, डा. जसपाल चौहान आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

## लोग स्वास्थ्य को लेकर सचेत रहे : बिष्ट

जयन्त प्रतिनिधि।

**पौड़ी** : एचएनबी गढ़वाल केंद्रीय विश्वविद्यालय के पौड़ी परिसर में देवभूमि विज्ञान समिति, उत्तराखंड विज्ञान शिक्षा और अनुसंधान परिषद देहरादून व इंस्टीट्यूशन इनोवेशन काउंसिल की ओर से कार्यशाला का आयोजन किया गया। मेडिकल कॉलेज श्रीनगर के एमएस प्रो. रविंदर बिष्ट ने आधुनिक दिनचर्या से बिगड़ रहे स्वास्थ्य को लेकर लोगों को सचेत रहने को कहा। संजीवनी एक स्वास्थ्य जागरूकता आउटरीच सह कार्यशाला विषय पर आयोजित कार्यशाला में स्वास्थ्य समेत कैंसर, मधुमेह, टीबी आदि बीमारियों को लेकर जानकारियां दी गई। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि विश्वविद्यालय के वीसी प्रो. राकेश भट्ट ने ऐतिहासिक साहित्य और सभ्यता के विकास में स्वास्थ्य व चिकित्सा पर विशेष जोर दिया। कहा कि आधुनिक दौर की दिनचर्या से विभिन्न प्रकार की बीमारियां लोगों के स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव डाल रही है। इस मौके पर परिसर प्रो. प्रभाकर प्रसाद बडोनी, सहायक प्रो. डॉ. रोहित महार, सहायक प्रो. डॉ. सुरिंदर पुरी, सहायक प्रो. डॉ. रविंदर कुमार, प्रो. यूसी गैरोला, प्रो. अनिता रुडोला, प्रो. रेखा नैथानी, डॉ. सीवी कोटनाला, मुकेश रावत आदि शामिल रहे।

# नुक्कड़ नाटक से दिया स्वच्छता का संदेश



सतपुली में सफाई के प्रति जागरूक करते कलाकार।

जयन्त प्रतिनिधि।

**सतपुली** : नगर पंचायत में सफाई एवं स्वच्छता के लिए दिव्यांग कल्याण समिति, बिलखेत द्वारा सतपुली नगर में नुक्कड़ नाटकों के जरिए जन जागरण अभियान चलाया गया।

नगर के विभिन्न हिस्सों में संस्था के कलाकारों द्वारा नुक्कड़ नाटक के जरिए सार्वजनिक स्थलों पर कूड़ा करकट न फेंकने, गीले और सूखे कचरे हेतु अलग-अलग डिब्बे उपयोग करने की, नगर पंचायत के वाहन में ही कूड़ा डालने, अपने अगल बगल सफाई रखने, सिंगल यूज प्लास्टिक का इस्तेमाल न करने आदि की अपील की। संस्था के कलाकारों द्वारा नगर के विभिन्न स्थानों बस अड्डे, एसबीआई तिराहे, विकास मोहल्ला आदि स्थानों पर नुक्कड़ नाटक के माध्यम से नागरिकों से नगर को स्वच्छ बनाने में योगदान की अपील की गई। इस मौके पर नगर पंचायत अध्यक्ष अंजना वर्मा, विकलांग कल्याण समिति के सुरजन रौतेला, डबल मियां, मनीष खुगशाल, रणधीर सिंह नेगी, चंद्र मोहन रावत, गंगा सिंह बिष्ट, प्रेम सिंह रावत, प्रीतम सिंह आदि मौजूद थे।

## पारंपरिक कृषि को अपनी आजीविका में शामिल करें : पुरोहित

**श्रीनगर गढ़वाल** : गढ़वाल विवि के घर से घर तक अभियान के संयोजक डा. विजयकांत पुरोहित ने कहा कि आज भी भारत कृषि प्रधान देश है। लेकिन बदलते दौर के साथ-साथ हम अपनी पारंपरिक खेती को भूलते जा रहे हैं। कहा कि भारत की भूमि श्रीअन्न की भूमि है। पहले हम कोदा, झंगोरा, कोणी, चीणा जैसे पौष्टिक, स्वास्थ्यवर्धक और मूल्यवान मोटे अनाजों को अपने खेतों में उगाते थे।

## स्वच्छता ज्योति मशाल रैली निकाली

**श्रीनगर गढ़वाल** : नगर निगम प्रशासन श्रीनगर की ओर से इण्डियन स्वच्छता लीग 2.0 के अंतर्गत विशाल स्वच्छता ज्योति मशाल रैली निकाली गई। जिसमें एसएसबी के जवानों, नगर निगम और महिला सहायता समूह के साथ-साथ स्थानीय लोगों ने प्रतिभाग किया। इस मौक पर बतौर मुख्य अतिथि राज्य सूचना आयुक्त योगेश भट्ट ने रैली का शुभारंभ करते हुए कहा कि स्वच्छता का अर्थ हमारे जीवन दर्शन से जुड़ा हुआ है। कहा कि सरकार ने स्वच्छता के प्रति जो सक्रियता दिखाई है उसका असर भविष्य में देखने को मिलेगा। शुक्रवार देर सायं निकाली गई रैली गोला पार्क से शुरू हुई। इस दौरान आओ स्वच्छता की ज्योत जगाएं और श्रीनगर का कोना-कोना स्वच्छ बनाएं के नारों के साथ रैली गणेश बाजार से नेशनल हाईवे होते हुए काला रोड से कार्यक्रम स्थल पर समाप्त हुई। इस मौके पर उपजिलाधिकारी/नगर आयुक्त नुपुर वर्मा, सफाई निरीक्षक शशि मोहन पंवार, स्वच्छ भारत के ब्रांड एम्बेसडर डा. बीपी नैथानी, व्यापार सभा के अध्यक्ष दिनेश असवाल, भाजपा जिला महामंत्री गिरीश पैन्यूली, भाजपा मंडल अध्यक्ष जितेंद्र धिरवाण, वासुदेव कंडारी, गणेश भट्ट, पंकज सती आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

# चुनाव प्रक्रिया से उज्जवल बना हेड ब्वॉय व राधा बनी हेड गर्ल



राजकीय इंटर कॉलेज मटियाली में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ करते अतिथि

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वार** : कोटद्वार भाबर स्थित राजकीय इंटर कालेज जयदेवपुर सिगड्डी में छात्र-छात्राओं को चुनाव संबंधी जानकारी देने के उद्देश्य से हेड ब्वॉय और हेड गर्ल पद के लिए चुनावी प्रक्रिया का आयोजन किया गया।

निर्वाचन अधिकारी गणित अध्यापक राजीव शर्मा ने बताया कि प्रधानाचार्य शोबेंद्र जोशी की पहल पर आयोजित निर्वाचन प्रक्रिया के अंतर्गत हेड ब्वाय और हेड गर्ल के पद के लिए 3 छात्र और 3 छात्राओं ने प्रत्याशी के रूप में बाकायदा नामांकन किया। तत्पश्चात प्रत्याशियों ने प्रचार-प्रसार अभियान के दौरान स्कूल के सभी छात्रों की गोष्ठी आयोजित करते हुए अपने पक्ष में समर्थन मांगा। इसके बाद छात्र-छात्राओं ने उक्त पदों के लिए मतदान किया। मतदान में हेड ब्वॉय पद पर उज्जवल रमोला ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी ललित जोशी को 14 एवं हेड गर्ल पद पर कु. राधा सती ने कु. शालिनी जोशी को 22 मतों से हराया। कुल 114 छात्रों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया, जिसमे 3 मत अवैध पाए गए। प्रधानाचार्य शोबेंद्र जोशी ने कहा कि इस तरह की गतिविधियों से बच्चों में लोकतंत्र की प्रक्रिया की समझ विकसित होती है। उनका लोकतंत्र की चुनावी प्रक्रिया में विश्वास बढ़ता है। शिक्षक राजीव शर्मा, जयकुमार दोहरे, दीवान सिंह रावत, वेद प्रकाश धस्माना, सुधा शर्मा, स्मिता नेगी, अजय ध्यानी, सतीश चन्द्र, वीरेन्द्र सिंह रावत, सुनील खंतवाल, गजपाल रावत, कल्पेश्वरी बलोधी, मनमोहन रावत, सुरेन्द्र सिंह आदि शिक्षकों ने चुनावी प्रक्रिया को संपन्न कराने में अपना सहयोग दिया।

## 92 शिक्षकों ने दुर्गम में ही तैनात रहने की जाहिर की मंशा

पौड़ी : दुर्गम स्कूलों में तैनात वे एलटी शिक्षक अभी रिलीव नहीं किए होंगे, जिन्होंने सुगम में आने से मना किया है और इसके लिए विभाग को अपना प्रत्यावेदन भी दिया है। बीते जून महीने में अकेले गढ़वाल मंडल में शिक्षकों के विभिन्न श्रेणियों में करीब 700 तबादले किए गए थे। इन तबादलों को लेकर दुर्गम में तैनात मंडलभर से 92 शिक्षक ऐसे थे जो दुर्गम में ही सेवा देने की इच्छुक थे और उन्होंने सुगम स्कूलों में न भेजे जाने को लेकर विभाग को अपने प्रत्यावेदन सौंप थे। शिक्षकों को प्रत्यावेदन देने के लिए अगस्त तक का समय दिया गया था। अपना प्रत्यावेदन देते हुए इन शिक्षकों ने दुर्गम में ही तैनात रहने की मंशा जाहिर की। एडी माध्यमिक शिक्षा गढ़वाल मंडल एसबी जोशी ने बताया कि ऐसे करीब 92 शिक्षकों के प्रत्यावेदन मिले हैं। कुछ शिक्षकों ने अपने प्रत्यावेदन निदेशालय भी भेजे है। इन प्रत्यावेदनों को लेकर अभी शासन स्तर पर अंतिम निर्णय नहीं लिया जा सका है।

# विद्यार्थियों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने मोहा मन

### राजकीय इंटर कालेज मटियाली में आयोजित किया गया नामिका निरीक्षण कार्यक्रम



राजकीय इंटर कॉलेज मटियाली में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ करते अतिथि

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वार** : राजकीय इंटर कालेज मटियाली में नामिका निरीक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों की रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने दर्शकों का मन मोह लिया।

नामिका निरीक्षण अधिकारी रमेश चंद्र कुकरेती, राजकीय इंटर कालेज दुगड्डा के प्रधानाचार्य गोविंद सिंह खत्री, गिरीश चंद्र खर्कवाल व आनंदमणी कंडवाल ने संयुक्त रूप से विद्यालय का निरीक्षण किया। अतिथियों ने विद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियों के साथ ही प्रशासनिक व्यवस्थाओं का जायजा लिया। कहा कि सरकार द्वारा विद्यालय में शिक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। इसके लिए अभिभावकों को भी सहयोग करना होगा। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दी। गढ़वाली, कुमाऊंनी व जौनसारी गीतों पर प्रस्तुत नृत्य को दर्शकों ने खूब सराहा। प्रधानाचार्य बीआर भारद्वाज ने विद्यार्थियों को जीवन में आगे बढ़नी की सीख दी। इस मौके पर आशीष खर्कवाल, धीरेंद्र सिंह रावत, बृजभूषण बिंजोला, डब्बल सिंह रावत, केबी शास्त्री, मनीष रावत, जगदीश बमेठा, रश्मि रावत आदि मौजूद रहे।

## जीआईसी हवालबाग में आयोजित कार्यशाला में विद्यार्थियों को रोबोटिक्स, एआई आदि की दी जानकारी




अल्मोड़ा। राजकीय आदर्श इंटर कॉलेज हवालबाग की अटल टिंकरिंग लैब में भारत सरकार के नीति आयोग के अटल इन्नोवेशन मिशन के दिशा निर्देशों के क्रम में तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में राजकीय इंटर कॉलेज हवालबाग व ज्ञान विज्ञान चिल्ड्रन एकेडमी के कुल 37 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य व एटीएल इंचार्ज डॉ. कपिल नयाल ने किया। उन्होंने बताया कि इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में विद्यार्थियों को रोबोटिक्स, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, इंटरनेट ऑफ थिंग्स व थ्री डी प्रिंटिंग से संबंधित जानकारी प्रदान की गई एवं हैंडस ऑन के माध्यम से विद्यार्थियों ने मशीनों का संचालन सीखा व कई मॉडल तैयार किए। प्रशिक्षण कार्यक्रम में दिल्ली से आए विशेषज्ञ इंजीनियर राहुल शर्मा ने विद्यार्थियों को विभिन्न सेंसर, थ्री डी प्रिंटर, डेस्कटॉप कटिंग सिस्टम एवं आर्डयूनो आधारित विभिन्न प्रोजेक्ट्स की जानकारी दी। प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रथम दिवस विद्यार्थियों द्वारा रेलवे ऑटोमेटिक क्रॉसिंग प्रोजेक्ट, 8 बाय 8 डिस्प्ले सिस्टम, मूविंग मैसेज डिस्प्ले आदि प्रोजेक्ट तैयार किए गए।

### डेढ़ माह में पूरा करें भवन का निर्माण कार्य

चम्पावत। डीएम नवनीत पांडेय ने आरसेटी भवन का निर्माण कार्य डेढ़ माह में पूरा करने के निर्देश दिए। निर्माणाधीन भवन के निरीक्षण के दौरान उन्होंने कहा कि राजस्व उप निरीक्षकों को प्रशिक्षण इसी संस्थान में दिया जा सकेगा। शनिवार को डीएम नवनीत पांडेय ने आरसेटी के निर्माणधीन भवन का निरीक्षण किया। बताया गया कि आरसेटी भवन का निर्माण 2.20 करोड़ रुपये की लागत से किया जा रहा है।

डीएम ने कार्यालय कक्ष, कक्षों, शौचालयों, डोरमेट्री आदि को देखा। उन्होंने निर्माण कार्य में संतोष जताया। उन्होंने शेष दो कक्षों, किचन, शौचालयों आदि का निर्माण डेढ़ माह में पूरा करने के निर्देश दिए।

## नाबालिग से दुराचार के दोषी को 20 वर्ष की सजा



रुद्रपुर। पॉक्सो न्यायाधीश अश्वनी गौड़ ने नाबालिग लड़की को भगाकर दुराचार करने के दोषी को 20 वर्ष कठोर कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही पचास हज़ार रुपये अर्थदंड भी लगाया है। वहीं न्यायाधीश ने सरकार को पीड़िता को क्षतिपूर्ति के रूप में चार लाख रुपये देने के भी निर्देश दिए हैं। विशेष लोक अभियोजक विकास गुप्ता ने बताया कि बाजपुर थाना क्षेत्र के एक व्यक्ति ने 13 अगस्त 2020 को पुलिस में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा था कि 10 अगस्त 2020 को वह परिवार के साथ बाजपुर में खरीदारी करने गया था। साथ में उसकी 17 वर्षीय पुत्री भी थी। इसी बीच मौका देखकर थाना बाजपुर क्षेत्र के ग्राम जोगीपुरा में एक फार्म हाउस पर रहने वाला सतीश यादव उनकी पुत्री को बहला–फुसलाकर भगा ले गया। सतीश शादीशुदा और दो बच्चों का पिता है। वह 8 अगस्त 2020 को फार्म हाउस से अपना सामान ले गया था। जब उसने सतीश को फोन किया तो उसने खुद को कभी बरेली तो कभी सितारगंज में होना बताया। पुलिस ने 14 अगस्त को महेशपुरा थाना बाजपुर से सतीश के कब्जे से लड़की को बरामद कर लिया। मेडिकल परीक्षण में दुराचार की पुष्टि हुई। एडीजीसी विकास गुप्ता ने आठ गवाह पेश कर आरोप सिद्ध कर दिया। इसके बाद पॉक्सो न्यायाधीश अश्वनी गौड़ ने सतीश यादव को धारा 5/6 पॉक्सो एक्ट में 20 वर्ष के कठोर कारावास और 25 हज़ार रुपये जुर्माना, धारा 363 में चार वर्ष का कठोर कारावास और 10 हज़ार रुपये जुर्माना और धारा 366 आईपीसी में 5 वर्ष का कठोर कारावास और 15 हज़ार रुपये जुर्माने की सज़ा सुनाई।

## पूर्णागिरि में चलाया गया सफाई अभियान



चम्पावत। पूर्णागिरि में जिला पंचायत की तरफ से सफाई अभियान चलाया गया। जिसके बाद मंदिर समिति के पदाधिकारियों और स्थानीय लोगों को कूड़ा न करने की शपथ दिलाई गई। जिला पंचायत के वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी विजय उप्रेती ने बताया कि स्वच्छता अभियान के तहत लोगों को पर्यावरण के प्रति सजग रहने की शपथ दिलाई जा रही है। यहां मंदिर समिति के अध्यक्ष किशन तिवारी, भुवन चंद्र पांडेय, मोहन चंद्र पांडेय, नवीन तिवारी, केदार सिंह, पवन कुमार, रमेश पांडेय, दर्नादन पांडेय आदि रहे।

### विज्ञान भवन निर्माण के लिए 1.32 करोड़ स्वीकृत

चम्पावत। डिग्री कॉलेज के विज्ञान भवन निर्माण के लिए उच्च शिक्षा विभाग की तरफ से पहली किश्त 1.32 करोड़ स्वीकृत हुए हैं। कुल 5.4 करोड़ रुपए की धनराशि से भवन का निर्माण किया जाएगा। डिग्री कॉलेज की प्राचार्य तिवारी ने बताया कि धनराशि स्वीकृत होने से डिग्री कॉलेज के लिए यह मील का पत्थर साबित होगा। बताया कि भवन का निर्माण केंद्र सरकार की स्पेशल एसिस्टेंस टू स्टेट्स फार कैपिटल इनवेस्टमेंट योजना 2023–24 की सलाहकार समिति के संयोजक प्रो.एम एस चौहान, मुख्य शास्ता डॉ अब्दुल शाहिद की देखरेख में किया जाएगा।

## अवैध रुप से शराब बेचने पर 2 व्यक्ति गिरफ्तार



अल्मोड़ा। धौलछीना पुलिस ने क्षेत्र में 2 व्यक्तियों से 4 पेटी अवैध शराब बरामद की है। पुलिस ने एक व्यक्ति की दुकान से तो वहीं दूसरे मामले में आरोपी के घर से अवैध शराब बरामद की है। एसएसपी अल्मोड़ा राम चन्द्र राजगुरु ने समस्त थाना, चौकी व एसओजी, एएनटीएफ प्रभारियों को जनपद में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी की रोकथाम व होटल–ढाबों, रेस्टोरेण्टों व दुकानों में अवैध रूप से शराब व पिलाने वालों पर कड़ी कार्यवाही हेतु निरन्तर चेकिंग अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं। अल्मोड़ा विमल प्रसाद के पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष धौलछीना सुशील कुमार के नेतृत्व में धौलछीना पुलिस द्वारा अवैध मादक पदार्थों की तस्करी, बिक्री की रोकथाम हेतु चेकिंग अभियान के दौरान शुक्रवार को ग्राम कुमौली में अभियुक्त प्रमोद जोशी को अपनी दुकान में अवैध रूप से शराब बेचते हुए पकड़ा और दुकान से 02 पेटी में 96 पव्वे देशी शराब बरामद हुई। चेकिंग के दौरान ही ग्राम कुमौली में किशन चन्द्र जोशी को अपने घर पर अवैध रूप से शराब बेचते हुए पकड़ा और उसके घर से 02 पेटी में 96 पव्वे अवैध अंग्रेजी, देशी शराब बरामद की गई। दोनों अभियुक्तों को गिरफ्तार करते हुए उनके विरुद्ध थाना धौलछीना में आबकारी अधिनियम के अन्तर्गत एफआईआर पंजीकृत कर आवश्यक कार्यवाही की गई है।

## इन्वेंस्टर्स समिट के मद्देनजर सभी विभाग अपनी अपनी विभागीय भूमि की रिपोर्ट तैयार करें



अल्मोड़ा। आगामी समय में उत्तराखंड में होने वाले इन्वेस्टर्स समिट के मद्देनजर मुख्य विकास अधिकारी आकांक्षा कोंडे ने जनपद स्तरीय अधिकारियों के साथ खाली पड़ी विभागीय भूमि को चिन्हित कर उसकी रिपोर्ट बनाने हेतु बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मुख्य विकास अधिकारी ने विभागीय अधिकारियों से कहा कि आगामी समय में उत्तराखंड में इन्वेस्टर्स समिट प्रस्तावित है। इसलिए सभी विभाग अपनी अपनी विभागीय भूमि की रिपोर्ट तैयार करें, जिससे इन्वेस्टर्स समिट में जनपद से पूर्ण जानकारी उपलब्ध हो सके तथा इन्वेस्टर्स को जनपद में इन्वेस्ट करने के लिए आकर्षित कर भूमि उपलब्ध कराई जा सके। इसके साथ ही उन्होंने 30 सूत्रीय कार्यक्रम, अवैध अतिक्रमण आदि के संबंध में भी अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए।

मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि 30 सूत्रीय कार्यक्रमों में सभी अधिकारी विशेष प्रगति से कार्य करें। साथ ही उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि जहां भी विभागीय परिसंपत्तियों पर अवैध अतिक्रमण किया गया है वहां अतिक्रमण को हटाए जाने के लिए कार्यवाही करें।

### भाजपा किसान मोर्चा ने सेवा पखवाड़े पर लगाया स्वास्थ्य शिविर

हल्द्वानी। भाजपा किसान मोर्चा ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस चल रहे सेवा पखवाड़े के तहत निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया। विशेषज्ञ चिकित्सकों ने 250 लोगों के स्वास्थ्य की जांच कर उन्हें दवा दी। राजपुरा स्थित रैन बसेरा में शिविर का उद्घाटन भाजपा जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट व मेयर जोगेंद्र रौतेला, पूर्व प्रदेश महामंत्री सुरेश भट्ट, प्रदेश कार्यालय सचिव कौस्तुबानंद जोशी, मोर्चा जिलाध्यक्ष संदीप कुकसाल, किसान मोर्चे के प्रदेश महामंत्री महेंद्र सिंह नेगी ने किया।

## अंग्रेजी भाषा में निपुणता के लिए राजकीय विद्यालयों में मनाया जा रहा इंग्लिश स्पीकिंग डे

अल्मोड़ा। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में अंग्रेजी उत्कृष्टता केंद्र हेतु आयोजित संदर्भ समूह की कार्यशाला का समापन डायट प्राचार्य जी.जी. गोस्वामी द्वारा किया गया। कार्यशाला में कक्षा 6, 7, 8 के अंग्रेजी विषय हेतु गतिविधि आधारित संदर्भ साहित्य का सृजन किया गया। कार्यशाला के प्रभारी जी.एस. गैड़ा ने बताया कि वर्तमान समय में छात्रों और अभिभावकों का ध्यान निजी विद्यालयों की ओर आकर्षित हो रहा है। राज्य सरकार द्वारा राजकीय विद्यालयों में गुणवत्ता संवर्धन हेतु विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं ताकि राजकीय विद्यालयों में गुणवत्ता व नामांकन में वृद्धि हो सके। नई शिक्षा नीति के अंतर्गत स्थानीय भाषा को बढ़ावा देने के साथ–साथ अंग्रेजी भाषा में निपुणता के लिए प्रत्येक शनिवार को राजकीय विद्यालयों में इंग्लिश स्पीकिंग डे मनाया जा रहा है। इसी के अंतर्गत अल्मोड़ा जनपद के डाइट को अंग्रेजी उत्कृष्टता केंद्र के रूप में विकसित करने के लिए इस कार्यशाला का आयोजन किया गया। डाइट द्वारा अल्मोड़ा में अंग्रेजी भाषा प्रशिक्षण संस्थान खोले जाने हेतु राज्य सरकार से पत्राचार भी किया गया है। कार्यशाला में महेंद्र सिंह भंडारी, डॉ दीपा जलाल, डॉ बी पांडे द्वारा अंग्रेजी की महत्ता व उसके संवर्धन की जानकारी दी। कार्यशाला में पुष्पा भट्ट, अर्जुन लाल, हरीश लाल, नवीन चंद आर्य, कमलेश चंद जोशी तथा अज़ीम प्रेमजी फाउंडेशन से मेघना व शालिनी रावत द्वारा प्रतिभाग किया गया।

## माँ नन्दा देवी मेले में अल्मोड़ा पुलिस ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से नशे के प्रति किया जागरुक



अल्मोड़ा। नंदादेवी मेले में अल्मोड़ा पुलिस ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से आम जनमानस को नशे के प्रति जागरूक किया। एसएसपी रामचन्द्र राजगुरु के निर्देशन में शुक्रवार को अल्मोड़ा पुलिस द्वारा नन्दा देवी मेले में सांस्कृतिक कार्यक्रम मंच के माध्यम से आमजन को मुख्यमंत्री उत्तराखण्ड सरकार के ड्रग्स फ्री देवभूमि मिशन 2025 के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि सीओ अल्मोड़ा विमल प्रसाद द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम मंच पर दीप प्रज्जवलित कर किया। सीओ अल्मोड़ा द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित युवाओं व लोगों को संबोधित करते हुए नशे के दुष्परिणामों के बारे में बताया तथा नशे से दूर रहने हेतु प्रेरित किया गया और जनपद को नशा मुक्त बनाने में अल्मोड़ा पुलिस का सहयोग करने की अपील की गयी। मेले में अल्मोड़ा पुलिस के कर्मचारियों ने नशे के विरुद्ध एक नुक्कड़ नाटक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से नशा करने वाले व्यक्ति के साथ–साथ उसका पूरा परिवार प्रभावित होता है यह प्रदर्शित किया गया। मेला देखने आई जनता को नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरुक कर नशा मुक्ति का संदेश दिया गया। अल्मोड़ा पुलिस द्वारा प्रदर्शित नुक्कड़ नाटक की नंदादेवी मेला समिति व दर्शकों द्वारा सराहना की गई।

### एक किलो चरस के साथ दो युवक गिरफ्तार

हल्द्वानी। भोटिया पड़ाव चौकी पुलिस ने स्कूटी सवार दो युवकों को 1 किलो चरस के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कोर्ट में पेशी के लिए भेज दिया गया है। भोटिया पड़ाव चौकी पुलिस बीते शुक्रवार रात तिकोनिया के पास गश्त कर रही थी, इसी बीच बाल्मिकी पार्क के पास ठंडी सड़क में दो युवक एक स्कूटी के खड़े होकर आपस में बात करते दिखाई दिए। पुलिस के वहां पहुंचने पर स्कूटी में बैठा युवक भागने की कोशिश करने लग गया। जिसे घेरकर पकड़ लिया गया। इसके अलावा 57 हजार रुपये की नगदी भी बरामद हुई। पूछताछ में स्कूटी सवार ने अपना नाम विक्रम सिंह पुत्र राजेन्द्र सिंह निवासी ग्राम कोटली ओखलकांडा थाना खन्स्यु नैनीताल और दूसरे ने मोहम्मद अनीस पुत्र मोहम्मद रशीद निवासी मुस्लिम यूनिवर्सिटी के पास सिविल लाइन शमशाद मार्केट अलीगढ़ उत्तर प्रदेश होना बताया।

## शेयर में पैसा गंवाया, कर्ज से उबरने को नशा अपनाया

हल्द्वानी। स्मैक की भारी खेप के साथ नैनीताल पुलिस की गिरफ्त में आए पुलिसकर्मी और एमसीए के छात्र ने शेयर मार्केट में पैसे डूबने पर नशे की तस्करी में आने की बात कही है। पुलिस पूछताछ में यूपी पुलिस के जवान रविन्द्र सिंह ने बताया कि वह वर्ष 2021 में भर्ती हुआ था। इसके बाद उसने करीब 14 लाख का निजी लोन लिया था।

इसमें से उसने कुछ पैसे शेयर मार्केट में लगा दिए थे, जो डूब गए। उधर, अर्जुन पांडेय ने बताया कि उसने अपनी बहन की शादी के लिए 50 हजार रुपये का लोन लिया था। उसने कुछ पैसा शेयर मार्केट में भी लगा दिया था, जो डूब गया। कर्ज में डूबकर पैसा चुकाने के लिए उन्होंने शार्टकट तरीका खोजा तो स्मैक तस्करी में उन्हें आसान लगा। वे लोग जल्द अधिक पैसे कमाने की लालच में स्मैक तस्करी में शामिल हो गए। गुरुवार रात हल्द्वानी आते समय पकड़े गए। वहीं तीसरा आरोपी मोरपाल जो बीडीएस का छात्र है, वह पूर्व से ही स्मैक की तस्करी में संलिप्त बताया जा रहा है। हालांकि अभी पुलिस को उसका आपराधिक इतिहास नहीं मिल सका है।

**रामनगर की बाइक पर शकः** हल्द्वानी। करीब एक करोड़ के स्मैक के साथ पकड़े गए आरोपियों के कब्जे से जो बाइक बरामद हुई वह शक के दायरे में है। पकड़े गए तीनों आरोपी उत्तर प्रदेश के रहने वाले हैं, लेकिन उनके पास जो बाइक बरामद हुई है, वह रामनगर आरटीओ में रजिस्टर्ड है। यह बाइक आरोपियों के पास कहां से आई, पुलिस अब तक पता नहीं लगा पाई है। पकड़ी बाइक महिला के नाम से रजिस्टर्ड बताई जा रही है। बताया जा रहा है कि आरोपी लोकल में स्मैक बेचने के लिए इस बाइक का सहारा ले रहे थे।

**पुलिस को देख रपट गई बाइकः** बीते गुरुवार रात पुलिस पर सुभाष नगर बैरियर पर वाहन चेकिंग कर रही थी। इसी बीच एक बाइक में सवार तीन युवक पुलिस को देखकर बैरियर से करीब 30 से 40 मीटर दूरी पर खड़े हो गए। कुछ देर बाद जब एक ट्रक वहां से निकलने लगा तो वे लोग उसी के सहारे बैरियर पार करने के फिराक में थे।

## रोडवेज बसें बढ़ाई जाएं, निगम मार्ग पर न चलें अनुबंधित बसें



हल्द्वानी। उत्तराखंड परिवहन निगम एससी एसटी श्रमिक संघ की बैठक में रोडवेज की बसों का बेड़ा बढ़ाने और निगम बसों के मार्गों पर अनुबंधित बसों को प्रतिबंधित करने की मांग उठाई गई। साथ ही पांच सूत्रीय मांग पत्र तैयार कर निगम अधिकारियों को भेजने का प्रस्ताव पास किया। शनिवार को हल्द्वानी डिपो स्थित संगठन कार्यालय में प्रांतीय अध्यक्ष श्रीनिवास की अध्यक्षता में बैठक हुई। जिसमें पदाधिकारियों ने कहा, निगम अधिकारियों की नीतियों के चलते विभागीय कार्यालयों में कर्मचारियों की संख्या लगातार कम हो रही है। बचे हुए कर्मियों का उत्पीड़न किया जा रहा है। विभाग को जल्द पदोन्नति कर रिक्त पदों को भरना चाहिए। वहीं सरकारी बसों का बेड़ा बढ़ाकर 1200 करना चाहिए। साथ ही निगम की गाड़ियां जिन मार्गों पर संचालित होती हैं उन पर अनुबंधित बसों का संचालन बंद करना होगा। इनके अलावा स्पेयर पार्ट्सों की कमी भी दिक्कतें पैदा कर रही हैं। पदाधिकारियों ने जल्द इन मांगें पूरा न होने पर आंदोलन को चेताया। बैठक में संगठन के प्रांतीय महामंत्री हरीश आर्या, रामपाल सिंह, नंद प्रसाद, भगवान दास, नवीन चंद्र, जीवन चंद्र, देवलाल, बीसी आर्य, किशनचंद आर्य, विमल कुमार, पंकज कुमार व संगठन सदस्य मौजूद रहे।

### सीवर लाइन डालने के नाम पर खोद दी सड़क

हल्द्वानी। सीवर लाइन बिछाने के नाम पर नैनीताल रोड की सड़क को क्षतिग्रस्त करने और मिट्टी का ढेर लगाने की शिकायत सामाजिक कार्यकर्ता बबलू हरमन ने सीएम, कुमाऊं कमिश्नर और डीएम नैनीताल से की है।

शिकायती पत्र में बबलू ने बताया कि नैनीताल रोड पर मैथोडिस्ट चर्च के सामने सीवर लाइन डालने के लिए सड़क खोदी गई। जिसके बाद वहां मिट्टी का ढेर लगा दिया गया। सड़क को भी ठीक नहीं किया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि घरों तक सीवर लाइन का कनेक्शन करने के लिए ठेकेदार पैसे मांग रहा है। इसकी कई बार शिकायत की गई लेकिन, अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। इस लापरवाही से लोगों को आने–जाने में काफी दिक्कत हो रही है। उन्होंने जल्द समस्या से निजात दिलाने की मांग की है।

## अतिक्रमण अभियान से प्रभावित लोगों ने एसडीएम को घेरा



रुद्रपुर। हल्द्वानी रोड पर प्रशासन के अतिक्रमण हटाओ अभियान से प्रभावित लोगों ने एसडीएम का घेराव कर पुर्नवास की मांग की। इस दौरान उन्होंने प्रदर्शन करते हुए प्रशासन से न्याय की मांग की। बीते दिनों प्रशासन की टीम ने हाईकोर्ट के आदेश पर हल्द्वानी रोड पर बाईपास से लेकर आनंदपुर मोड़ तक सड़क के दोनों ओर लोनिवि और राजस्व विभाग की भूमि से अतिक्रमण हटाया था। प्रशासन के इस अभियान से लगभग दौ सौ परिवार प्रभावित हुए थे। शनिवार को प्रभावित लोगों ने बड़ी संख्या में प्रदेश कांग्रेस महासचिव हरीश पनेरू व प्रदेश कांग्रेस सचिव संजीव कुमार सिंह की अगुवाई में उपजिलाधिकारी कार्यालय में एसडीएम कौस्तुभ मिश्रा का घेराव किया। पनेरू ने आरोप लगाया कि प्रशासन गरीबों को निशाना बना रहा है। ऐसी स्थिति में जनप्रतिनिधियों का मौन रहना ठीक नहीं है। अतिक्रमण हटाने को लेकर प्रशासन पारदर्शिता नहीं बरत रहा है। किसी भी गरीब का उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। संजीव कुमार सिंह ने आरोप लगाया कि प्रशासन का मापदंड उचित नहीं है। प्रभावित लोग 40– 50 वर्षों से वहां रह रहे हैं, इसलिए उनके पुर्नवास की व्यवस्था की जानी चाहिए। प्रशासन की गरीबों को न्याय देने की जिम्मेदारी है। एसडीएम कौस्तुभ मिश्रा ने बताया कि हाईकोर्ट के आदेश के बाद अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई है।

घेराव करने वालों में राकेश कुमार, तेज प्रताप, सुरेश, साबिर हुसैन आदि रहे।

# आदित्य रावत का हुआ नेशनल फुटबाल प्रतियोगिता में चयन

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : शहीद मुकेश बिष्ट खेल अकादमी के खिलाड़ी आदित्य रावत का चयन अंडर-19 नेशनल फुटबाल प्रतियोगिता के लिए हुआ है। आदित्य की सफलता पर उनके माता-पिता व गुरुजनों ने खुशी व्यक्त की है।

खेल अकादमी के संचालक सिद्धार्थ रावत ने बताया कि अगस्त माह में आदित्य रावत और शौर्य भंडारी ने कोटद्वार से जनपद स्तरीय चयन प्रक्रिया पास की थी। दोनों ने रुद्रपुर, उधमसिंह नगर में स्थित एक निजी खेल अकादमी में अपने द्वितीय चरण के ट्रायल क्लीयर



किए। जिसमें 15 दिन के शिविर के लिए आदित्य रावत अपना चयन हुआ। बताया कि आदित्य कक्षा 11वीं डीएवी पब्लिक स्कूल में पढ़ता है। आदित्य ने अपनी सफलता का श्रेय अपने फुटबाल प्रशिक्षक महेंद्र सिंह रावत व कोच ऋतिक नेगी को दिया है। बेटे की सफलता पर आदित्य के पिता सतीश सिंह व माता ने खुशी व्यक्त की है। प्रतियोगिता में उत्तराखंड का पहला मुकाबला 25 सितंबर को सिक्किम के साथ, 27 सितंबर को अंडमान निकोबार, एक अक्टूबर को मेजबान मध्य प्रदेश के साथ खेला जाएगा। अंतरराष्ट्रीय फुटबाल कोच व राज्य फुटबॉल संघ के उपाध्यक्ष सुनील रावत ने बताया कि पश्चिम बंगाल के पूर्व मुख्यमंत्री बिधान चंद्र रॉय की स्मृति में इस प्रतियोगिता का अयोजन सन् 1962 से किया जा रहा है।

## मां कालिंका देवी की डोली का केदारनाथ धाम में हुआ भव्य स्वागत

रूद्रप्रयाग : टिहरी जिले के बटखेम की मां कालिंका की डोली शुक्रवार देर शाम केदारनाथ मंदिर पहुंची। केदारसभा के अध्यक्ष राजकुमार तिवारी के नेतृत्व में तीर्थपुरोहितों एवं बीकेटीसी के कार्याधिकारी आरसी तिवारी के नेतृत्व में मंदिर कर्मचारियों ने डोली का भव्य स्वागत किया। बाबा केदारनाथ के दर्शनों के बाद डोली सभामण्डप में विराजमान हुई।

शनिवार को केदारनाथ धाम के तीर्थपुरोहितों ने मंदिर परिसर में मां कालिंका की विशेष पूजा अर्चना कर क्षेत्रवासियों की सुख एवं समृद्धि की कामना की। इस दौरान कई लोगों पर देवता भी अवतरित हुए। जिसके बाद डोली ने मंदिर में परिक्रमा कर भक्तों को आशीर्वाद दिया।

शनिवार को डोली विश्वनाथ मंदिर में रात्रि विश्राम के बाद आज रविवार को कालीमठ पहुँचेगी। केदारसभा के अध्यक्ष राजकुमार तिवारी ने बताया कि पूजा अर्चना के बाद सभी लोगों की खुशहाली की कामना की।

# अधिकारी बैठक में पूरी तैयार के साथ आएं




**जयन्त प्रतिनिधि।**

चमोली : मुख्य विकास अधिकारी डॉ. ललित नारायण मिश्र ने शनिवार को एनआइसी सभागार में सीएम हेल्पलाइन-1905 पर दर्ज शिकायतों की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को पोर्टल पर दर्ज शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए समयबद्धता के साथ निस्तारित करने, शिकायतों की लगातार मानीटरिंग करने तथा शिकायतकर्ता से बात करने के निर्देश दिए। साथ ही अधिकारियों को बैठक में पूरी तैयारी के साथ आने को कहा। इस दौरान पीडी आनन्द सिंह, डीएफओ सर्वेश कुमार दुबे सहित सभी विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# मोरी-नेटवाड़ परियोजना के विरोध में ग्रामीणों ने शुरू किया धरना

उत्तरकाशी : मोरी ब्लॉक के बैनोल गांव में सतलुज जल विद्युत निगम की ओर से बनाई जा रही 60 मैगावाट की मोरी-नेटवाड़ परियोजना के विरुद्ध नैटवाड़ के ग्रामीणों ने अनिश्चितकालीन धरना देना शुरू कर दिया है।

ग्रामीणों ने परियोजना के अधिकारियों पर आरोप लगाया है कि परियोजना निर्माण में ग्रामीणों की 0.546 हेक्टेयर अर्थात 27 नाली भूमि जो अधिग्रहण की गई है। उसके लिए किसी भी काश्तकार की सहमति नहीं ली गई। जिस पर ग्रामीणों ने नाराजगी व्यक्त की और शीघ्र भूमि का सीमांकन कर मुआवजा देने की मांग की।

शनिवार को नैटवाड़ गांव के प्रभावित ग्रामीण 60 मेगावाट की मोरी-नैटवाड़ जल विद्युत परियोजना के बैराज स्थल पर एकत्रित हुए।

जहां ग्रामीणों ने परियोजना अधिकारियों एवं स्थानीय प्रशासन के विरुद्ध जमकर प्रदर्शन किया और धरने पर बैठ गए। ग्रामीणों ने कहा कि परियोजना के नेटवाड़ स्थित बैराज निर्माण में 27 नाली अर्थात (0.546 हेक्टेयर) कृषि भूमि परियोजना प्रबंधन ने बगैर ग्रामीणों की सहमति कर मलबा डंप करने के साथ-साथ गलत ढंग से कृषि भूमि को अधिग्रहण कर तो दिया, लेकिन उनकी सहमति नही ली। कहा कि कई बार परियोजना अधिकारियों ने मुआवजे की मांग पर अधिग्रहित जमीन के सीमांकन करनें का आश्वासन भी दिया किंतु अभी तक न तो भूमि का सीमांकन हुआ और न ही मुआवजे की कार्यवाही की गई।

उन्होंने कहा कि मामले को लेकर जब उन्होंने जिला अधिकारी उत्तरकाशी को शिकायत की तो राजस्व विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे और परियोजना प्रतिनिधि व ग्रामीणों के साथ स्थलीय निरीक्षण कर 27 नाली भूमि अधिग्रहण की पुष्टि हुई। किंतु अभी तक सतलुज प्रशासन ने ग्रामीणों को मुआवजा वितरित नहीं किया। ग्रामीणों ने यदि एक सप्ताह के अंदर वर्तमान दरों के अनुरूप उनका प्रतिकर नही दिया गया तो अनिश्चित कालीन धरना प्रदर्शन जारी रहेगा। धरना पर बैठने वालों में सामाजिक कार्यकर्ता राजेश रावत, राजेश कुमार, महेंद्र नाथ, बैजती नाथ, शिव सिंह, शूरवीर सिंह, पुट्टी सिंह, जगत सिंह, दूधनाथ, कैलाश सिंह, उपेंद्र सिंह, राजेश रावत, शूरवीर सिंह, अतर सिंह, मनोज सिंह रावत, प्रमोद सिंह, जगत सिंह, शीशपाल सिंह आदि मौजूद हैं। (एजेंसी)

## जिपं की बिष्टौसी सीट पर पांच लोगों ने कराया नामांकन

टिहरी : पंचायत उपचुनाव की अधिसूचना जारी होने के साथ रिक्त पड़ी जिला पंचायत की बिष्टौसी सीट पर उपचुनाव हेतु पांच लोगों ने नामांकन करवाया है। धनोल्टी विधानसभा की जिपं बिष्टौसी सीट पर भाजपा के देवेन्द्र पंवार, कांग्रेस के संदीप राणा आप के अमरेंद्र बिष्ट तथा विपिन और मनजीत पंवार ने निर्दलीय प्रत्याशी के रुप में नामंकन दाखिल करवाया। भाजपा प्रत्याशी ने कहा कि वह चुनाव को लेकर पूरी तरह से तैयार है। कांग्रेस प्रत्याशी ने कहा ने कहा कि कांग्रेस ने मुझ जैसे छोटे कार्यकर्ता को प्रत्याशी बनाकर कार्यकर्ताओं का समान किया। कांग्रेस जिलाध्यक्ष राकेश राणा ने कहा कि जिपं बिष्टौसी सीट पर कांग्रेस का प्रत्याशी भारी बहुमत से जीत हासिल करेंगा।

# देवप्रयाग में जल्द बनेगा 10 करोड़ की लागत से आईटीआई भवन

टिहरी : देवप्रयाग विधायक विनोद कंडारी ने कहा कि देवप्रयाग नगर पालिका क्षेत्र में जल्दी ही 10 करोड़ लागत का आईटीआई भवन स्थापित होगा, जिसमे सभी आधुनिक ट्रेड का संचालन किया जाऐगा।

मई 2021 को शांता नदी में आई आपदा से बहुद्देशीय भवन में चल रहा आईटीआई भवन जमीदोज हो गया था। विधायक ने शनिवार को पालिका सभागार में दोबारा आईटीआई की शुरुआत की, विधायक ने फर्नीचर और कंप्यूटर के लिये पांच लाख की विधायक निधि दी। उन्होंने कहा की जल्द ही आईटीआई का भवन बनेगा। बताया संगम से टोड़ेश्वर में बन रहे पुल का लोकार्पण, अलकनंदा और भागीरथी पुल के पुनर्निर्माण कार्य की मुख्यमंत्री शुरुआत करेंगे, तीर्थनगरी के विकास में कोई कमी नहीं की जायेगी। कहा देवप्रयाग और कीर्तिनगर के लिये 14 करोड़ की पेजयल योजना स्वीकृत हो चुकी है, डिग्री कॉलेज खेल मैदान के लिये साढ़े 3 करोड़ राशि दी जा चुकी है। टिहरी रियासत कालीन सती मंदिर का जीर्णोद्धार किया जाएगा। विधायक ने पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष स्व. राजेश अग्रवाल के योगदान को भी याद किया। पालिकाध्यक्ष कृष्णकांत कोटियाल ने नगर में पार्किंग और खाद्य गोदाम बनाये जाने की मांग रखी। साथ ही बदरीनाथ मास्टर प्लान में देवप्रयाग तीर्थपुरोहित समाज से सहयोग करने का विधायक से आग्रह भी किया। इस मौके पर आईटीआई प्रधानाचार्य शैलेन्द्र मोहन शर्मा, भाजपा नगरध्यक्ष शशि ध्यानी, पल्लवी शर्मा, भुवनेश्वर कुंवर, चंद्रशेखर पांडे, अमित बहुगुणा, नीरज ध्यानी, सभासद रूपेश गुसाईं, बलवीर राणा, महेशानंद जुयाल, वीरेंद्र सिंह, मुकेश ध्यानी, माधव मेवाडगुरु, रमेश भट्ट, विजय जोशी, नन्दन बिष्ट, नीता ध्यानी, रेखा भट्ट, सरिता कर्नाटक, अनिता कोटियाल, भूप सिंह, सुनील रावत, दिनेश बिष्ट मौजूद थे। (एजेंसी)

# नगर कीर्तन के साथ शुरू हुआ गुरू सिंह सभा लंढौर का 106वां सालान दीवान

देहरादून। गुरू सिंह सभा का 106वां सालाना दीवान नगर कीर्तन शोभा यात्रा के साथ शुरू हो गया। इस मौके पर गुरूद्वारा लंढौर में प्रातः भोग अखंड पाठ, शबद कीर्तन व व्याख्यान का आयोजन किया गया व गुरू का लंगर के साथ ही नगर कीर्तन का शुभारंभ किया गया। गुरू ग्रंथ साहिब के पहले प्रकाश गुरू पर्व को समर्पित गुरू सिंह सभा लंढौर मसूरी का 106वां दो दिवसीय सालाना गुरमत समागम शुरू हो गया। पहले दिन लंढौर गुरूद्वारे में भोग, अखंड पाठ, शबद कीर्तन व व्याख्यान किया गया व गुरू के लंगर के बाद नगर कीर्तन शोभा यात्रा निकाली गई बैंड बाजों व अखाडे के साथ नगर कीर्तन शोभा यात्रा गुरू द्वारा लंढौर से शुरू होकर मलिंगार, लंढौर चौक, लंढौर बाजार, शहीद भगत सिहं चौक, मालरोड होते हुए गांधी चौक तक गई। रास्ते भर श्रद्धालुओं ने नगर कीर्तन में शामिल श्रद्धालुओं के लिए जलपान का आयोजन कर रखा था। शोभा यात्रा में बैंड के साथ ही गुरू नानक बालक व गुरू नानक बालिका का बैंड, सहित पावंटा साहित से आयी पालकी साहिब वाहन में गुरूग्रथ साहब के दर्शन श्रद्धालुओं ने किए वहीं पंच प्यारे नगर कीर्तन का मुख्य आकर्षण रहे। वहीं रास्ते भर भांगड़ा पार्टी, मसूरी देहरादून के विभिन्न गुरूद्वारों आंढत बाजार, करन पुर, डोईवाला, पंडितवाड़ी आदि का कीर्तनी जत्था कीर्तन करते चल रहा था। गांधी चौक पहंचने गुरूद्वारा गांधी चौक में शाम का दीवान सजा व शबद कीर्तन व व्याख्यान आयोजित किए गये व उसके बाद रात्रि के लंगर का आयोजन किया गया। इस मौके पर गुरू सिंह सभा लंढौर के अध्यक्ष एमपीएस खुराना, मंत्री नरेंद्र सिह, त्रिलोचन सिंह, अवतार कुकरेजा, पालिका सभासद जसबीर कौर, जसोदा शर्मा सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## मंत्री जोशी ने किया स्टोर का शुभारंभ

देहरादून। मलाबार गोल्ड एंड डायमंड्स ने देहरादून में अपने पहला स्टोर खोल दिया है। इसका शुभारंभ काबीना मंत्री गणेश जोशी ने किया। मलाबार ग्रुप के अध्यक्ष एमपी अहमद ने कहा कि मलाबार गोल्ड एंड डायमंड्स देश की सबसे बड़ी गोल्ड एंड डायमंड रिटेल चेन है।

## सड़क और नालों का काम शुरू करे नगर निगम

देहरादून। पूर्व विधायक राजकुमार ने सड़क, नालों और पुलिया का काम शुरू करने का अनुरोध किया है। उन्होंने इसके लिए नगर आयुक्त को ज्ञापन सौंपा है।पूर्व विधायक ने कहा कि एक माह पहले नगर निगम क्षेत्र में सभी वार्डों के निर्माण कार्य सडक, नाली, नाले एवं पुलिया के लिए टेंडर किए थे। लेकिन अभी तक इन कामों को स्वीकृति नहीं मिल पाई। कहा कि बरसात के कारण नगर निगम क्षेत्र में सभी वार्डों की सडकें, नालियां, नाले क्षतिग्रस्त हैं और नालियों में पानी भरा हुआ है, जिनकी सफाई नहीं हो पा रही है, इससे डेंगू का प्रकोप भी बढ़ रहा है। उन्होंने फॉगिंग और लार्वानाशक दवाओं के छिड़काव में भी तेजी लाने की जरूरत बताई। चेताया कि यदि ऐसा नहीं किया जाता है तो आंदोलन किया जाएगा।

# श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ मनाया गया महानिर्वाण पर्व

देहरादून। श्री गुरु राम राय जी महाराज का 337 वां महानिर्वाण पर्व परंपरागत रूप में शनिवार को श्रद्धापूर्वक मनाया गया। दरबार श्री गुरु राम राय जी महाराज के सज्जादानशीन श्रीमहंत देवेन्द्र दास महाराज ने महानिर्वाण पर्व पर विशेष पूजा अर्चना की। श्री महाराज श्री झण्डे जी परिसर के निकट स्थित तालाब किनारे श्री गुरु राम राय जी महाराज को तर्पण दिया। 17 पुरोहितों द्वारा चावल, दूध, शहद, गंगाजल, घी एवं शक्कर का पिण्ड बनाकर पूजन किया गया। श्री दरबार साहिब के आचार्य, पण्डित व पुरोहितों ने पूजा–अर्चना में सहयोग किया। इसके पश्चात संगतों को फलों का प्रसाद वितरित किया गया। देश–विदेश से आये श्रद्धालुओं को श्रीमहंत देवेन्द्र दास महाराज ने आशीर्वाद दिया। विशेष लंगर का आयोजन भी किया गया। सायं–



काल में श्रद्धालुओं को हलवा–पूरी एवं चूरमा का प्रसाद वितरित किया गया। देश के विभिन्न राज्यों से आये वृद्ध, युवा तथा बच्चे इस महानिर्वाण पर्व की पूजा अर्चना का हिस्सा बने। श्री महंत इन्दिरेश अस्पताल के डॉक्टरों की टीम मेडिकल सहायता के लिए श्री दरबार साहिब में उपलब्ध रही। श्रीमहंत देवेन्द्र दास महाराज ने कहा कि गुरु को ईश्वर से भी ऊपर का स्थान प्राप्त है। क्योंकि गुरु के ज्ञान व गुरु के बताए मार्ग से हम ईश्वर को प्राप्त कर सकते हैं। गुरु पर्व गुरु के प्रति सम्मान एवम् समर्पण का पर्व है। वहीं श्री दरबार साहिब में सुबह से लेकर देर शाम तक संगतों का तांता लगा रहा है। संगतों ने श्री झण्डे साहिब, श्री दरबार साहिब के दर्शन किये व श्री महाराज जी से आशीर्वाद प्राप्त किया

**चैत्र मास की पंचमी को हुआ गुरु महाराज का जन्म**

श्री गुरु राम राय जी महाराज का जन्म 1646 ईसवी में चैत्र मास की पंचमी को हुआ था। वर्ष 1676 में गुरु महाराज पहली बार दून आये और इसे अपनी कर्मस्थली बनाकर पावन किया। उनके डेरे के नाम से ही नगर का नाम देहरादून पड़ा। 4 सितम्बर सन् 1687 को वे परमात्मा में लीन हो गये। श्री गुरु महाराज जी की आत्मा को अमर मानते हुए संगतें समाधि की सेवा करती हैं और श्रद्धालु इस दिन को महानिर्वाण पर्व के रूप में मनाते हैं।

## मॉर्निंग वॉक पर गई महिला से कुंडल लूट का आरोपी पकड़ा

देहरादून। पुलिस ने मॉर्निंग वॉक पर गई महिला के कुंडल लूटने के आरोपी और कुंडल खरीदने वाले ज्वैलर को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस के अनुसार, सुशीला उनियाल निवासी बद्रीश कॉलेनी गुरुवार सुबह मॉर्निंग वॉक पर गई थीं। इस दौरान एक युवक ने उन्हें रोका और कान से कुंडल लूटकर फरार हो गया। पुलिस ने महिला के बेटे की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर छानबीन शुरू की। पुलिस ने आसपास के क्षेत्रों में करीब 70 सीसीटीवी कैमरे खंगाले। इनका अवलोकन करने पर एक युवक संदिग्ध दिखा। जिसे शनिवार को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की पहचान अमन फर्सवाण निवासी आदर्श कॉलोनी रिंग रोड के रूप में हुई। पूछताछ में उसने बताया कि उसने कुंडल एक ज्वैलर को बेच दिए हैं। इसपर पुलिस ने चोरी का सामान खरीदने के आरोप में अजय कुमार निवासी गुर्जरों वाला चौक रायपुर को भी गिरफ्तार किया है। चोरी के कुंडल बरामद हो गए हैं।

## पीडब्ल्यूडी कर्मचारियों की आपात बैठक आज

देहरादून। लोक निर्माण विभाग नियमित वर्कचार्ज कर्मचारी संघ ने पेंशन का लाभ देने की मांग को लेकर आंदोलन की तैयारी शुरू कर दी है। संघ ने रविवार को एक आपात बैठक बुलाई है। प्रदेश अध्यक्ष हिकमत सिंह नेगी और महामंत्री राजेश प्रसाद ने कहा कि जो कर्मचारी 31 अक्तूबर 2022 को रिटायर हुए हैं, उनकी अभी तक पेंशन नहीं लग पाई। सरकार कर्मचारियों की मांग को गंभीरता से नहीं ले रही है। जिस कारण कर्मचारियों को अब मजबूर आंदोलन के लिए बाध्य होना पड़ेगा।

## डांडा धर्मपुर में भव्यता से निकली मां नंदा की डोली यात्रा

देहरादून। मां नंदा राज राजेश्वरी जन कल्याण समिति द्वारा मां नंदा देवी के दसवीं भव्य डोली कलश यात्रा ढोल दमाऊंके साथ डांडा धर्मपुर में निकाली गई। सैकड़ों की संख्या में भक्तगण उत्साह से डोली यात्रा में शामिल हुए। पूर्व सीएम त्रिवेन्द्र सिंह रावत, मेयर सुनील उनियाल गामा, टपकेश्वर के महंत कृष्ण गिरी महाराज, रणजीत भंडारी आदि ने मां नंदा की डोली को भक्ति भाव के साथ कंधा दिया। जय भगौती नंदा चली कैलाश के स्वर में डोली यात्रा डांडा धर्मपुर लेन नम्बर वन नेहरु कॉलोनी, फाउंटेन चौक, सागर गिरी आश्रम डांडा धर्मपुर, बद्रीश कॉलोनी, प्राचीन नंदास्थली मंदिर प्रांगण तक निकाली गई। मार्ग में जगह जगह पुष्पवर्षा की गई। जहां पूजा अर्चना के बाद मां नंदा का आह्वान किया गया। इस अवसर पर कथा वक्ता आचार्य शिव प्रसाद ममगाईं ने कहा कि नंदा उत्सव उत्तराखंड का प्रसिद्ध प्रेम व भक्ति का मेल है। नंदा उत्तराखंड में पार्वती व हिमालय की बेटी मैनावती का स्वरुप है।

# रोवर रेंजर्स रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए

उत्तरकाशी : राजेंद्र सिंह रावत राजकीय महाविद्यालय की रोवर रेंजर्स इकाई के तीन दिवसीय प्रवेश परीक्षा शिविर का रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ समापन हो गया है। कार्यक्रम में रोवर रेंजर द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। रेंजर ज्योति, सोनालिका, और पायल ने एकल नृत्य की प्रस्तुति दी। संपन्न, प्रफुल्ल एवं ग्रुप ने पांडव नृत्य का मंचन किया।

तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में रोवर रेंजर्स को भारत स्काउट एवं गाइड के इतिहास, उसकी प्रासंगिकता एवं समृद्ध कार्यक्षेत्र से परिचित कराने का कार्य रोवर रेंजर्स ट्रेनर बीरेंद्र सिंह द्वारा कराया गया तथा रोवर रेंजर्स को निपुण शिविर, राज्यपाल एवं राष्ट्रपति पुरस्कार से संबंधित जानकारी दी गई। शिविर के तीनों दिवसों में झंडारोहण, बीपी 6, फर्स्ट एड, विभिन्न प्रकार की गांठों एवं उनके प्रयोग, पायनियरिंग एवं विभिन्न प्रकार के गैजेट्स बनाने का प्रशिक्षण रोवर रेंजर्स को दिया गया। समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि बड़कोट नगर पालिका अध्यक्ष अनुपमा रावत ने बच्चों को संबोधित करते हुए उन्हें अपने सामाजिक कर्तव्यों के निर्वहन के लिए प्रेरित किया। महाविद्यालय की रेंजर लीडर डा. अंजु भट्ट ने कैंप की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए शिविर की सफलता पर रोवर रेंजर्स को शुभकामना देते हुए भविष्य में भी इस प्रकार के शिविर हेतु रोवर रेंजर्स को आश्वस्त किया तथा रोवर लीडर डा जगदीश चंद्र ने रोवर रेंजर्स को संबोधित करते हुए छात्रों को सर्टिफिकेट वितरित किए। कार्यक्रम का संचालन रेंजर रीतिका द्वारा किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य विनोद कुमार ने शिविर के सफल आयोजन के लिए समस्त प्रतिभागियों को बधाई दी। वहीं प्रशिक्षक बिरेंद सिंह ने रोवर रेंजर की सराहना करते हुए उन्होंने बधाई दी। शिविर में 45 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया। (एजेंसी)

## लोन बंद कराने के नाम पर व्यक्ति से 1.85 लाख ठगे

देहरादून। दून निवासी एक व्यक्ति लोन बंद कराने के चक्कर में 1.85 लाख रुपये गंवा बैठे। साइबर ठग ने फाइनेंस कंपनी का कर्मचारी बनकर उन्हें झांसे में लिया। मामले में बसंत विहार थाने में अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस के अनुसार, भारत भूषण निवासी विजय पार्क, बसंत विहार ने तहरीर दी कि उन्होंने अप्रैल 2023 में एक फाइनेंस कंपनी से 2.10 लाख रुपये का लोन लिया था। चार सितंबर को उन्हें अज्ञात नंबर से कॉल आया। कॉल करने वाले ने बताया कि वो संबंधित फाइनेंस कंपनी की कस्टमर केयर से बोल रहा है। उसने बताया कि आप लोन बंद करा सकते हैं, इसके लिए उसने व्हाट्सएप के जरिए लोन बंद करवाने के लिए फोरक्लोसर रिपोर्ट भेजी।

# महिलाओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होने की जरूरत

टिहरी : पीजी कॉलेज नई टिहरी में महिला उत्पीड़न निवारण समिति, गृह विज्ञान एंव वाणिज्य विभाग के संयुक्त तत्वावधान में प्रदेश सरकार के नियोजन विभाग की ओर से कार्यशाला आयोजित की गई।शनिवार को पीजी कॉलेज में आयोजित कार्यशाला का शुभारंभ प्राचार्य प्रो. पुष्पा नेगी ने किया। उन्होंने ने कहा कि महिलाओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होने के जरुरत है। तभी महिला उत्पीड़न पर पूरी तरह से रोक लग सकती है। अधिवक्ता नीरज कौशल ने सतत विकास लक्ष्यों में महिला की सुरक्षा और अधिकारों के बारे में जानकारी दी। एडिशनल सीएमओ डॉ. दीपा रुआली महिला स्वास्थ्य और उनके अधिकारों के बारे में बताया। डॉ. रितु नेगी ने कहा कि संविधान में पुरुषों के साथ महिलाओं को भी बराबरी की भागदारी दी गई। डॉ. डीपीएस भंडारी तथा डॉ. रुहानी ने कहा कि महिलाओं के लिये सरकार की ओर से कई योजनाएं संचालित की गईं, जिनका उन्हें लाभ लेना चाहिए, साथ ही महिलाओं के विभिन्न अधिकारों के बारे में जानकारी दी।

इस मौके पर डॉ. प्रीति शर्मा, संदीप चौधरी, पुष्पा कुमारी, मैत्रेयी थपलियाल, विजय नेगी, आरती खंडूड़ी, अरविंद मोहन पैन्यूली, पुष्पा पंवार, भारती जयसवाल, हेमलता बिष्ट, निशांत भट्ट, अंकिता बोरा, अरविंद रावत, डॉ. कामिनी पुरोहित सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। (एजेंसी)

# रैली निकालकर स्वच्छता के प्रति किया जागरूक

टिहरी : नगर पालिका चंबा की ओर से स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के तहत बीते 15 सितंबर से आगामी 2 अक्टूबर तक पालिका क्षेत्र में स्वच्छता अभियान के तहत जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है।

पालिकाध्यक्ष सुमना रमोला ने कहा कि पालिका की ओर से समय-समय पर नगर के लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरुक किया जाता रहा है। उन्होंने लोगों से सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग पूर्ण रुप से बंद करने की अपील की।

शनिवार को स्वच्छता ही सेवा



कार्यक्रम के तहत पालिका क्षेत्र के लोगों को सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग पूर्ण रुप से बंद करने की अपील के साथ नगर में स्वच्छता रैली निकाली गई। जागरुकता रैली में राबाइंका चंबा, स्वामी विवेकानंद स्कूल, मॉर्डन स्कालर्स एकेडमी के छात्र-छात्राओं प्रतिभाग किया, रैली समापन के बाद छात्रों ने मुख्य चौराहे पर नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को स्वच्छता और सिंगल यूज प्लास्टिक के बारे में जागरुक किया। मौके पर स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर सोमवारी लाल सकलानी, ईओ यूडी तिवारी, सभासद रघुवीर रावत, विजय लक्ष्मी चौहान, सुनैना शाह, शक्ति जोशी, राजवीर पंवार, कृष्ण प्रसाद सेमवाल, ओमप्रकाश तिवाड़ी, गबर बिष्ट, पवन सेमवाल, हरीशमणि, सीमा, प्रमिला, अनुज, शरद पुंडीर, मोहित भंडारी, पंकज नेगी, किरन खंडूरी, बिजेंद्र रावत, मनीष सलानी, पंकज जोशी आदि शामिल थे। (एजेंसी)

## स्थानांतरण पर प्रो. शाह को दी विदाई

चमोली : महाविद्यालय गोपेश्वर में बीएड विभाग के पूर्व विभाग प्रभारी प्रो. बीसी शाह के स्थानांतरण पर विदाई दी गई। प्रो. बीसी शाह का स्थानांतरण राजकीय महाविद्यालय कोटद्वार हुआ है। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर कुलदीप नेगी, डा. ममता, डा. अखिलेश कुकरेती, डा. गीता शाह, प्रो. अमित जायसवाल, प्रो. चंद्रावती जोशी, प्रो. मनोज उनियाल, डा. हिमांशु बहुगुणा, डा. कुलदीप नेगी, डा. सरिता पंवार, डा. रमाकांत यादव, डा. ललित तिवारी, डा. मनीष मिश्रा, गिरीश आर्य, पुष्पा कोहली, सुनीता कपरवाल आदि मौजूद थे। (एजेंसी)

## ग्रामीणों ने जताई खुशी

चमोली : सिमली-शैलेश्वर मोटर मार्ग के नौटी तक जोड़ने की स्वीकृति पर चांदपुर पट्टी के ग्रामीणों ने खुशी व्यक्त की है। भाजपा प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य समीर मिश्रा, कनोठ के पूर्व प्रधान अनिल कंडवाल, बीकेटीसी के पूर्व सदस्य अरूण मैठाणी, गबर सिंह रावत, जिला पंचायत सदस्य विनोद नेगी आदि ने कर्णप्रयाग विधायक अनिल नौटियाल और प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का आभार जताया है। (एजेंसी)

## रूस की मुश्किलें बढ़ी, यूक्रेन को लंबी दूरी की हाइटेक मिसाइल भेजेंगे बाइडेन

**वाशिंगटन , एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने अपने यूक्रेनी समकक्ष से कहा है कि वाशिंगटन कीव को एक प्रकार की लंबी दूरी की मिसाइल भेजेगा, जो रूस के अंदर हमला करने में सक्षम होगी। यह स्पष्ट नहीं है कि एटीएसीएमएस के नाम से जाना जाने वाला आर्मी टैक्टिकल मिसाइल सिस्टम यूक्रेन को कब दिया जाएगा, न ही यह निश्चित है कि औपचारिक घोषणा कब की जाएगी। रिपोर्ट में तीन अमेरिकी अधिकारियों और चर्चाओं से परिचित एक कांग्रेसी अधिकारी का हवाला दिया गया है, जो जानकारी को सार्वजनिक करने के लिए अधिकृत नहीं है। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, यूक्रेन लंबे समय से रूस के साथ चल रहे युद्ध में अपनी लड़ाकू ताकतों को बढ़ावा देने के लिए अमेरिका से एटीएसीएमएस की मांग कर रहा है। बाइडेन प्रशासन को डर था कि यूक्रेनी सैनिक लंबी दूरी की मिसाइलों का उपयोग करके रूस पर हमला कर देंगे।

## सूडान में युद्ध के कारण 53 लाख लोग हुये विस्थापित

**खार्तूम ,एजेंसी।** सूडानी सशस्त्र बलों (एसएएफ) और अर्धसैनिक रैपिड सपोर्ट फोर्स (आरएसएफ) के बीच संघर्ष शुरू होने के बाद अप्रैल के मध्य से सूडान में युद्ध से लगभग 53 लाख लोग विस्थापित हो गये। मानवीय मामलों के समन्वय के लिए संयुक्त राष्ट्र कार्यालय (ओसीएचए) ने यह जानकारी दी। ओसीएचए ने अपनी नवीनतम रिपोर्ट में कहा, अप्रैल के बाद से पांचवें महीने में एसएएफ और आरएसएफ के बीच लड़ाई के कारण, लगभग 53 लाख लोग अपने घर छोड़कर सूडान या पड़ोसी देशों में शरण ले चुके हैं। इसमें कहा गया है, सूडान के भीतर, 19 सितंबर तक सभी 18 राज्यों में 3,929 स्थानों पर 42 लाख से अधिक लोग विस्थापित हुए हैं। ओसीएचए ने संयुक्त राष्ट्र शरणार्थी एजेंसी (यूएनएचसीआर) के हवाले से कहा कि इसके अलावा, 10 लाख से अधिक लोग मध्य अफ्रीकी गणराज्य, चाड, मिस्र, इथियोपिया और दक्षिण सूडान सहित पड़ोसी देशों में चले गए हैं।

## रॉबर्ट मेनेंडेज़ ने अभियोग के बाद अमेरिकी सीनेट के विदेश संबंध अध्यक्ष पद से दिया इस्तीफा

**वाशिंगटन ,एजेंसी।** डेमोक्रेटिक न्यू जर्सी के गवर्नर फिल मर्फी ने न्याय विभाग द्वारा विधायक और उनकी पत्नी के खिलाफ रिश्वतखोरी के आरोपों की घोषणा के बाद अमेरिकी सीनेटर रॉबर्ट मेनेंडेज़ ने कांग्रेस में अपनी सीट से इस्तीफा देने की मांग की है। शुक्रवार को जारी एक बयान में कहा गया,सीनेटर मेनेंडेज़ और अन्य प्रतिवादियों को दोषी नहीं पाया गया हैज् हालांकि, कथित तथ्य इतने गंभीर हैं कि वे हमारे राज्य के लोगों का प्रभावी ढंग से प्रतिनिधित्व करने के लिए सीनेटर मेनेंडेज़ की क्षमता से समझौता करते हैं।

## 30 से अधिक हत्याओं के मामले में वांछित गिरोह पर पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 6 संदिग्ध मार गिराए

**रियो डी जनेरियो ,एजेंसी।** ब्राजील पुलिस के साल्वाडोर में एक ऑपरेशन में कम से कम छह संदिग्ध मारे गए। साल्वाडोर बाहिया प्रांत की क्षेत्रीय राजधानी है, जहां 29 लाख लोग रहते हैं। पुलिस ने इस महीने 30 से अधिक लोगों की हत्या के आरोपी एक आपराधिक समूह के खिलाफ एक मेगा ऑपरेशन चलाया, जिसके परिणामस्वरूप अब तक 34 लोगों की मौत हो चुकी है। ऑपरेशन कई हत्याओं के आरोपी आपराधिक गिरोह के खिलाफ 43 तलाशी और गिरफ्तारी वारंट को अंजाम देने के लिए चलाया गया था।

### अमेरिकी पूर्व रक्षा विशेषज्ञ की कनाडा को दो टूक

# 'निज्जर और लादेन में कोई अंतर नहीं', भारत पर लगाए आरोप गलत

**नई दिल्ली ,(एजेंसी)।** खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के मामले में भारत पर आरोप लगाकर कनाडा के पीएम जस्टिस ट्रूडो फंसते नजर आ रहे हैं। दरअसल जस्टिन ट्रूडो अपने आरोपों के पक्ष में कोई सबूत पेश नहीं कर पाए हैं, वहीं भारत ने जिस तरह से कनाडा के आरोपों पर कड़ा रुख अख्तियार किया है, उससे खुद कनाडा के प्रधानमंत्री भी हैरान होंगे। कनाडा के सहयोगी 'फाइव आइज' (अमेरिका, ब्रिटेन, न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया) देशों से भी अब उन्हें समर्थन नहीं मिल रहा है। अब अमेरिका के रक्षा मंत्रालय पेंटागन के एक पूर्व वरिष्ठ अधिकारी ने जस्टिन ट्रूडो की तीखी आलोचना की है और आरोप लगाया है कि ट्रूडो बिना सोचे समझे भारत पर आरोप लगा रहे हैं और इसमें वह फंस गए हैं।

पेंटागन के पूर्व अधिकारी और अमेरिकन एंटरप्राइजेज इंस्टीट्यूट के वरिष्ठ फेलो माइकल रुबिन ने भारत कनाडा विवाद पर कहा कि 'मुझे नहीं लगता कि कनाडा के सहयोगी देश जस्टिन ट्रूडो की थ्योरी से सहमत हैं। जब जमाल खाशोगी की इंस्तांबुल में हत्या हुई थी तो उस वक्त तुर्किए ने कई अहम सबूत दिए थे, जिसके चलते सऊदी अरब की दुनियाभर में आलोचना हुई थी। लेकिन जस्टिन ट्रूडो बिना सोचे समझे आरोप लगा रहे हैं और वह अब तक कोई सबूत पेश नहीं कर सके हैं। जब ट्रूडो कहते हैं कि उन पर विश्वास कीजिए तो कोई भी उन पर विश्वास नहीं करता। यह सबकुछ चुनाव प्रचार के लिए हो रहा है, जिसमें ट्रूडो हारते दिख रहे हैं। यही वजह है कि अमेरिका समेत फाइव आइज देश इस मुद्दे पर कनाडा का साथ नहीं दे रहे हैं।'

माइकल रुबिन ने कहा कि 'हरदीप सिंह निज्जर कोई शरीफ आदमी नहीं था। उसके हाथों पर खून लगा है और वह कई हमलों में शामिल रहा। हरदीप सिंह निज्जर भी वैसे ही प्लंबर था, जैसे ओसामा बिन लादेन कंस्ट्रक्शन इंजीनियर था। विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकेन ने अपने बयान में कहा कि हम अंतरराष्ट्रीय उत्पीडऩ के खिलाफ हैं लेकिन अगर वह ऐसा कह रहे हैं तो हम पाखंड कर रहे हैं क्योंकि यह अंतरराष्ट्रीय उत्पीडऩ नहीं है बल्कि यह अंतरराष्ट्रीय आतंकवाद है। अमेरिका ने जो कासिम सुलेमानी के साथ किया या ओसामा बिन लादेन के साथ किया, उसमें और भारत ने जो किया, उसमें अंतर नहीं है।'

अमेरिकी रक्षा विशेषज्ञ ने कहा कि 'कनाडा के पीएम जस्टिन ट्रूडो ने एक बड़ी गलती कर दी है। उन्होंने जिस तरह से भारत पर आरोप लगाए हैं, अब वह उनसे पलट भी नहीं सकते क्योंकि वह अगर अपनी बात पर कायम रहते हैं तो उन्हें सबूत पेश करने होंगे और अगर यह साबित भी हो जाता है कि निज्जर की हत्या के पीछे भारत है तो उन्हें इस पर भी जवाब देना होगा कि उन्होंने एक आतंकवादी को क्यों पनाह दी।'

माइकल रुबिन ने बड़ा बयान देते हुए कहा कि 'अमेरिका उस स्थिति में नहीं आना चाहता कि उसे दो दोस्तों में से किसी एक को चुनना पड़े, लेकिन अगर ऐसा होता है तो हम भारत को चुनेंगे क्योंकि निज्जर एक आतंकवादी था और भारत, अमेरिका के लिए अहम भी है। हमारे संबंध महत्वपूर्ण हैं। जस्टिन ट्रूडो लंबे समय तक कनाडा के पीएम नहीं रहेंगे और ऐसे में उनके जाने के बाद हम फिर से संबंध मजबूत कर सकते हैं।'

## बंग्लादेश में राष्ट्रीय चुनाव स्वतंत्र और पारदर्शी होना चाहिए : पीएम हसीना

**ढाका ,एजेंसी ।** बंगलादेश की प्रधान मंत्री शेख हसीना ने टिप्पणी की है कि अगर देश के राष्ट्रीय चुनाव को विफल करने के लिए विदेशी देशों से कोई साजिश होगी, तो इस देश के लोग भी उन पर प्रतिबंध लगाएंगे। उन्होंने कहा, बंगलादेशियों पर अमेरिकी वीजा नीति लागू होने को लेकर डरने की कोई बात नहीं है। प्रधान मंत्री शेख हसीना ने न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा को संबोधित करने के बाद एक संवाददाता सम्मेलन में ये टिप्पणियां कीं। विदेश मंत्री एके अब्दुल मोमेन भी उनके साथ थे। चुनाव रोकने के नाम पर बीएनपी–जमात की विभिन्न गतिविधियों पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने पत्रकारों से कहा कि सभी तथ्यों को अच्छे से दिखाने की जरूरत है।उन्होंने कहा कि जो लोग प्रतिबंध जारी करेंगे, वे उसे भी देखेंगे, एक पक्ष नहीं। इसे सबसे पहले किसने शुरू किया यह देखना चाहिए। इसे देखने के बाद मंजूरी दी जायेगी। अगर अवामी लीग को निशाना बनाया गया है तो मुझे कुछ नहीं कहना है।अमेरिकी प्रतिबंध को लेकर प्रधानमंत्री ने कहा कि जो लोग ऐसा कह रहे हैं उन्हें अपने देश के चुनाव से भी दिक्कत है। हम देख सकते हैं कि वे अपने विरोध के साथ क्या कर रहे हैं। हसीना ने कहा, हमने ऐसा नहीं किया।उन्होंने कहा कि अवामी लीग (एएल) किसी की शक्ति पर विश्वास करके सत्ता में नहीं आई, उन्होंने कहा, हम लोगों के वोट से सत्ता में आए, किसी ने हमें यह नहीं सौंपा।

## मान्यता प्राप्त प्राइवेट स्कूल संबद्धता के लिए अब 9 अक्टूबर तक कर सकेंगे आवेदन

**भिवानी ,(एजेंसी)।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड से संबद्ध सैकेंडरी/सीनियर सैकेंडरी/गुरूकुल/विद्यापीठ परीक्षा शैक्षिक सत्र 2023–24 के लिए अराजकीय स्थाई मान्यता प्राप्त विद्यालयों से सम्बद्धता आवेदन–पत्र व शुल्क गेटवे पेमेंट के माध्यम से जमा करवाने की अंतिम तिथियां बिना विलम्ब शुल्क के 25 सितम्बर से 9 अक्तूबर एवं विलम्ब शुल्क 5000 रूपए सहित 10 अक्तूबर से 19 अक्तूबर, 2023 तक निर्धारित की गई हैं।

बोर्ड प्रवक्ता ने बताया कि शैक्षिक सत्र 2023–24 के लिए अराजकीय स्थाई मान्यता प्राप्त विद्यालय जो पहले से ही शिक्षा बोर्ड से सम्बद्धता प्राप्त हैं, उन द्वारा सम्बद्धता निरन्तरता शुल्क 2000 रुपए शुल्क जमा करवाना होगा। उन्होंने आगे बताया कि नई सम्बद्धता/अपग्रेड हेतु 20000 रुपए शुल्क जमा करवाया जाना है। उन्होंने बताया कि गुरूकुल/विद्यापीठों द्वारा निरन्तरता शुल्क 8000 रूपए शुल्क जमा करवाया जाना है। उन्होंने बताया कि राजकीय विद्यालयों द्वारा केवल सम्बद्धता फॉर्म के अनुसार वांछित दस्तावेज अपलोड किये जाने आवश्यक हैं, उन द्वारा सम्बद्धता शुल्क जमा नहीं करवाया जाना है। उन्होंने बताया कि यदि राजकीय/अराजकीय विद्यालय/गुरुकुल/विद्यापीठ निर्धारित तिथि 9 अक्टूबर तक सम्बद्धता संबंधी दस्तावेज अपलोड नहीं करते हैं तो ऐसे विद्यालयों को विलम्ब शुल्क सहित दस्तावेज अपलोड करने होंगे।

बोर्ड प्रवक्ता के अनुसार सम्बद्धता आवेदन फार्म व शुल्क ऑनलाइन बोर्ड की अधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध लिंक के माध्यम से भरा जाना है। सम्बद्धता आवेदन–पत्र व शुल्क ऑनलाइन भरने से सम्बन्धित आवश्यक दिशा–निर्देश/पूर्ण जानकारी बोर्ड की वेबसाइट पर उपलब्ध है। विद्यालय सम्बद्धता आवेदन–पत्र व शुल्क ऑनलाइन भरने से पूर्व महत्वपूर्ण दिशा–निर्देशों को अवश्य पढ़ लें। सम्बद्धता शुल्क आईडीबीआई बैंक द्वारा गेटवे पेंमेट के माध्यम से ऑनलाइन जमा करवाया जाना है।

# भारत की पाकिस्तान को दो टूक, उंगली उठाने से पहले अपना मानवाधिकार रिकॉर्ड सुधारे

**संयुक्त राष्ट्र ,(एजेंसी)।** भारत ने पाकिस्तान से साफ–साफ शब्दोंक में कहा है कि दुनिया के सबसे खराब मानवाधिकार अपराधियों में से एक होने के नाते, उसे दूसरों पर उंगली उठाने से पहले अपना रिकॉर्ड सुधारे।

संयुक्त राष्ट्र में भारतीय मिशन की प्रथम सचिव पेटल गहलोत ने पाकिस्तान के कार्यवाहक प्रधानमंत्री अनवर–उल–हक काकर के भाषण के बाद जवाब देने के अधिकार का प्रयोग करते हुए कहा, दुनिया के सबसे खराब मानवाधिकार रिकॉर्ड वाले देश के रूप में, खासकर अल्पसंख्यक और महिलाओं के अधिकारों मामले में, पाकिस्तान के लिए अच्छा होगा कि वह दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र पर उंगली उठाने से पहले अपना घर दुरुस्त कर ले।

गहलोत ने कश्मीर मुद्दे का अंतर्राष्ट्रीयकरण करने के काकर के प्रयासों को खारिज करते हुए कहा कि यह भारत का अभिन्न अंग है।

उन्होंने कहा, हम दोहराते हैं कि केंद्र शासित प्रदेश जम्मू–कश्मीर और लद्दाख भारत के अभिन्न अंग हैं। उन्होंने कहा, जम्मू–कश्मीर और लद्दाख केंद्रशासित प्रदेशों से संबंधित मामले पूरी तरह से भारत के आंतरिक हैं (और) पाकिस्तान को हमारे घरेलू मामलों पर टिप्पणी करने का कोई अधिकार नहीं है। काकर ने महासभा की उच्च स्तरीय बैठक में अपने संबोधन में कहा कि सुरक्षा परिषद को कश्मीर पर कार्रवाई करनी चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि कश्मीरियों के अधिकारों को दबाया जा रहा है, जबकि हिंदुत्व ताकतें अल्पसंख्यकों के नरसंहार की धमकी दे रही हैं।

गहलोत ने कहा, भारत के खिलाफ आधारहीन और दुर्भावनापूर्ण प्रचार करने के लिए इस मंच का दुरुपयोग करना पाकिस्तान की आदत बन गई है। उन्होंने कहा, संयुक्त राष्ट्र के सदस्य देश और अन्य बहुपक्षीय संगठन अच्छी तरह से जानते हैं कि पाकिस्तान मानवाधिकारों पर अपने खराब रिकॉर्ड से अंतरराष्ट्रीय समुदाय का ध्यान भटकाने के लिए ऐसा करता है। उन्होंने इस्लामिक गणराज्य में ईसाइयों, हिंदुओं, अहमदिया मुसलमानों और सिखों, विशेषकर इन समुदायों की महिलाओं और लड़कियों की दुर्दशा की ओर इशारा किया। उन्होंने कहा, पाकिस्तान में अल्पसंख्यकों के खिलाफ प्रणालीगत हिंसा का एक ज्वलंत उदाहरण पाकिस्तान के फैसलाबाद जिले के जरनवाला में अल्पसंख्यक ईसाई समुदाय के खिलाफ बड़े पैमाने पर की गई क्रूरता थी, जहां अगस्त 2023 में कुल 19 चर्च और ईसाइयों के 89 घर जला दिए गए। उन्होंने कहा, अहमदिया लोगों के साथ भी ऐसा ही व्यवहार किया गया है जिनके पूजा स्थलों को ध्वस्त कर दिया गया है।

गहलोत ने कहा, पाकिस्तान में अल्पसंख्यक समुदायों, विशेष रूप से हिंदू, सिख और ईसाई की महिलाओं की स्थिति दयनीय बनी हुई है। पाकिस्तान के अपने मानवाधिकार आयोग द्वारा प्रकाशित एक हालिया रिपोर्ट के अनुसार, पाकिस्तानन में हर साल शादी के लिए अल्पसंख्यक समुदायों की अनुमानित 1,000 महिलाओं को अपहरण और जबरन धर्म परिवर्तन का शिकार बनाया गया है।

गहलोत ने अंतरराष्ट्रीय आतंकवाद के प्रायोजक के रूप में इस्लामाबाद की भूमिका की भी आलोचना की। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान स्थित आतंकवाद द्वारा मुंबई हमले के पीड़ित अब भी न्याय का इंतजार कर रहे हैं। उन्होंने कहा, पाकिस्तान दुनिया में सबसे बड़ी संख्या में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिबंधित आतंकवादी संस्थाओं और व्यक्तियों का घर और संरक्षक रहा है।

उन्होंने कहा, तकनीकी कुतर्क में उलझने की बजाय, हम पाकिस्तान से मुंबई आतंकवादी हमलों के अपराधियों के खिलाफ विश्वसनीय और सत्यापन योग्य कार्रवाई करने का आह्वान करते हैं, जिनके पीड़ित 15 साल बाद भी न्याय का इंतजार कर रहे हैं।

गहलोत ने दक्षिण एशिया में शांति के लिए तीन शर्तें रखीं: पहला, सीमा पार आतंकवाद को रोकें और आतंकवाद के बुनियादी ढांचे को तुरंत बंद करें। दूसरा, इसके अवैध और जबरन कब्जे वाले भारतीय क्षेत्रों को खाली करें। और तीसरा, पाकिस्तान में अल्पसंख्यकों के खिलाफ़ गंभीर और लगातार हो रहे मानवाधिकारों के उल्लंघन को रोकें।संयुक्त राष्ट्र मिशन में पाकिस्तान की काउंसलर साइमा सलीम ने गहलोत की टिप्पहणी के जवाब में काकर के भाषण के अधिकांश बिंदुओं को दोहराया।

सलीम ने भारत विरोधी आतंकवादियों का बचाव करते हुए दावा किया कि वे स्वतंत्रता संग्राम में शामिल थे। उन्होंने जोर देकर कहा कि कश्मीरी स्वतंत्रता संग्राम को आतंकवाद के रूप में वर्णित करना झूठ है और दावा किया कि यह बिल्कु ल कानूनी है।कनाडाई प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो के आरोपों को उठाते हुए, सलीम ने कहा, भारत की आतंकवादी फ्रेंचाइजी वैश्विक हो गई है।

### मणिपुर में इंटरनेट सेवाएं शुरू

# सरकार की चेतावनी–लूटे गए हथियार 15 दिनों में लौटाएं

**इंफाल ,(एजेंसी)।** मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने जानकारी देते हुए कहा आज से इंटरनेट सेवाएं जनता के लिए शुरू कर दी जाएंगी।



मणिपुर सरकार ने बीती रात हथियार लूटने वाले लोगों को 15 दिनों के भीतर हथियार जमा करने की चेतावनी दी, अन्यथा उनके खिलाफ सख्त कानूनी कदम उठाए जाएंगे।

मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह के कार्यालय से एक विज्ञप्ति जारी की गई है। जिसमें कहा गया है कि राज्य भर में किसी भी व्यक्ति या समूह द्वारा रखे गए सभी अवैध हथियारों को तुरंत या शुक्रवार से 15 दिनों की अवधि के भीतर जमा कर दिए जाने चाहिए।

राज्य सरकार इन 15 दिनों के भीतर ऐसे अवैध हथियार जमा कराने वाले व्यक्तियों के मामले में भी विचार करने को तैयार है। बयान में कहा गया है कि 15 दिनों के बाद केंद्र और राज्य दोनों के सुरक्षाबल हथियारों को बरामद करने के लिए पूरे राज्य में व्यापक तलाशी अभियान चलाएंगे।किसी भी अवैध हथियार से जुड़े सभी व्यक्तियों से कानून के अनुसार गंभीरता से निपटा जाएगा। इन अवैध हथियारों का इस्तेमाल करके उपद्रवियों/समूहों द्वारा जबरन वसूली, धमकी और अपहरण की खबरें सामने आई हैं। विज्ञप्ति में कहा गया है कि यह एक गंभीर मामला है। राज्य सरकार राज्य के किसी भी हिस्से में ऐसे उपद्रवियों/समूहों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करेगी। उन्होंने राज्य के लोगों से राज्य में शांति और सामान्य स्थिति बहाल करने में केंद्र और राज्य सरकार को सहयोग करने की अपील की है। मणिपुर मानवाधिकार आयोग (एमएचआरसी) की सिफारिशों को स्वीकार करते हुए, राज्य सरकार ने गुरुवार को पुलिस महानिदेशक को सुरक्षा बलों के शस्त्रागार और चुराचांदपुर बंदूक की दुकान से जातीय दंगे के दौरान लूटे गए हथियारों एवं गोला–बारूद को बरामद करने का निर्देश दिया है।

विभिन्न रिपोर्टों के अनुसार, 3 मई को भडक़े जातीय दंगों के दौरान भीड़, हमलावरों और उग्रवादियों ने पुलिस स्टेशनों व पुलिस चौकियों से 4,000 से अधिक विभिन्न प्रकार के अत्याधुनिक हथियार और लाखों विभिन्न प्रकार के गोला–बारूद लूट लिए थे।

## मुंबई में 15 मंजिला इमारत की ऊपरी मंजिल पर लगी आग

**मुंबई ,(एजेंसी)।** मुंबई के दादर में शनिवार सुबह 15 मंजिला इमारत की ऊपरी मंजिल पर आग लगने से 60 वर्षीय एक व्यक्ति की दम घुटने से मौत हो गई। बीएमसी आपदा नियंत्रण ने यह जानकारी दी।

दादर हिंदू कॉलोनी में रेनट्री बिल्डिंग की 13वीं मंजिल पर सुबह करीब 8.35 बजे आग लग गई, जिससे ऊपरी मंजिलों पर रहने वाले लोगों में दहशत फैल गई। एक प्रत्यक्षदर्शी ने बताया कि कुछ स्थानीय लोगों ने इमारत के ऊपर धुएं का गुबार देखे जाने पर इमारत के निवासियों की मदद करने का प्रयास किया।

सचिन पाटकर (60) नामक एक व्यक्ति को जहरीले धुएं के कारण सांस लेने में समस्या हो रही थी। उसे लगभग 9.50 बजे सायन अस्पताल ले जाया गया।

## बिजली दरों में बढ़ोतरी के खिलाफ 25 सितंबर को हड़ताल पर जाएंगे 50 हजार उद्यम

**चेन्नई ,(एजेंसी)।** तमिलनाडु इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के नेताओं ने घोषणा की है कि राज्य में बिजली दरों में संशोधन के खिलाफ लघु उद्योगों सहित लगभग 50 हजार उद्योग 25 सितंबर को एक दिवसीय हड़ताल पर जाएंगे। प्रदर्शन कर रहे संगठन राज्य से पीक ऑवर चार्ज और फिक्स चार्ज वापस लेने की भी मांग कर रहे हैं। हड़ताली संगठनों के पदाधिकारियों ने एक बयान में कहा कि इन 50 हजार यूनिट्स में 1.2 करोड़ पंजीकृत कर्मचारियों और प्रवासी मजदूरों सहित लगभग तीन करोड़ मजदूर सोमवार को हड़ताल करेंगे।

समूह ने बयान में कहा कि राज्य सरकार ने बिजली दर बढ़ाने का निर्णय लेने से पहले उद्योग प्रतिनिधियों से परामर्श नहीं किया। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि जहां महाराष्ट्र, हरियाणा और गुजरात जैसे राज्य उद्योगों को सब्सिडी दे रहे हैं, वहीं तमिलनाडु सरकार अत्यधिक बिजली दरों के साथ उद्योगों के लिए मुश्किलें पैदा कर रही है।तिरुप्पुर एक्सपोर्टर्स एंड मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन (टीईएमए) के अध्यक्ष एम.पी. मुथुराथिनम ने बयान में कहा, कपड़ा उद्योग कम ऑर्डर मात्रा के साथ–साथ श्रम संबंधी समस्याओं से भी जूझ रहे हैं। सुबह 6 बजे से 10 बजे तक और शाम 6 बजे से रात 10 बजे तक दो चरणों में लगाए जाने वाले पीक आवर चार्ज और फिक्स चार्ज छोटे उद्योगों को परेशान कर रहे हैं।

## असम में नया उग्रवादी समूह मेघालय के ग्रामीणों के लिए चिंताजनक : क्षेत्रीय पार्टी विधायक

**शिलांग ,(एजेंसी)।** राज्य विधानसभा में एक क्षेत्रीय पार्टी के विधायक ने दावा किया कि असम में नए चरमपंथी समूह ने मेघालय के सीमावर्ती गांवों को असहज कर दिया है। मेघालय विधानसभा के 60 सदस्यों से बात करने वाले यूनाइटेड डेमोक्रेटिक पार्टी के विधायक नुजोर्की सुंगोह ने कहा कि यूनाइटेड पीपुल्स फ्रंट ऑफ कार्बी लोंगरी (यूपीएफकेएल) की स्थापना कुछ महीने पहले हुई थी और यह संगठन असम सीमा के साथ एक विवादास्पद क्षेत्र में रहने वाले मेघालय के निवासियों के लिए समस्या पैदा कर सकता है। असम का पश्चिम कार्बी आंगलोंग जिला विवादित क्षेत्र से घिरा है, और यूपीएफकेएल एक ऐसा संगठन है जो स्पष्ट रूप से कार्बी आदिवासी लोगों के लक्ष्यों का समर्थन करता है।समूह के दो सदस्यों को जुलाई में असम पुलिस ने हिरासत में लिया था और उनके पास से दो पिस्तौल, हथगोले, जबरन वसूली की नकदी तथा हथियार पाए गए थे। कथित तौर पर दोनों 885 किलोमीटर लंबी असम–मेघालय सीमा पर अभी भी अनसुलझे छह विवादित क्षेत्रों में से एक ब्लॉक–1 के एक गांव के निवासी थे। सुंगोह ने जोर देकर कहा कि असम की पार्टियों द्वारा डराने–धमकाने का इतिहास मेघालय के खासी–पनार

# खुशखबरी! गर्भ में पल रहे बच्चों की बीमारियों का लगेगा पता, दंपत्ति का भी होगा इलाज



**गोरखपुर ,(एजेंसी)।** गोरखपुर एम्स में नई शुरुआत होने जा रही है। इसके जरिए गर्भ में पल रहे बच्चों के बीमारियों का पता डॉक्टर पहले ही लगा लेंगे और उसका इलाज भी संभव हो सकेगा। अब तक यह सुविधा सिर्फ लखनऊ में मौजूद थी। लेकिन अब एम्स में इसकी सुविधा शुरू होने के बाद शहर के लोगों को यहीं पर वह सुविधा उपलब्ध हो जाएगी। जल्दी एम्स में इसके लिए निदान केंद्र शुरू किया जाएगा। एम्स के बायोकेमेस्ट्री डिपार्टमेंट में इस सेंटर का संचालन होगा।

गोरखपुर एम्स में निदान केंद्र शुरू होने से नवजात शिशुओं को बीमारियों से बचाया जा सकेगा। बायोकेमेस्ट्री डिपार्मेंट के डॉक्टर प्रभात सिंह ने बताया कि, इसके शुरू होने से गर्भ में पल रहे बच्चों की बीमारियों का पता लगाया जा सकेगा। साथ ही गर्भवतियों की स्क्रीनिंग भी हो सकेगी और गर्भावस्था में सामान्य बीमारियों का इलाज होगा। इसके साथ ही वहीं कुछ ला इलाज बीमारी भी होती है जिसके बारे में हसबैंड वाइफ को पहले ही बताया जा सकेगा। डॉक्टर ने बताया कि केंद्र में बीमारियों की पहचान के बाद दंपतियों का इलाज भी कराया जाएगा।

इस केंद्र के खुलने से नवजात बच्चों को काफी मदद मिलेगी। साथ ही जांच के बाद कुछ ऐसे मामले होते हैं जिसमें जन्म के बाद बच्चों का इलाज किया जाएगा। ताकि वह नॉर्मल लाइफ जी सके वहीं एम्स की कार्यकारी डायरेक्टर डॉक्टर सुरेखा किशोर बताती हैं कि, गर्भावस्था की पहली तिमाही काफी अहम होती है इस समय औरतों के गर्भावस्था की सही जानकारी मिलती है। साथ ही डीएनए सीक्वेंसिंग के जरिए बच्चों में होने वाले बीमारियों का पहचान किया जा सकता है और उनका सही समय पर इलाज होता है। जिससे आने वाले समय में बच्चा नार्मल जिंदगी जी सके।

## दिल्ली में खुद को गोली मारने वाले भाजपा नेता की मौत

**नई दिल्ली ,(एजेंसी)।** भाजपा के एक नेता, जिन्होंने खुद को गोली मार ली थी, की आज सुबह अस्पताल में मौत हो गई। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। शुरुआती जांच से पता चला कि ग्रेटर कैलाश–1 के निवासी करण बंका वित्तीय समस्या से जूझ रहे थे। उन्हें पैसों की जरूरत थी।पुलिस के मुताबिक, बीती देर रात उन्हें एक कॉल आई जिसमें बताया गया कि दोपहर करीब 12:30 बजे बंका बाथरूम में फिसल गए, जिससे उसके सिर में चोट लग गई है। इसके बाद उन्हें मैक्स हॉस्पिटल साकेत में भर्ती कराया गया। पुलिस उपायुक्त (दक्षिण) चंदन चौधरी ने कहा, ग्रेटर कैलाश थाने के एसएचओ स्टाफ के साथ अस्पताल पहुंचे।

# 2024 में क्यों नहीं?




महिला आरक्षण के साथ कुछ बड़े सवाल भी जुड़े हुए हैं। जाहिरा तौर पर यह कदम जड़ पर मौजूद समस्या को नजरअंदाज कर फुनगियों को सजा लेने की सोच का संकेत है। महिलाएं राजनीति में कम संख्या में हैं, तो उसकी वजहें समाज में मौजूद हैं। नरेंद्र मोदी सरकार ने विधायिकाओं में महिला आरक्षण के लिए विधेयक कई अगर और मगर के साथ पेश किया है। जाहिर है, शुरुआत में इस बिल को लाने के बारे में आई खबर से पैदा हुआ उत्साह इन शर्तों को देखने के बाद ठंडा हो गया। कहा गया है कि महिला आरक्षण का प्रावधान दशकीय जनगणना होने के बाद संसदीय और विधानसभाई सीटों के होने वाले परिसीमन के उपरांत लागू किया जाएगा। दशकीय जनगणना के अब तक संपन्न ना होने के लिए सीधे तौर पर केंद्र सरकार जिम्मेदार है। कोरोना महामारी इसमें सिर्फ एक साल की देर का कारण बनी थी। उसके बाद पाकिस्तान सहित दुनिया के तमाम देश जनगणना करवा चुके हैं। भारत में इसे प्राथमिकता नहीं दी गई, तो यह ठोस आंकड़ों के प्रति वर्तमान सरकार के अपमान भाव का सबूत है। संसदीय सीटों का परिसीमन वैसे भी एक विवादास्पद मुद्दा बनने वाला है। परिवार नियोजन नीतियों पर जनसंख्या नियंत्रित करने वाले दक्षिणी राज्य इसका पुरजोर विरोध करेंगे, यह तय है।

चूंकि आनुपातिक रूप से उनकी जनसंख्या कम बढ़ी है, इसलिए अगर आबादी के अलावा कोई और फॉर्मूला नहीं अपनाया गया, तो लोकसभा में उनकी अपेक्षाकृत कम हो जाना निश्चित ही है। और जब तक ये दोनों प्रक्रियाएं पूरी नहीं की हो जातीं, महिला आरक्षण अधर में लटका रहेगा। इसीलिए इस मौके पर इस बिल लाने को सरकार की सुर्खियां प्रबंधित कर अपने अनुकूल जन–धारणा बना लेने की रणनीति का हिस्सा बताया गया है। बहरहाल, महिला आरक्षण के साथ कुछ बड़े सवाल भी जुड़े हुए हैं। जाहिरा तौर पर यह कदम जड़ पर मौजूद समस्या को नजरअंदाज कर फुनगियों को सजा लेने की सोच का संकेत है। महिलाएं राजनीति में आकर अपने दम पर नहीं उभर पातीं, तो उसकी वजहें भारत की सामाजिक, और आर्थिक और सांस्कृतिक माहौल में छिपी हैं। उन्हें दूर करने की योजना बनाए बगैर ऊपरी तौर पर संस्थाओं में महिलाओं का प्रतिनिधितव बढ़ाने के उपाय करना सिर्फ दिखावटी और सजावटी ही होगा। अगर साथ–साथ दोनों जगहों पर ऐसी पहल हो, भारतीय समाज में प्रगतिशील बदलाव देखने को मिल सकते हैं। वरना, महिला प्रतिनिधि जारी सियासत के घेरे में ही कैद रहेंगी।

# नस्लीय लड़ाई का इलाका है नागोनी–काराबाख

आर्मेनिया, अमरीका की गोदी में जा बैठा है। हाल में उसने एक छोटी सी सैनिक कवायद आयोजित की, जिसमें मुीभर अमरीकी सैनिकों ने भाग लिया। इसमें रूसी सेना को कोई भूमिका नहीं दी गयी। आर्मेनिया, इंटरनेशनल क्रिमिनल कोर्ट का सदस्य बनने की कोशिश भी कर रहा है। यह वही कोर्ट है जिसने व्लादिमीर पुतिन के नाम गिरफ़्तारी वारंट जारी किया था जिससे मास्को बहुत नाराज़ है। जनमत सर्वेक्षणों से पता चलता है कि आर्मेनिया में रूस के प्रशंसकों की संख्या में ज़बरदस्त गिरावट आई है। उन्नीस सितम्बर को आर्मेनिया की राजधानी येरवान की मुख्य सडक़ों पर नागरिकों का एक बड़ा जुलूस निकला जिसमें लोग नारे लगा रहे थे: "रूस हमारा दुशमन है।"

**श्रुति व्यास**



क्या आपको नागोनी–काराबाख़ ध्यान में है? रूस के पड़ौस का वह इलाका जहां सन्2020 में में लड़ाई छिड़ी थी। भारत में हिंदी की कुछ लंगूरी टीवी चैनलों ने तब भविष्यवाणी की थी कि यह लड़ाई नए विश्वयुद्ध की शुरुआत है। विश्व युद्ध तो खैर नहीं हुआ परन्तु 44 दिन तक अजरबाइजान और अर्मेनिया में चली लड़ाई ने पूरे इलाके को तबाह किया।रूस दोनों के बीच का पंच था। रूस की आर्मेनिया के साथ संधि थी और अजऱबैजान के साथ दोस्ती। उसने पहल करके युद्ध विराम करवाया।वही काम उसने बुधवार को फिर किया है। दोनों में अचानक लड़ाई छिडी वह बेकाबू होती तभी युक्रेन में फंसे रूस कूटनीति की और इन पंक्तियों के लिखे जाने तक खबर है कि अजरबाइजान और अर्मेनिया के बीच लड़ाई रोकने, संघर्षविराम पर सहमति बनी है। अजरबाइजान के रक्षा मंत्रालय ने इस बात की पुष्टि की है कि नागोनी काराबाख में सैन्य अभियान रुक गया है।

तीन साल बाद रूस–यूक्रेन युद्ध के अधबीच, नागोनी–काराबाख़ की शांति ड्रोनों और सायरनों की आवाज़ से अचानक भंग हुई।19 सितम्बर को अजऱबैजान ने अपने ही देश में स्थित इस आर्मेनियाई एन्क्लेव में फौज़ी कार्यवाही शुरू की और यूरोप में चिंता बनी की एक ठंडी पड़ चुकी लड़ाई के संकट को फिर से झेलना होगा।

दरअसल समुद्र से दूर अजऱबैजान की सीमा के भीतर स्थित नागोनी–काराबाख़ एक पहाड़ी इलाका है। यह सोवियत संघ के गठन के पूर्व से ही विवादित रहा है। जब तक आर्मेनिया और अजऱबैजान सोवियत संघ का हिस्सा थे तब तक दोनों के बीच तनाव दबा रहा। परन्तु शीत युद्ध के ख़त्म होने और कम्युनिस्ट पार्टी का नियंत्रण ढीला पडऩे से नस्लीय विवाद फिर से भडक़ उठा।

पूरी दुनिया नागोनी–काराबाख़ को अजऱबैजान का हिस्सा मानती है परन्तु इस इलाके के अधिकांश रहवासी आर्मेनियाई हैं और वे एक सदी से भी लम्बे समय से अजऱबैजान के शासन का विरोध करते आए हैं। सन 1991 में लगभग 1.5 लाख आबादी वाले इस क्षेत्र ने स्वयं को आजाद घोषित कर दिया। तब से ही वह आर्मेनिया की मदद से स्वयं को शासित कर रहा है। वह अपने आप को अर्टसख गणतंत्र कहता है, हालाँकि उसे दुनिया की मान्यता नहीं मिली है।

अजऱबैजान के रक्षा मंत्रालय ने हमलों को "आतंकवाद–विरोधी कार्यवाही" बताते हुए कहा कि इनका उद्देश्य नागोनी–काराबाख़ क्षेत्र में संवैधानिक व्यवस्था की पुनर्स्थापना करना और वहां से हथियारबंद आर्मेनियाई अलगाववादियों को बाहर धकेलना है। इसके विपरीत, आर्मीनिया का कहना है कि अजऱबैजान के हमले का असली उद्देश्य काराबाख़ के अर्मेनियाई लोगों की नस्लीय सफाई करना है। यह बात आर्मेनिया के प्रधानमंत्री निकोल पशिन्यान ने भी कही है।

नागोनी–काराबाख़ के एक्स (पहले ट्विटर) मानवाधिकार ओम्बड्समैन के अनुसार वहां दर्जनों लोग मारे गए हैं और सैकड़ों घायल हुए हैं। बिजली सप्लाई बंद कर दी गई है और छह समुदायों के नागरिकों को बाहर कर दिया गया है।

लड़ाई फिर से शुरू हो जाने से लगा कि दोनों पक्षों के बीच कूटनीतिक चैनलों के ज़रिये समझौता करवाने के रूस और पश्चिमी देशों के प्रयास असफल हो गए हैं। आर्मेनिया कई हफ़्तों से कह रहा था कि अजऱबैजान अपनी सेना को दोनों देशों की सीमा, जो दुनिया के सबसे ज्यादा सैनिक मौजूदगी वाले इलाकों में से एक है, के नज़दीक ला रहा है। अजऱबैजान ने नागोनी–काराबाख़ को आर्मेनिया से जोडऩे वाले एकमात्र रास्ते, जिसे लाचिन कॉरिडोर कहा जाता है, को पिछले साल के अंत से बंद कर रखा था ताकि इस इलाके के नेतृत्व को घुटने टेकने के लिए मजबूर किया जा सके। इसके नतीजे में इलाके में खाने–पीने की चीज़ों, दवाईयों और ईंधन की ज़बरदस्त कमी हो गई। बाकू (अजऱबैजान की राजधानी) में सरकार ने 9 सितम्बर को घोषणा की वह कॉरिडोर को खोलने के लिए तैयार है बशर्ते नागोनी–काराबाख़ को अजऱबैजान से जोडऩे वाली सडक़ को खोल दिया जाए।

कुल मिलाकर, अजऱबैजान चाहता है कि नागोनी–काराबाख़ उसका हिस्सा बन जाए। इसका अर्थ होगा वहां रह रहे 1,20,000 अर्मेनियाई नागरिकों का कत्लेआम या उनका पलायन। यह भी हो सकता है कि उनके साथ ज़बरदस्ती की जाए और उन्हें अजऱबैजान की प्रभुता स्वीकार करने पर मजबूर किया जाए। जो भी हो, यह साफ़ है कि अजऱबैजान, नागोनी–काराबाख़ की ज़मीन और उसके लोगों पर अपना राज कायम करना चाहता है। बाकू की सरकार ने यह साफ़ कर दिया है कि नागोनी–काराबाख़ उसके देश के अन्य क्षेत्रों के समकक्ष होगा। अजऱबैजान इस इलाके को कोई विशेष दर्जा देने या वहां के लोगों को सुरक्षा की गारंटी देने के लिए तैयार नहीं है।

अजऱबैजान में 2,000 रूसी शांति सेना मौजूद हैं। उन्हें युद्धबंदी के बाद वहां इसलिए रखा गया था ताकि वहां फिर से युद्ध न भडक़ने पाए। जाहिर है कि ये शांति सेना असफल रही। व्लादिमीर पुतिन, यूक्रेन के युद्ध के दलदल में बुरी तरह फंसे हुए हैं और पूर्व सोवियत संघ के प्रान्तों (जो अब अलग देश हैं) पर उनका कोई असर नहीं रह गया है। यही कारण है कि अजऱबैजान और आर्मेनिया अपना झगडा सुलझाने के लिए रूस की शरण में जाने की बजाय आपस में भिडे।

आर्मेनिया, अमरीका की गोदी में जा बैठा है। हाल में उसने एक छोटी सी सैनिक कवायद आयोजित की, जिसमें मुीभर अमरीकी सैनिकों ने भाग लिया। इसमें रूसी सेना को कोई भूमिका नहीं दी गयी। आर्मेनिया, इंटरनेशनल क्रिमिनल कोर्ट का सदस्य बनने की कोशिश भी कर रहा है। यह वही कोर्ट है जिसने व्लादिमीर पुतिन के नाम गिरफ़्तारी वारंट जारी किया था जिससे मास्को बहुत नाराज़ है। जनमत सर्वेक्षणों से पता चलता है कि आर्मेनिया में रूस के प्रशंसकों की संख्या में ज़बरदस्त गिरावट आई है। उन्नीस सितम्बर को आर्मेनिया की राजधानी येरवान की मुख्य सडक़ों पर नागरिकों का एक बड़ा जुलूस निकला जिसमें लोग नारे लगा रहे थे: "रूस हमारा दुशमन है।"

इस बीच अजऱबैजान तुर्की और इजऱाइल के नज़दीक खिसक गया है और इन दोनों देशों से हथियार खरीद रहा है। साफ़ है कि इस पूरे इलाके में रूस का दबदबा कम हो रहा है और यही कारण है कि वहां लड़ाई फिर शुरू हुई जबकि तुर्की, ईरान, यूरोपियन यूनियन और तंगहाल रूस झ्र सभी के लिए दक्षिण कॉकस अहम है।इसलिए अमेरिका, रूस सहित कई देशों ने लड़ाई तुरंत बंद करने की अपील की। जवाब में अजरबाइजान का कहना था कि अलगाववादियों के समर्पण करने के बाद ही हमले रुकेंगे। बुधवार कोरूस और संयुक्त राष्ट्र ने अजरबाइजान के अलग हुए नागोनी–काराबाख क्षेत्र में लड़ाई को समाप्त करने का आह्वान किया। ताजा सैनिक भिडंत में

इन सब के बीच, अजरबाइजान के राष्ट्रपति ने कहा, "अवैध अर्मेनियाई सशस्त्र बलों को सफेद झंडा फहराना चाहिए. नहीं तो, आतंकवाद विरोधी उपाय अंत तक जारी रहेंगे।"

दो नागरिकों सहित 27 लोगों की मौत की खबर है। 16 गांवों से कोई 7,000 से अधिक लोगों को निकाल कर सुरक्षित ठिकानों पर ले जाया गया। अलगाववादियों की माने तो अजरबाइजान ने टैंक, हवाई जहाज और ड्रोन से हमले किए। इसलिए संघर्षविराम पर सहमति के बाद सैन्य अभियान भले थमा मगर अजरबाइजान का रूख गडबड है। अजरबाइजान के राष्ट्रपति इलहाम अलीयेव का अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन को फोन पर यह कहना कि अर्मेनियाई अलगाववादियों ने "हथियार डाल दिए" तो नागोनी–काराबाख में अजरबाइजान का अभियान समाप्त हो जाएगा कोई शांति की भाषा नहीं है।

# बारीक कूटनीति का वक्त

यह वक्त बारीक कूटनीति का है। 'मर्दाना' विदेश नीति का नैरेटिव घरेलू समर्थक वर्ग के लिए ठीक हो सकता है, लेकिन अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सचमुच इस रुख को अपनाना हानिकारक होगा।

कनाडा के भारत पर लगाए आरोपों के बाद अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया और ब्रिटेन की जो प्रतिक्रिया आई है, उसे गंभीरता से लिए जाने की जरूरत है। इन तीनों देशों ने कनाडा के इस रुख में स्वर मिलाया है कि खालिस्तानी उग्रवादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या की जांच में भारत को कनाडा से पूरा सहयोग करना चाहिए। उधर इन देशों के मीडिया में कथित खालिस्तान आंदोलन का हौव्वा खड़ा किया जा रहा है। अखबारों में लंबी रिपोर्टें छपी हैं, जिनमें सिख समुदाय, खालिस्तान की मांग, इसके इतिहास, कनाडा के उससे संबंध आदि की विस्तार से चर्चा की गई है। उधर ब्रिटेन के अखबारों में खालिस्तान समर्थक अवतार सिंह खांडा की कई महीने पहले हुई मौत की खबरें फिर से सुर्खियों में आ गई हैं। डॉक्टरों ने तब दो टूक कहा था कि खांडा की मौत कुदरती वजहों से हुई, लेकिन अब उसके परिजनों के बिना किसी साक्ष्य के लगाए गए इन आरोपों को जगह मिल रही है कि उसकी हत्या के पीछे भारतीय एजेंसियों का हाथ था।

इस बीच ऑस्ट्रेलिया में पुलिस ने इस वर्ष हिंदू मंदिरों को अपवित्र करने की हुई घटनाओं के बारे में अपनी रिपोर्ट जारी कर दी है। इसमें परिस्थितिजन्य आधार पर कहा गया है कि यह काम खुद हिंदुत्ववादी संगठनों ने किया और उनका मकसद सामाजिक तनाव पैदा करना था। गौरतलब है कि ये तमाम देश वो हैं, जिन्होंने हाल में भारत को अपने पाले में करने के लिए एड़ी–चोटी का जोर लगाए रखा है। मगर इस कहानी का दूसरा पहलू यह भी है कि भारत ने भी उनके साथ रिश्ते को रणनीतिक कारणों से प्राथमिकता दी हुई है। अब इसमें एक बड़ा पेंच फंस सकता है। एंग्लो–सैक्सन पृष्ठभूमि वाले देशों में खानदानी किस्म का जुड़ाव है। भारत इस पहलू को नजरअंदाज नहीं कर सकता। इसलिए यह वक्त बारीक कूटनीति का है। 'मर्दाना' विदेश नीति का नैरेटिव घरेलू समर्थक वर्ग के लिए ठीक हो सकता है, लेकिन अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सचमुच इस रुख को अपनाना हानिकारक होगा। ये बात ध्यान में रखनी चाहिए कि पश्चिम से रिश्तों में खटास आई, तो उससे सबसे ज्यादा खुश चीन और पाकिस्तान जैसे देश होंगे। इसलिए भारत को यह जोखिम नहीं उठाना चाहिए।

# विपक्षी गठबंधन का तालमेल बिगड़ा है

**अजीत द्विवेदी**

विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' में अभी तक सब कुछ तय योजना के तहत होता दिख रहा था। एकदम परफेक्ट कोऑर्डिनेशन था और अगर थोड़ी–बहुत खींचतान थी तो पार्टियां उसे सामने नहीं आने देती थीं। जैसे बेंगलुरू में हुई दूसरी बैठक में गठबंधन के नाम को लेकर और संयोजक पर फैसला नहीं होने से नीतीश कुमार नाराज थे लेकिन पटना पहुंच कर उन्होंने स्थिति स्पष्ट कर दी थी, नाराजगी पर परदा डाल दिया था। मुंबई की बैठक में भी कई चीजों पर असहमति थी लेकिन विपक्षी पार्टियों ने इसे जाहिर नहीं होने दिया। परंतु उसके बाद से ही पार्टियों का तालमेल बिगड़ा है। नई दिल्ली में शरद पवार के घर पर हुई 'इंडिया' की समन्वय समिति की पहली बैठक में परफेक्ट कोऑर्डिनेशन नहीं दिखा। ऐसा लगा कि पार्टियां तैयार होकर बैठक में नहीं पहुंची थीं। ज्यादातर नेताओं ने यह कहते हुए फैसला टाला कि उनको अपनी पार्टी में बात करनी होगी। कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल इस समन्वय समिति के सदस्य हैं और शरद पवार के बराबर में बैठे थे लेकिन वे भी कोई फैसला करने की स्थिति में नहीं थे। समन्वय समिति के ज्यादातर सदस्य ऐसे हैं, जो अपनी पार्टी के सर्वोच्च नेता नहीं हैं। इसलिए वे संदेशवाहक की तरह वहां बैठे थे।

उस बैठक में सिर्फ एक फैसला हुआ, जिसे कांग्रेस ने एकतरफा तरीके से पलट दिया। शरद पवार के घर पर हुई बैठक में तय किया गया था कि 'इंडिया' की पहली साझा रैली अक्टूबर में भोपाल में होगी। लेकिन कांग्रेस ने अपनी ओर से वह रैली रद्द कर दी। कहा जा रहा है कि कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने रैली रद्द कराई क्योंकि वे नहीं चाहते थे कि सनातन धर्म पर डीएमके नेताओं की टिप्पणियों के बाद कोई ऐसी रैली उनके वहां हो, जिसमें डीएमके और सनातन की परंपराओं व मान्यताओं का विरोध करने वाली कुछ अन्य पार्टियों के नेता शामिल हों। कायदे से यह बात मीटिंग में शामिल वेणुगोपाल के दिमाग में आनी चाहिए थी। लेकिन उन्होंने यह सवाल नहीं उठाया। भोपाल रैली रद्द किए जाने से कई पार्टियों के नेता हैरान थे क्योंकि उनको भरोसे में नहीं लिया गया था। उसके बाद नागपुर में रैली की बात हो रही है तो वेणुगोपाल कह रहे हैं कि उनको पार्टी के अंदर बात करनी होगी। यह पहला मामला है, जिस पर विपक्षी पार्टियों की फॉल्टलाइन सामने आई।

दूसरा और सबसे बड़ा मामला सीटों के बंटवारे का है। शरद पवार के घर पर हुई बैठक में नेशनल कांफ्रेंस के नेता और जम्मू कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने कह दिया कि पार्टियां की जीती



हुई सीटों पर कोई बात नहीं होनी चाहिए। यानी जो सीटें हारी हुई हैं उन्हीं के बंटवारे के बारे में बात होनी चाहिए। यह फॉर्मूला कई पार्टियों के गले नहीं उतर रहा है। बिहार में जदयू 16 सांसदों वाली पार्टी है, जबकि राजद का एक भी सांसद नहीं है। ममता बनर्जी भी 20 सीटें हारी हुई हैं। सो, पार्टियों को दूसरा फॉर्मूला तैयार करना है, जिसके बारे में ममता बनर्जी ने अक्टूबर के अंत तक की टाइमलाइन दी है। इस बीच कम्युनिस्ट पार्टियों ने तालमेल से इनकार कर दिया है। इसका अंदाजा 13 सितंबर को शरद पवार के घर पर हुई बैठक में ही लग गया था, जब वहां सीपीएम ने अपना प्रतिनिधि नहीं भेजा। मुंबई की बैठक में 13 सदस्यों की समन्वय समिति बनी थी और कहा गया था कि 14वां सदस्य सीपीएम का होगा, जिसका नाम पार्टी की ओर से बाद में बताया जाएगा।

अब सीपीएम ने तय किया है कि समन्वय समिति में उसका सदस्य नहीं होगा। इस तरह 'इंडिया' की समन्वय समिति 13 सदस्यों की ही रहने वाली है। बताया जा रहा है कि सीपीएम ने यह फैसला इसलिए किया है क्योंकि उसे केरल में कांग्रेस से और पश्चिम बंगाल व त्रिपुरा में तृणमूल कांग्रेस से तालमेल नहीं करना है। बाकी राज्यों में वह किसी भी पार्टी के साथ तालमेल के लिए तैयार है। उसे बिहार में राजद–जदयू और तमिलनाडु में डीएमके–कांग्रेस और तेलंगाना में कांग्रेस के साथ तालमेल करना है लेकिन केरल, बंगाल और त्रिपुरा में नहीं करना है। असल में इन्हीं तीन राज्यों में उसका वजूद है इसलिए इन तीनों राज्यों में उसे तालमेल नहीं करना है। इसका रणनीतिक कारण है। इन तीनों राज्यों में उसके तालमेल का फायदा भाजपा को हो सकता है। इसलिए उसका अलग लडऩे की बात करना समझ में आता है लेकिन यह काम आपसी तालमेल और समझदारी के साथ किया जा सकता है। ध्यान रहे इससे पहले कम्युनिस्ट नेता विपक्षी एकता बनाते रहे हैं लेकिन इस बार वे तालमेल बिगाडऩे का काम कर रहे हैं।

सैद्धांतिक मसलों पर भी विपक्षी पार्टियों के गठबंधन में विभाजन दिखाई दिया है। विपक्षी गठबंधन के लिए चुनाव का सबसे बड़ा एजेंडा जातीय जनगणना और आरक्षण का होने वाला है। तभी सोनिया और राहुल गांधी तक जाति जनगणना कराने की मांग कर रहे हैं और आबादी क अनुपात में आरक्षण की सीमा बढ़ाने की मांग भी कर रहे हैं। मंडल की राजनीति करने वाली तमाम पार्टियां इसका समर्थन कर रही हैं लेकिन ममता बनर्जी की तृणमूल कांग्रेस की इस पर अलग राय है। उनकी पार्टी जाति जनगणना के पक्ष में नहीं है। इस मसले पर उनका विरोध भी खुल कर सामने आ गया। इसी तरह 'इंडिया' की समन्वय समिति की पहली बैठक के बाद उसकी मीडिया कमेटी ने एक राय से फैसला किया कि गठबंधन की पार्टियां 14 न्यूज एंकर्स के कार्यक्रम में अपने प्रवक्ता नहीं भेजेंगी। लेकिन बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार इस आइडिया के सहमत नहीं थे तो उन्होंने मीडिया के सवाल के जवाब में कह दिया कि उनको इस बारे में पता नहीं है।

सोचें, उनके नेता समन्वय समिति की बैठक में शामिल हुए थे और मीडिया कमेटी में भी हैं फिर भी उन्होंने कहा कि उनको इस फैसले के बारे में पता नहीं है। ध्यान रहे ममता बनर्जी और नीतीश कुमार उन चंद विपक्षी मुख्यमंत्रियों में थे, जो जी–20 शिखर सम्मेलन के दौरान राष्ट्रपति की ओर से दिए गए रात्रिभोज में शामिल हुए थे। ये दोनों नेता अपने विरोध को सार्वजनिक करने की बजाय 'इंडिया' के प्लेटफॉर्म पर कह सकते थे।

सो, पिछले तीन महीने में हुई विपक्षी गठबंधन की तीन बैठकों में जहां सब कुछ तय लाइन पर आगे बढ़ता दिख रहा था वहीं तीसरी बैठक के बाद फॉल्टलाइन्स उभर कर सामने आने लगी हैं। पार्टियां अपनी अपनी पोजिशनिंग में लग गई हैं। अरविंद केजरीवाल जैसे नेता चुनावी राज्यों में प्रचार तेज कर रहे हैं ताकि कांग्रेस पर दबाव बने तो एनडीए के साथ रह चुकी पार्टियां अलग तरह से दबाव बना रही हैं। इस समय किसी बड़े नेता की जरूरत है, जो अपना हित छोड़ कर पार्टियों को एकजुट रखने का काम करे। पार्टी में टूट से शरद पवार का मनोबल गिरा हुआ है और लालू प्रसाद की सेहत अच्छी नहीं है। ऐसे में मल्लिकार्जुन खडग़े और नीतीश कुमार ये दो नेता हैं, जिनको इस काम की जिम्मेदारी दी जा सकती है।

# हार्ट हेल्थ के लिए फायदेमंद होता है हरा प्याज, जानें इसका कैसे करें इस्तेमाल

हरा प्याज एक ऐसी सब्जी है जो किसी भी सब्जी में मिला देने पर उसको टेस्टी और स्वादिष्ट बना देता है. इसका उपयोग अक्सर सब्जियों के साथ मिलाकर या फिर अकेले ही भी किया जाता है. हरा प्याज खाने में क्रंची और टेस्टी लगता है. इसलिए इसका उपयोग सब्जियों को गार्निश करने के लिए भी करते हैं. क्योंकि यह सब्जियों को देखने में और आकर्षक बना देता है. हरा प्याज किसी भी उम्र के लोगों के लिए बहुत ही फायदेमंद मानी जाती है. जिसे हम सभी को अपने रोजाना भोजन में शामिल करना चाहिए. विशेषकर इसका सेवन हृदय रोगियों और उम्रदराज लोगों के लिए बहुत ही फायदेमंद माना जाता है. हरे प्याज में कई ऐसे पोषक तत्व पाए जाते हैं जो हृदय स्वास्थ्य के लिए बहुत फायदेमंद होते हैं. इसके नियमित सेवन से दिल की बीमारियों का खतरा काफी कम हो जाता है. आइए जानते हैं कि हरा प्याज हमारे हार्ट के लिए क्यों इतना उपयोगी है.

**हरा प्याज हार्ट हेल्थ के लिए फायदेमंद** * प्याज में मौजूद क्वेर्सेटिन एंटीऑक्सीडेंट का काम करता है जो फ्री रेडिकल्स से लडक़र हृदय रोगों से बचाता है. * इसमें विटामिन सी, फोलिक एसिड, फाइबर और अन्य पोषक तत्व पाए जाते हैं जो धमनियों को स्वस्थ रखते हैं.

# एक महीने के लिए आलू खाना बंद कर दें, इसके बाद शरीर पर होगा कुछ ऐसा असर...

आलू...हमारी डाइट का अहम हिस्सा है. यह इंडियन किचन में इस्तेमाल में आने वाला सबसे महत्वपूर्ण सब्जी है. आलू के साथ सबसे अच्छी बात यह है कि इसे आप किसी भी हरी सब्जी के साथ मिलाकर बना सकते हैं. तो वहीं आप इसके पकौड़े से लेकर कटलेट और पराठे तक में इस्तेमाल कर सकते हैं. साफ भाषा में समझे तो आलू से आप कई तरह की डिश बना सकते हैं. इसे आराम से बेक किया जा सकता है. उबालने के साथ तला भी जा सकता है. जिन्हें आलू खाना खूब पसंद है वह इसका इस्तेमाल कई तरह से करते हैं. वहीं कई लोग ऐसे हैं जो अपने डाइट प्लान से आलू को एकदम से हटाना चाहते हैं तो कुछ ऐसे हैं जो कम से कम आलू का इस्तेमाल करना चाहते हैं. ऐसे में सबसे बड़ा और अहम सवाल यह है कि क्या आलू को अपनी डाइट से पूरी तरह हटा देना सही है? दूसरा और सबसे महत्वपूर्ण सवाल यह है कि अगर एक महीने के लिए आलू खाना छोड़ देते हैं तो शरीर पर क्या बदलाव हो सकते हैं?

एक महीने के लिए आलू खाना छोड़ देते हैं तो शरीर पर कुछ ऐसा असर दिखता हैरिपोर्ट के मुताबिक आलू में स्टार्च होता है और इसे एनर्जी का सोर्स भी माना गया है. आलू में अच्छी खासी कैलोरी होती है. अगर आप इसे अपनी डाइट में



शामिल करते हैं तो आपको पूरे दिन एनर्जी फिल होगा. लेकिन इसके साथ दिक्कत यह है कि लोग इसे पकाने के लिए काफी ज्यादा तेल का इस्तेमाल करते हैं. यदि कोई व्यक्ति आलू खाने से परहेज करता है तो वह अपनी डाइट से कैलोरी कट करने की कोशिश करता है ताकि उसका वजन न बढ़े.

डाइटिशियन विशेषज्ञ शिवानी अरोड़ा ने सहमति व्यक्त करते हुए कहा कि एक महीने के लिए अगर आप अपनी डाइट से आलू को हटाते हैं तो इसका शरीर में कई पॉजिटिव असर पड़ता है. यह आपके ऊपर डिपेंड करता है कि आप कि आप अपनी डाइट से इस कैसे हटाते हैं यह किस तरह से खाते हैं. क्योंकि अगर आप आलू खाना बंद कर देंगे तो इसका सीधा असर आपके वजन पर पड़ता है. अगर आलू की जगह कम कैलोरी वाली फूड आइटम खाते हैं तो इससे आपका वजन कंट्रोल में रहेगा. आलू में भरपूर मात्रा में स्टार्च होता है जो ब्लड में शुगर लेवल को बढ़ाने का काम करता है. इसलिए उन्हें छोडऩे से रक्त शर्करा के स्तर को नियंत्रित करने में मदद मिल सकती है. खासकर डायबिटीज वाले व्यक्तियों को कम से कम आलू खाना चाहिए. आलू जब आप खाना बंद कर देते हैं तो इसी बहाने आप कार्बोहाइड्रेट कम खाते हैं. जिससे आपकी पाचन में भी सुधार आ सकती है. आलू से बने प्रोडक्ट्स जो मार्केट मिलते हैं उन्हें नहीं खाना चाहिए. जैसे– चिप्स और फ्रेंच फ्राइज...क्योंकि इसमें सोडियम काफी अधिक होती है. और इसे खाने से हाई बीपी और दिल की बीमारी हो सकती है.

# लोक गायक सुमान और दिगम्बर के गीतों पर झूमे लोग

रूद्रप्रयाग : दशज्यूला कांडई स्थित जागतोली में तीन दिवसीय जागतोली दशज्यूला महोत्सव का रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ शुभारंभ हो गया। इस मौके पर विभिन्न खेलकूद व सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिसमें विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। लोक गायक सुमान सिंह रौथाण और लोक गायक दिगम्बर बिष्ट ने खूब रंग जमाया।

जागतोली क्रीड़ा मैदान में महोत्सव के शुभारंभ पर लोक गायक सुमान सिंह रौथाण व दिगम्बर बिष्ट के सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम रही। उनकी सुंदर प्रस्तुतियों पर दर्शकों ने देर सांय तक आनंद उठाया। तीन दिवसीय जागतोली दशज्यूला




महोत्सव को लेकर क्षेत्र में रौनक लौटने लगी है। विभिन्न सरकारी विभागों द्वारा स्टाल लगाकर सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को दी जा रही है। महोत्सव का शुभारंभ ग्राम प्रधान हेमा काण्डपाल, कान्ती देवी, प्रवेन्द्र महिला मंगल दल अध्यक्ष विमला पुरोहित, अंशी देवी बर्त्वाल सुमन देवी, बबीता जग्गी, कुसुम देवी ने सयुंक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। स्कूली छात्र-छात्राओं के सांस्कृतिक कार्यक्रमों में राइंका काण्डई के छात्र-छात्राओं ने सरस्वती वन्दना, मां शारदे का स्तुति से शुभारंभ किया। महिला मंगल दल बेंजी काण्डई की महिलाओं ने स्वागत गीत के माध्यम से मंचासीन अतिथियों का स्वागत किया। लोक गायक सुमान सिंह रौथाण ने देव सेनापति भगवान कार्तिक स्वामी की महिमा पर आधारित भजन के माध्यम से भजन संध्या का शुभारंभ किया। तु बैठी होली मेरी प्यारी अंशू की प्रस्तुति पर खूब तालियां बटोरी। लोक गायक दिगम्बर बिष्ट देवभूमि उत्तराखण्ड की महिमा व भाना बामणी की प्रस्तुति भक्तिमय रही। जबकि भरत मैखुरी, अनूप नेगी, मोन्टी मनवाल, शुभम डंगवाल ने संगीत पर साथ दिया।

## तरुण अध्यक्ष तो अमित बनें महामंत्री

रूद्रप्रयाग : सरस्वती शिशु एवं विद्या मंदिर इंटर कॉलेज बेलनी में पूर्व छात्र परिषद कार्यकारिणी का गठन किया गया जिसमें तरुण पंवार को अध्यक्ष एवं अमित प्रदाली को महामंत्री बनाया गया। नवनियुक्त पदाधिकारियों ने कहा कि विद्यालय के हित के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे।शनिवार को सरस्वती शिशु एवं विद्या मंदिर इंटर कॉलेज बेलनी में शिशु मंदिर के प्रधानाचार्य गंगादत्त जोशी की अध्यक्षता एवं विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य शशि मोहन उनियाल के निर्देशन में पूर्व छात्र परिषद कार्यकारिणी का गठन किया गया। कार्यकारिणी में प्रकाश वशिष्ठ को संरक्षक, तरुण पंवार को अध्यक्ष, अमित प्रदाली को महामंत्री शिखा नेगी को उपाध्यक्ष, राशेन झा को सहमंत्री, प्रभात बिष्ट को कोषाध्यक्ष, एवं भूपेंद्र एवं अनुराग कठैत को वरिष्ठ सदस्य बनाया गया। (एजेंसी)

# डीएम सोनिका ने की सेना एवं राजस्व विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक

देहरादून। जिलाधिकारी श्रीमती सोनिका की अध्यक्षता में ऋषिपर्णा सभागार में जनपद में सेना की भूमि के सीमांकन एवं कैन्टोमैंट क्षेत्रान्तर्गत विभिन्न विकास योजनाओं के क्रियान्वयन एवं शासकीय कार्यों के संचालन तथा सेना एवं प्रशासन द्वारा विभिन्न प्रस्ताव के सम्बन्ध में सेना एवं राजस्व विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की गई।

बैठक में सेना द्वारा उनको आवंटित भूमि के सीमांकन की मांग पर जिलाधिकारी ने सेना के साथ संयुक्त निरीक्षण करते हुए अभिलेखीय जांच एवं मौके पर स्थिति का मुआवना कर कार्यवाही के निर्देश सम्बन्धित उप जिलाधिकारी एवं तहसीलदारों को दिए। छावनी क्षेत्रों के आसपास सेना की भूमि पर अवैध अतिक्रमण पर जिलाधिकारी ने



अतिक्रमण चिन्हित करते हुए भूमि को अतिक्रमणमुक्त करने के निर्देश दिए। साथ ही सेना के सीएसडी डिपो को शहर से शिफ्ट करने तथा सीएसडी डिपो हेतु अनंयत्र स्थान चिन्हित करने, जामुन वाला पुल बनाये जाने हेतु सेना की एनओसी, विलासपुर काडली घंघोड़ा में पेयजललाईन निर्माण तथा सैन्य हैलीपैड के उपयोग आदि बिन्दुओं पर विस्तृत चर्चा हुई। जिलाधिकारी की अध्यक्षता में हुई बैठक में सेना एवं प्रशासन के विभिन्न मुद्दो पर चर्चा हुई तथा जिन मुद्दो पर निर्णय शासन स्तर पर होना है पर शासन को प्रस्ताव प्रेषित करने के निर्देश दिए गए।



## पूर्व सीएम हरीश रावत के नेतृत्व में कांग्रेस के प्रतिनिधिमण्डल ने की सीएम धामी से भेंट

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से शनिवार को मुख्यमंत्री आवास स्थित कैम्प कार्यालय में प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत के नेतृत्व में कांग्रेस के प्रतिनिधिमण्डल ने भेंट की।

# नेटफ्लिक्स फिल्म्स की दो पत्ती की टीम ने की सीएम धामी से उनके आवास पर भेंट

देहरादून। देहरादून में शूट हो रही नेटफ्लिक्स फिल्म्स की ह्यदो पत्तीह्न की टीम ने प्रसिद्ध फ़िल्म अभिनेत्री और मुख्य किरदार कर रहीं सुश्री कृति सेनन फ़िल्म निर्माता और लेखिका कनिका ढिल्लन के साथ शनिवार को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से उनके आवास पर भेंट की। सुश्री कृति सेनन उत्तराखंड में हो रहे इस शूट को लेकर बहुत उत्साहित हैं।

निर्माता कनिका ढिल्लन ने बताया कि पहले ह्लदो पत्तीह्न का शूट हिमाचल में होने वाला था और परन्तु बाद में नेटफ्लिक्स की टीम ने उत्तराखण्ड आने का मन बनाया। उन्होंने कहा उत्तराखण्ड में और भी ऐसे खूबसूरत शूटिंग लोकेशंस हैं जिनको वो अपनी आने वाली फ़िल्मों में सम्मिलित करेंगी। उनकी रेकी टीम देहरादून के आस पास और भी शूटिंग लोकेशंस को देखने के लिए निकली हुई है। यह शूटिंग राज्य के विभिन्न क्षेत्रों में लगभग एक माह तक



चलेगी। कनिका और कृति सेनन जो कि दोनों ही इस फ़िल्म में को–प्रोड्यूसर हैं, ने मुख्यमंत्री को बताया कि उत्तराखण्ड में शूटिंग के लिए उन्होंने 20 दिन में अपनी फ़िल्म प्रोडक्शन टीम को तैयार किया। यह सब उत्तराखण्ड के फ़िल्म फ्रेंडली वातावरण की वजह से ही हो पाया। उन्होंने बताया उत्तराखण्ड फ़िल्म विकास परिषद( वाऊ्र ) द्वारा सिंगल विंडो सिस्टम के तहत शूटिंग अनुमति मिलना बहुत आसान हो गया है। यहाँ के लोकेशन डेस्टिनेशन फ़िल्म शूटिंग के लिहाज़ से बहुत ही अनुरूप भी हैं।

मुख्यमंत्री ने कनिका ढिल्लन और कृति सेनन को इस फिल्म की सफलता के लिए शुभकामनाएं दी और बताया कि उत्तराखण्ड फ़िल्म विकास परिषद ( वाऊ्र ) की नयी फ़िल्म नीति भी बनकर तैयार है और इस नई नीति में फ़िल्मों को पहले अधिक अनुदान की राशि को सम्मिलित किया गया है, अनुदान के साथ–साथ अन्य पुरुस्कारों को भी प्रोत्साहन के रूप में सम्मिलित किया गया है। नयी शूटिंग डेस्टिनशनों को भी चिन्हित कर उनको भी शूटिंग के लिए सरल व सुगम बनाया जाएगा उत्तराखंड में और अधिक फिल्मों की शूटिंग हो सके ।

नेटफ्लिक्स के मुताबिक, ह्यदो पत्तीह्न उत्तर भारत की पहाड़ियों पर आधारित एक मनोरम रहस्य थ्रिलर है। काजोल, जो पहले स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म की फिल्मों ह्यत्रिभंगाह्न में अभिनय कर चुकी हैं, ने कहा कि वह एक बार फिर स्ट्रीमर के साथ मिलकर रोमांचित हैं। अभिनेता ने आगे कहा, ह्यदो पत्तीह्न की

## एक नजर

### दो महीने में बन जाएगी 900 मीटर सुरंग

रूद्रप्रयाग : रुद्रप्रयाग में जागतोली से रुद्रप्रयाग-पोखरी मोटर मार्ग पर बेलनी के पास बनने वाली 900 मीटर सुरंग आने वाले दो महीने में आर-पार हो जाएगी। एनएच लोनिवि की कार्यदायी संस्था भारत कस्ट्रक्शन कम्पनी ने 700 मीटर सुरंग का कटिंग का काम पूरा कर दिया है। एनएच ने उम्मीद जताई कि आने वाले दो महीने में सुरंग आर-पार हो जाएगी।रुद्रप्रयाग नगर में बाईपास सुविधा को और बेहतर बनाने के लिए केदारनाथ हाईवे पर जागतोली से रुद्रप्रयाग-पोखरी मोटर मार्ग पर कोटेश्वर जाने वाले मार्ग में तिराहे पर 900 मीटर सुरंग का काम तेजी से चल रहा है। वर्ष 2022 से सुरंग का काम शुरू किया गया जबकि 2025 तक सुरंग का काम पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। एनएच के ईई निर्भय सिंह ने बताया कि सुरंग निर्माण का कार्य निरंतर जारी है। अभी तक 700 मीटर सुरंग काट दी गई है जबकि आने वाले दो महीने में 200 मीटर सुरंग काटते हुए आर–पार कर दी जाएगी। इसके बाद अन्य कार्य शुरू होंगे। इधर, सुरंग बनते ही केदारनाथ से बदरीनाथ और बदरीनाथ से केदारनाथ एवं ऋषिकेश जाने वाले तीर्थयात्रियों को भी नगर में जाम से नहीं जूझना पड़ेगा। (एजेंसी)

### सेवा पखवाड़े पर किया चिकित्सा शिविर का आयोजन

ऋषिकेश। पीएम नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर चल रहे सेवा पखवाड़े पर चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इसमें बड़ी संख्या में लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें दवाइयां वितरित की गईं। शनिवार को स्वास्थ्य विभाग की ओर से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डोईवाला में आयोजित चिकित्सा शिविर का उद्घाटन विधायक बृजभूषण गैरोला ने किया। उन्होंने कहा कि मानव सेवा से बढ़कर कोई दूसरा धर्म नहीं है। शिविर के जरिए लोगों को बेहतर इलाज मिल पाएगा। इससे वह गंभीर बीमारियों से बच सकेंगे। भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष नरेंद्र सिंह नेगी ने कहा कि सरकार जनमानस के स्वास्थ्य के प्रति गंभीर है।

# सीएम धामी ने किया भारत दर्शन शैक्षिक भ्रमण 2023 में शामिल छात्रों के दल को फ्लैग ऑफ कर रवाना

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को मुख्यमंत्री आवास स्थित मुख्य सेवक सदन में विधानसभा देवप्रयाग के कक्षा 10 की परिषदीय परीक्षा 2023 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र छात्राओं हेतु आयोजित भारत दर्शन शैक्षिक भ्रमण 2023 में शामिल छात्रों के दल को फ्लैग ऑफ कर रवाना किया।

मुख्यमंत्री ने भारत भ्रमण पर जाने वाले छात्रों को शुभकामना देते हुए विधायक देवप्रयाग श्री विनोद कंडारी की इस शानदार पहल की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने मध्यम एवं निम्न वर्ग के छात्रों को भारत भ्रमण का अवसर प्रदान करने की परम्परा शुरू की है। मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि भविष्य में राज्य सरकार द्वारा प्रदेश के हर ब्लॉक के टॉपर छात्रों का शैक्षिक भ्रमण आयोजित किया जायेगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस भारत–दर्शन कार्यक्रम से छात्रों में एक विशेष अनुभूति जागृत होगी, जिससे वे सब भारत की विभिन्नताओं इतिहास, विज्ञान, शिष्टाचार और प्रकृति को व्यक्तिगत रूप से जान सकेंगे और समूह में रहने की प्रवृत्ति, नायक बनने की क्षमता तथा



आत्मविश्वास एवं भाईचारे की भावना उनमें प्रबल होगी।

उन्होंने कहा कि यह भ्रमण कार्यक्रम शिक्षा का एक अंग है, जो छात्रों के किताबी ज्ञान में वृद्धि करेगा। यह भ्रमण छात्रों को व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त करने का सुनहरा अवसर प्रदान करेगा। क्योंकि व्यावहारिक अनुभव के माध्यम से ज्ञान प्रदान करना सीखने को और अधिक रोचक बना देता है। व्यावहारिक ज्ञान किताबी ज्ञान से बेहतर है, एक शोध लेख के अनुसार, लगभग 65 प्रतिशत छात्र दृश्य शिक्षण सहायता पसंद करते हैं। ये शिक्षार्थी केवल उनके बारे में बात करने के बजाय यह देखना पसंद करते हैं कि चीजों को कैसे किया जाए। वे व्याख्यान देने के बजाय प्रदर्शन देखना पसंद करते हैं, क्योंकि देखना ही विश्वास करना है।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि जब आप किसी चीज़ को व्यक्तिगत रूप से देखते हैं तो आपका दृष्टिकोण बदल जाता है। मानवता का सही अध्ययन मनुष्यों के अध्ययन से ही हो सकता है, भ्रमण के दौरान संभ्रान्त व्यक्तियों, तरह–तरह के व्यक्तियों से आपका संपर्क होगा, ऐतिहासिक एवं दर्शनीय स्थलों का आप भ्रमण करेंगे, यदि आप चौकन्नी निगाह रखकर दिल और दिमाग के खिड़की और दरवाजे सभी खुले रखकर भ्रमण करेंगे तो आपको, व्यक्तियों और घटनाओं का इतना व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त हो जायेगा जो किसी भी पुस्तक में आपको नहीं मिल सकती।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मस्तिष्क के स्वस्थ विकास के लिए भी भ्रमण अति आवश्यक है। कवीन्द्र टैगोर का कहना है कि–मन का स्वास्थ्य चुनी हुई पुस्तकों, चारदीवारी से घिरे निश्चल स्कूल की गतिहीन कक्षाओं में पढ़ाई से नहीं सुधर सकता। भ्रमण से आपका दृष्टिकोण विस्तृत होगा, इससे आपके विचारों और दृष्टिकोण में उदारता आएगी। यह भारत दर्शन छात्रों के लिए एक चमत्कारिक तनाव निवारक के रूप में काम करेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस भ्रमण से छात्रों के सर्वश्रेष्ठ व्यवहार का असर उनके स्कूल पर भी पड़ेगा। जो उन्हें अप्रत्यक्ष रूप से अनुशासन और नियंत्रण सिखाएगा। किसी साइट पर जाने से अक्सर नई जानकारी का हस्तांतरण होता है। कभी–कभी, कुछ डेटा जो पाठ्यपुस्तक में शामिल नहीं है, ऐसे छोड़े गए डेटा को आप सीधे भ्रमण स्थल से प्राप्त कर सकते हैं, जो आपको अधिक मूल्यवान बनाएगा। किसी शैक्षणिक अवधारणा को देखने, छूने और उसका जीवंत अनुभव करने से स्मरण शक्ति बढ़ती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा नई शिक्षा नीति में छात्रों को व्यावहारिक सीखने का अनुभव प्रदान कर शिक्षा के लिए एक समग्र दृष्टिकोण प्रदान किया जा रहा है। शैक्षिक भ्रमण एवं परिभ्रमण को पाठ्यक्रम में शामिल किया गया है। आधुनिक उद्योग आज शैक्षणिक संस्थानों को पाठ्यक्रम में भ्रमण को अनिवार्य रूप से शामिल करने की आवश्यकता पर बल देते हैं।

# भीमावाला के ग्रामीणों ने हॉट मिक्स प्लांट के खिलाफ नारेबाजी कर प्रदर्शन किया

विकासनगर। भीमावाला में लगाए जा रहे हॉट मिक्स प्लांट के खिलाफ ग्रामीणों का आक्रोश दिन प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है। शनिवार को ग्रामीणों ने हॉट मिक्स प्लांट भीमावाला में प्लांट पर प्रदर्शन किया और खनन विभाग एवं तहसील प्रशासन विकासनगर के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। ग्रामीणों ने कहा कि तमाम विरोध के बावजूद भी प्लांट को लगाया जा रहा है। तहसील प्रशासन विकास नगर एवं खनन विभाग सोया हुआ है। ग्रामीणों ने कहा कि हॉट मिक्स प्लांट लगने से पर्यावरण को क्षति पहुंचने के साथ ही क्षेत्र का वातावरण भी दूषित होगा। ग्रामीणों ने प्लांट संचालकों पर मारपीट करने का भी आरोप लगाया। कहा कि प्लांट को तत्काल हटवाया जाए। वरना लामबंद होकर उग्र आंदोलन किया जाएगा। प्रदर्शन के दौरान एडवोकेट गुरुमेल सिंह राठौड़ ने कहा कि विकासनगर क्षेत्र ग्रीन बेल्ट के अंतर्गत आता है। यहां पर हॉट मिक्स प्लांट लगाया ही नहीं जा सकता। कहा कि हॉट मिक्स प्लांट भीमावाला के पास हरा भरा क्षेत्र है। कहा जिस स्थान पर प्लांट लगाया जा रहा है वहां पर विद्यालय और घनी आबादी है। ऐसे में बस्ती के बीच हॉट मिक्स प्लांट से बहुत ज्यादा काला धुआं निकलता है, जिससे फसल और ग्रामीणों के स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ेगा। कहा यदि शासन और प्रशासन के द्वारा प्लांट को नहीं रुकवाया गया तो पूरा गांव भीमावाला वाला दूषित हो जाएगा। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि प्रशासन के द्वारा प्लांट को बंद नहीं किया गया तो ग्रामीण जिलाधिकारी देहरादून के कार्यालय का घेराव करेंगे। यदि फिर भी प्लांट के कार्य को नहीं रुकवा जाता है तो मुख्यमंत्री आवास का घेराव भी जाएगा। भीमावाला के ग्रामीणों ने कहा कि अवैध रूप से लगाए जा रहे प्लांट के बाहर शांतिपूर्ण तरीके से अपना प्रदर्शन कर रहे थे। ग्रामीणों ने प्लांट के संचालकों पर ग्रामीणों के साथ मारपीट करने का आरोप लगाया है। प्रदर्शन करने वालों में विपिन पंवार, तरुण, बबलू, तरुण, बबली, सुखराम, अमर कुमार, सीमा, सुमित, विक्रम, तासीन, मोहित, वकील, नन्नू आदि शामिल रहे।

## पंचप्रण की शपथ दिलाई

विकासनगर। मेरी माटी मेरा देश आभियान के तहत नगर पंचायत सेलाकुई के जमनपुर में शनिवार को रैली निकाली गई। इसके साथ ही लोगों के घरों से मिट्टी और चावल कलश में एकत्रित कर लोगों को पंच प्रण की शपथ दिलाई गई।

नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी एमएल शाह के नेतृत्व में कर्मचारियों ने स्थानीय जनता के साथ मिलकर एक रैली निकाली जो नगर होते हुए जमनपुर वार्ड में पहुंचीं। रैली में शामिल लोग देश भक्ति के गीतों पर नाच रहे थे। रैली के बाद लोगों के घरों पर जाकर चावल और मिट्टी को एकत्रित किया गया।

# पॉलीथिन उन्मूलन और स्वच्छता का दिया संदेश

ऋषिकेश। नगर निगम ने राजकीय इंटर कॉलेज आईडीपीएल के छात्र–छात्राओं के साथ शनिवार को स्वच्छता अभियान चलाया। विद्यार्थियों और नगर निगम की टीम ने साफ–सफाई कर 80 किलो पॉलीथिन एकत्रित किया। कार्यक्रम के तहत पॉलीथिन उन्मूलन और स्वच्छता का संदेश दिया। कार्यक्रम में पहुंचे नगर आयुक्त राहुल कुमार गोयल ने कहा कि देश में 15 सितंबर से 2 अक्तूबर तक चलाए जा रहे विशेष स्वच्छता अभियान में सभी की सहभागिता अनिवार्य है। देश में डेंगू और अन्य बीमारियां पैर पसार रही हैं। इन बीमारियों की रोकथाम के लिए हमें अपने वातावरण को स्वच्छ रखना होगा। नगर निगम ऋषिकेश के स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर विनोद जुगलान ने कहा कि देश को रोग मुक्त और संस्कार युक्त बनाना है तो वातावरण को स्वच्छ रखना अनिवार्य है।

विद्यालय के प्रधानाचार्य राजीव लोचन सिंह ने कहा कि सभी को स्वच्छता को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाना चाहिए। स्वस्थ्य जीवन के लिए स्वच्छता बेहद जरूरी है।

# स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण 2023 में चयनित श्रेष्ठ 12 ग्राम पंचायतें हुई पुरस्कृत

देहरादून। मुख्य विकास अधिकारी सुश्री झरना कमठान द्वारा आज विकासभवन में आयोजित कार्यक्रम में स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण 2023 के अन्तर्गत जनपद में जनसंख्या श्रेणी के स्व–मूल्यांकन एवं सहकर्मी सत्यापन के आधार पर चयनित श्रेष्ठ 12 ग्राम पंचायतों को पुरस्कृत किया गया। मुख्य विकास अधिकारी ने उपस्थित ग्राम प्रधान एवं अधिकारी कर्मचारियों को स्वचछता की शपथ दिलाई। स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े के अन्तर्गत इस वर्ष की मुख्य थीम कचरा मुक्त भारत को लेकर विगत 02 नवम्बर 2022 से कार्यक्रम गतिमान है जो 02 अक्टूबर 2023 तक संचालित होंगे।

पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी सुश्री झरना कमठान ने कहा कि आज स्वच्छता के क्षेत्र में श्रेष्ठ कार्य करनी वाली 12 ग्राम पंचायतों के ग्राम प्रधानो को अवार्ड दिया गया। उनके कहा कि इससे अन्य ग्राम पंचायतें भी अच्छा कार्य करने हेतु प्रेरित होंगी तथा विभिन्न क्षेत्रों में अच्छा कार्य करेंगी। उन्होंने कहा जनपद में स्वजल भी विभाग की टीम प्रयास कर रही है, तथा समय




पर ग्राम स्तर पर जागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित किये जा रहे है तथा विकासखण्डों में कूड़ा उठान हेतु वाहन दिए गए है। उन्होंने अपेक्षा की है आगे भी अच्छा कार्य होगा। इन ग्राम पंचायतों की तर्ज पर अन्य ग्राम पंचायतें भी अच्छा कार्य करने को प्रेरित होंगी।

कार्यक्रम में ग्राम प्रधान रायगी, रतन सिंह चौहान, ग्राम प्रधान सुजऊसुनिता जोशी (चकराता), ग्राम प्रधान चिटटाड़ सुरमा देवी, ग्राम प्रधान झूसो बाकरौ अनिल तोमर (कालसी), ग्राम प्रधान डाकपत्थर मंजू मोघा, ग्राम प्रधान अंबाड़ी माधुरी (विकासनगर), ग्राम प्रधान खदरी खड़कमाफ संगीता, ग्राम प्रधान रानीपोखरी ग्रान्ट सुधीर रतूड़ी, ग्राम प्रधान बड़कोट सरिता (डोईवाला), ग्राम प्रधान तिलवाड़ी पूर्णिमा नेगी, ग्राम प्रधान भगवानपुर जुलौ दीपक जोशी, ग्राम प्रधान रामपुर भाववाला रमा थापा को स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण 2023 का पुरस्कार दिया गया।

इस अवसर पर निदेशक ग्राम्य विकास अभिकरण विक्रम सिंह, जिला विकास अधिकारी सुशील मोहन डोभाल, अधि0अभि पेयजल निगम कंचन रावत, एडीओ राकेश शर्मा,मनोज कुमार, अनिल कुमार, विशाल तोमर, प्रमेश रावत, मनोज चौहान, स्वजल की समस्त टीम एवं सम्बन्धित अधिकारी एवं कार्मिक उपस्थित रहे।

# हसन ने पहले किया मांकड़िंग फिर कप्तान लिटन ने बुलाया वापस



नई दिल्ली, बांग्लादेश और न्यूजीलैंड के बीच दूसरा वनडे शनिवार, 23 सितंबर को मीरपुर के शेर–ए–बांग्ला नेशनल क्रिकेट स्टेडियम में खेला गया। न्यूजीलैंड ने बांग्लादेश को 86 रन से धूल चटाई। बांग्लादेश की पूरी टीम 41.1 ओवर में 168 रन बनाकर सिमट गई। जितना न्यूजीलैंड की चर्चा है, वहीं इससे ज्यादा ईश सोढ़ी का रन आउट मामले महफिल लूट ले गया। न्यूजीलैंड के कप्तान लॉकी फर्ग्यूसन ने टॉस जीता और पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। कीवी टीम ने 49.2 ओवर में 254 रन बनाए। न्यूजीलैंड की पारी के दौरान हसन महमूद ने नॉन–स्ट्राइकर एंड पर ईश सोढ़ी को रन आउट किया। थर्ड अंपायर ने चेक किया और आउट दे दिया।

सोढ़ी ने हसन को लगाया गले

इस बीच, जब सोढ़ी बाहर जाने लगे तो बांग्लादेश के कप्तान लिट्टन दास और हसन महमूद ने उन्हें वापस बुलाया। दिल छू लेने वाले पल में सोढ़ी को अंत में हसन को गले लगाते देखा गया। इस दोनों टीमों की खेल भावना ने क्रिकेट प्रेमियों का दिल जीत लिया। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल रहा है।

**ऐसी रही मैच की कहानी**

बता करें मैच की तो टॉस जीतकर न्यूजीलैंड को पहले बल्लेबाजी करने का फैसला एक समय उल्टा पड़ता दिख रहा था। मुस्तफिजुर रहमान ने तीसरे ओवर में सलामी बल्लेबाज विल यंग को शून्य पर आउट किया। इसके फिन एलन 12 रन बनाकर आउट हो गए। खालिद अहमद ने आठवें ओवर में बोवेस को वापस पवेलियन भेज दिया।

इस बीच, हेनरी निकोल्स और टॉम ब्लंडेल ने न्यूजीलैंड की पारी को संभाला। निकोलस ने 61 गेंद में 49 रन बनाए जबकि विकेटकीपर–बल्लेबाज ब्लंडेल ने 66 गेंद में 68 रन बनाए। बाद में, ईश सोढ़ी ने 39 गेंद में 35 रन बनाए, जिसमें तीन छक्के शामिल थे। महेदी हसन बांग्लादेश के लिए 45 रन बनाकर 3 विकेट लिए। हसन के अलावा खालिद अहमद ने भी तीन विकेट लिए। मुस्तफिजुर रहमान ने दो विकेट लिए जबकि हसन महमूद और नसुम अहमद ने एक–एक विकेट लिया।

# गौतम गंभीर ने की भविष्यवाणी



नई दिल्ली, वर्ल्ड कप की उल्टी गिनती शुरू हो चुकी है। 12 साल बाद भारत विश्व कप की मेजबानी करने जा रहा है। 5 अक्टूबर से इस मेगा इवेंट का आगाज होना है और टूर्नामेंट के पहले मैच में डिफेंडिंग चैंपियन इंग्लैंड की भिड़ंत न्यूजीलैंड के साथ होनी है। वर्ल्ड कप भारत में खेला जाना है, ऐसे में टीम इंडिया को खिताब का प्रबल दावेदार भी माना जा रहा है।भारतीय टीम की ओर से कप्तान रोहित शर्मा, विराट कोहली और जसप्रीत बुमराह को उन खिलाड़ियों के तौर पर देखा जा रहा है, जो इस विश्व कप में अपने धांसू प्रदर्शन से चार चांद लगा सकते हैं। हालांकि, भारत के पूर्व बल्लेबाज गौतम गंभीर का मानना है कि 50 ओवर के विश्व कप में असली महफिल पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम लूटेंगे।

बाबर का होगा राज

गौतम गंभीर से जब स्टार स्पोर्ट्स के शो पर एक प्लेयर का नाम पूछा गया, जो उनके हिसाब से वर्ल्ड कप 2023 में अपनी प्रदर्शन से रंग जमा सकता है। इसके जवाब में गंभीर ने बाबर आजम का नाम लिया। उन्होंने कहा, "बाबर आजम। मुझे लगता है कि बाबर आजम के पास हर तरह की क्वालिटी है, जिसके दम पर वह वर्ल्ड कप में धांसू प्रदर्शन कर सकते हैं। बहुत कम ही ऐसे खिलाड़ी मैंने देखे हैं, जिनके पास बल्लेबाजी के लिए इतना वक्त है। मेरा मानना है कि जरूर रोहित शर्मा, विराट कोहली, डेविड वॉर्नर, केन विलियमसन, जो रूट हैं, लेकिन बाबर आजम के पास अलग लेवल की क्वालिटी है।"

**वनडे में नंबर वन बाबर**

वनडे क्रिकेट में बाबर आजम दुनिया के नंबर वन बल्लेबाज हैं। बाबर ने इस फॉर्मेट में पिछले दो साल से नंबर एक की कुर्सी पर कब्जा कर रखा है। हालांकि, एशिया कप 2023 में बाबर का प्रदर्शन उम्मीद के मुताबिक फीका रहा था। नेपाल के खिलाफ खेली गई 151 रन की पारी को छोड़कर पाकिस्तान के मौजूदा कप्तान बल्ले से खास कमाल नहीं दिखा सके थे।

# "बल्लेबाज का अर्धशतक देख खौफ में आया ऑस्ट्रेलियाई खेमा



नई दिल्ली,ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भारत ने पहले वनडे में केएल राहुल की कप्तानी में शानदार जीत हासिल है। ऐसे में गेंद से शमी ने कहर बरपाया है।

चार बल्लेबाजों ने जड़े अर्धशतक–

बल्ले से भारत के चार बल्लेबाजों ने अर्धशतक जड़े। इस बीच वर्ल्ड कप से पहले सूर्याकुमार यादव ने भी वनडे में शानदार अर्धशतक जड़ा। सूर्यकुमार यादव के अर्धशतक की जमकर तारीफ की जा रही है। अब इस कड़ी में वीरेंद्र सहवाग ने सूर्यकुमार यादव की जमकर सराहना की है।

सहवाग ने की तारीफ–

सहवाग ने अपने एक्स हैंडल पर लिखा कि "सूर्यकुमार यादव के लिए खुश हूं। बहुत से खिलाड़ियों के पास इस तरह से खेलने की क्षमता नहीं है, जो स्काई (सूर्यकुमार) के पास है। और उनके पास निश्चित रूप से सामने वाली टीम में डर पैदा करने का खेल है। हमने उन्हें इस तरह से समर्थन दिया और मुश्किल समय में उनके साथ बने रहे, वे हमारे लिए काफी फायदेमंद साबित होंगे। भारत को बधाई।"

# कुलदीप यादव से तुलना करने पर इंजमाम का मजेदार जवाब, कहा— अपने स्पिनर्स पर है भरोसा

नई दिल्ली, पाकिस्तान ने शुक्रवार को वनडे वर्ल्ड कप के लिए अपनी 15 सदस्यीय टीम की घोषणा की। नसीम शाह के बाहर होने पर तेज गेंदबाज हसन अली को टीम में शामिल किया गया है। शाहीन अफरीदी और हारिस रऊफ पहले से ही 15 सदस्यीय टीम में हैं। पाकिस्तान क्रिकेट के मुख्य चयनकर्ता इंजमाम–उल–हक ने 22 सितंबर, 2023 को लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान विश्व कप टीम की घोषणा की। पाकिस्तान एक मजबूत स्क्वाड का दावा कर रहा है। वहीं, उनके स्पिनरों का हालिया फॉर्म टीम प्रबंधन के लिए चिंता का विषय होगा। शादाब खान और मोहम्मद नवाज की स्पिन जोड़ी एशिया कप में छाप छोड़ने में नाकाम रही, लेकिन टीम ने भारत में विश्व कप के लिए इन दोनों खिलाड़ियों पर अपना भरोसा जताया है।

कुलदीप यादव से की तुलना

टीम की घोषणा की प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान, एक रिपोर्टर ने इंजमाम से दोनों के फॉर्म के बारे में पूछा और उनके प्रदर्शन की तुलना भारत के कुलदीप यादव से की, जिन्होंने न केवल पाकिस्तान के खिलाफ सुपर 4 गेम में 5 विकेट लिए, बल्कि एशिया में सीरीज के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी भी बने।

'वह दूसरी टीम के लिए खेलते हैं'

रिपोर्टर ने स्पिनरों की तुलना करने का प्रयास किया,



लेकिन इंजमाम ने जवाब में एक मजेदार वन–लाइन कहा, जिससे पूरा कमरा हंस पड़ा। इंजमाम ने कहा, "आपने एकदम सही आंकड़े निकाले हैं, पर कुलदीप यादव का चयन नहीं कर सकता। वह दूसरी टीम के लिए खेलते हैं।"

शादाब और नवाज को चुनने के फैसले के बारे में बताते हुए इंजमाम ने कहा कि टीम को इन दोनों से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद है और उन्होंने आगे कहा कि टीम में तीसरे स्पिनर के रूप में उसामा मीर भी हैं।

बता दें कि पाकिस्तान विश्व कप के दो अभ्यास मैचों में हिस्सा लेगा, जिसमें पहला मैच 27 सितंबर को हैदराबाद में न्यूजीलैंड के खिलाफ होगा। भारत और पाकिस्तान के बीच अहम मुकाबला 14 अक्टूबर को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में होगा।

## फिल्मी दुनियां

# अधूरी शूटिंग के चलते टली प्रभास की फिल्म कल्कि 2898 एडी की रिलीज ?

नाग अश्विन के निर्देशन में बन रही फिल्म कल्कि 2898 एडी पिछले काफी समय से अपनी रिलीज को लेकर सुर्खियों में बनी हुई है।बीते दिनों सैन डिएगो में हुए कॉमिक–कॉन इवेंट में फिल्म का टीजर जारी किया गया था तो अब इसकी रिलीज तारीख आगे बढने् की बात सामने आ रही थी।अब हाल ही में निर्देशक ने बताया कि अभी फिल्म की कुछ शूटिंग बाकी है।हालांकि, उन्होंने इसकी रिलीज तारीख आगे बढने् की पुष्टि नहीं की है।

अश्विन ने फिल्म को कॉमिक कॉन में मिली प्रतिक्रिया के साथ ही इसकी रिलीज को लेकर बात की।दरअसल, निर्देशक हैदराबाद में आयोजित एक कार्यक्रम में पहुंचे थे, जहां उन्होंने बताया कि अभी भी फिल्म की थोड़ी सी शूटिंग बाकी है और वह जल्द ही शूटिंग शुरू करने वाले हैं।निर्देशक का कहना था कि फिलहाल वह अपना पूरा ध्यान कल्कि 2898 एडी के फिल्मांकन पर ही दे रहे हैं।



अश्विन ने कॉमिक–कॉन इवेंट में फिल्म के टीजर को जारी करने पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि उनका अनुभव बहुत ही शानदार रहा।उन्होंने बताया कि वह प्रभास अभिनीत इस भारतीय फिल्म को कॉमिक–कॉन में ले जाने का चाहते थे।वहां लगभग 5–6 हजार लोगों के सामने फिल्म की झलक दिखाई गई, जो उन्हें थोड़ा बहुत भी नहीं जानते थे।ऐसे में जब उन लोगों को पहली झलक पसंद आई तो वे सभी काफी खुश हो गए थे। क्या है रिलीज को लेकर निर्देशक का कहना? रिपोर्ट के अनुसार, निर्माता अश्विनी दत्त ने फिल्म की रिलीज अगले साल 12 जनवरी से आगे बढ़ाकर 9 मई करने का निर्णय लिया था।कहा जा रहा था कि यह फैसला वीएफएक्स के चलते लिया गया है।जब निर्देशक से इस बारे में पूछा तो उन्होंने कहा, मुझे कुंडली और कुछ नक्षत्र स्थितियों की जांच करनी होगी और तब जाकर हमें इस बारे में पता चल पाएगा।अब निर्देशक के जवाब के बाद भी रिलीज को लेकर संशय बरकरार है। 600 करोड़ रुपये के बजट में बनी कल्कि 2898 एडी भारतीय सिनेमा की सबसे महंगी फिल्मों में से एक है।इस फिल्म में प्रभास और दीपिका पादुकोण पहली बार नजर आएंगे तो अमिताभ बच्चन और कमल हासन भी इसका हिस्सा हैं।इस फिल्म को 2 भागों मे रिलीज करने की बात कही जा रही है तो यह एक साथ कई भाषाओं में आएगी।

## राम पोथिनेनी की फिल्म स्कंद का कल्ट मामा गाना रिलीज

स्कंदा के निर्माताओं ने हाई–एनर्जी ट्रैक कल्ट मामा जारी किया है, जिसमें राम पोथिनेनी और श्रीलीला के साथ–साथ डांसिंग सेंसेशन, उर्वशी रौतेला भी शामिल हैं। संगीत उस्ताद थमन द्वारा रचित और हेमा चंद्रा, राम्या बेहरा और माहा की प्रतिभाशाली तिकड़ी द्वारा प्रस्तुत, यह गीत राम और उर्वशी के विद्युतीकरण नृत्य का एक शानदार मिश्रण है। राम का रग्ड लुक इस जोशीले ट्रैक में उर्वशी की चमकदार उपस्थिति से पूरी तरह मेल खाता है, जो हर किसी की प्लेलिस्ट में पसंदीदा बनने के लिए तैयार है।फिल्म के स्टार कलाकारों में सई माजरेकर, प्रिंस सेसिल, गौतमी, इंद्रजा, राजा, श्रीकांत मेका, शरथ लोहिताश्व और अन्य भी महत्वपूर्ण भूमिका में हैं। इस बड़े बजट की अखिल भारतीय परियोजना का निर्माण श्रीनिवास सिल्वर स्क्रीन के असाधारण श्रीनिवास चित्तूरी द्वारा किया गया है।

# फिल्म यारियां 2 का नया गाना ऊंची–ऊंची दीवारें जारी

दिव्या खोसला कुमार पिछले कुछ दिनों से अपनी फिल्म यारियां 2 को लेकर चर्चा में हैं। इसमें मीजान जाफरी, यश दासगुप्ता, अनास्वरा राजन, वरीना हुसैन और प्रिया प्रकाश वरियर और पर्ल वी पुरी जैसे कलाकार भी हैं। अब निर्माताओं ने यारियां 2 का नया गाना ऊंची ऊंची दीवारें जारी कर दिया है, जिसे अरिजीत सिंह ने गाया है। इस गाने के बोल मनन भारद्वाज ने लिखे हैं। इन्होंने ही ऊंची ऊंची दीवारें के लिए संगीत तैयार किया है।टी–सीरीज ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर ऊंची ऊंची दीवारें गाना साझा करते हुए कैप्शन में लिखा, वे अपनी प्रेम कहानी के साथ यहां हैं। क्या आप पहली नजर के



प्यार के जादू का अनुभव करने के लिए तैयार हैं? अरिजीत सिंह की अतुलनीय आवाज में ऊंची ऊंची दीवारें जारी।यह फिल्म 20 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।यारियां 2 2014 में आई फिल्म यारियां का सीक्वल है। इस फिल्म में हिमांशु कोहली और रकुल प्रीत सिंह ने मुख्य भूमिका निभाई थी। दोनों की जोड़ी को दर्शकों ने काफी पसंद किया था। वहीं, इस फिल्म का निर्देशन दिव्य खोसला कुमार ने किया था, जो दूसरे भाग में खुद अभिनय करती नजर आएंगी। पहले पार्ट की अपार सफलता के बाद यारियां का सीक्वल आ रहा है।

# चिरंजीवी की मेगा157 का हिस्सा बनीं मृणाल ठाकुर



मृणाल ठाकुर को पिछली बार लस्ट स्टोरी 2 में देखा गया था, जो नेटफ्लिक्स पर उपलब्ध है।आने वाले दिनों में मृणाल पूजा मेरी जान, आंख मिचौली और पिप्पा जैसी हिंदी फिल्मों में नजर आएंगी।इसके अलावा उनकी झोली में कई तेलुगु फिल्में भी हैं, जिसमें नानी की हाय नन्ना और वरुण तेज की मटका शामिल हैं।अब मृणाल के हाथ एक और बड़ी फिल्म लग गई है, जिसमें वह सुपरस्टार चिरंजीवी के साथ रोमांस करती नजर आएंगी।


रिपोर्ट्स अनुसार, मृणाल सुपरस्टार चिरंजीवी की मेगा157 का हिस्सा बन गई हैं। निर्माताओं ने मृणाल से संपर्क साधना शुरू कर दिया है।इसका निर्देशन वशिष्ठ द्वारा किया जाएगा, जिन्होंने बिंबिसार के साथ अपने निर्देशन की शुरुआत की थी।मेगा 157 यूवी क्रिएशन के बैनर तले और वी वामसी कृष्णा रेड्डी, प्रमोद उप्पलपति और विक्रम रेड्डी द्वारा बड़े पैमाने पर बनाई जाएगी।मेगा157 के लिए मृणाल ने 4 करोड़ रुपये लिए हैं।

# गोरी मेम ने छोड़ा देसी अवतार, अब कैमरे के सामने लगाया सिजलिंग अदाओं का तडक़ा

सौम्या टंडन पिछले कुछ समय से किसी शो का हिस्सा नहीं बनीं, लेकिन इसके बावजूद एक्ट्रेस लगातार लाइमलाइट में बनी हुई हैं. इसकी वजह है उनके सिजलिंग लुक्स. एक्ट्रेस अपने सोशल मीडिया पेज के जरिए फैंस के साथ जुड़ी रहने के लिए लगभग हर दिन अपना नया अवतार शेयर कर देती हैं. अब फिर से उन्होंने ग्लैमरस अदाएं दिखाते हुए नया लुक शेयर किया है. इस बार एक्ट्रेस बेहद हॉट दिख रही हैं.

भाभी जी घर पर हैं से घर–घर में मशहूर हुईं सौम्या के चाहने वाले उनकी एक झलक देखने के लिए बेताब रहते हैं. अब फैंस एक्ट्रेस ने फिर फैंस के साथ अपना नया लुक शेयर कर दिलों की धडक़नें बढ़ा दी हैं.

लेटेस्ट फोटोशूट के लिए सौम्या ने ब्लू वन शोल्डर थाई हाई स्लिट सिल्क गाउन कैरी



किया है. एक्ट्रेस इस लुक को इतने सिजलिंग अंदाज में कैमरे के सामने फ्लॉन्ट किया है कि हर किसी की नजरें उन पर टिकी रह गई हैं.

सौम्या ने अपने इस लुक को सटल बेस, न्यूड रेड लिप्स और न्यूड आई मेकअप से कंप्लीट किया है. इसके साथ उन्होंने अपने बालों को ओपन रखा है.

एक्ट्रेस इस लुक में इतनी हॉट दिख रही हैं कि कोई अंदाजा भी नहीं लगा सकता कि एक्ट्रेस शादीशुदा ही नहीं, बल्कि एक बच्चे की मां भी हैं. आज भी सौम्या ने खुद को बहुत फिट रखा हुआ है.

दूसरी ओर सौम्या टंडन के वर्क फ्रंट की बात करें तो एक्ट्रेस को पिछली बार भाभी जी घर पर हैं में ही देखा गया था. इसके बाद से ही एक्ट्रेस ने किसी प्रोजेक्ट के लिए साइन नहीं किया है. हालांकि, सौम्या के चाहने वाले उन्हें पर्दे पर देखने के लिए बहुत बेताब हैं. फिलहाल एक्ट्रेस ने अपने अगले प्रोजेक्ट का ऐलान नहीं किया है.

**जयन्त**

**संस्थापक**
**नरेन्द्र उनियाल**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक और
**सम्पादक**
**नागेन्द्र उनियाल**
द्वारा जयन्त प्रकाशन
डिग्री कॉलेज रोड़,
जौनपुर कोटद्वार गढ़वाल
(उत्तराखण्ड) से मुद्रित
तथा जयन्त कार्यालय
चन्द्रसिंह गढ़वाली मार्ग,
गैरसैंण, जनपद चमोली
उत्तराखण्ड से प्रकाशित
RNI No.UTTHIN/2005/16338